अतः मैं आपसे विनम्रतापूर्वक यह आग्रह करना चाहता हूं कि आप इस विषय पर गंभीरता से विचार करें और इसके लिए प्रतिबद्ध योजना लागू करें, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Zero Hour mention made by hon. Member, Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade:

Dr. Anil Sukhdeorao Bonde (Maharashtra), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Shri Subhasish Khuntia (Odisha), Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh), Shri Chunnilal Garasiya (Rajasthan), Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat), Shri Rambhai Harjibhai Mokariya (Gujarat), Dr. Meenakshi Jain (Nominated), Dr. Bhim Singh (Bihar), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Dorjee Tshering Lepcha (Sikkim), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shrimati Sudha Murty (Nominated), Shri S. Selvaganabathy (Puducherry), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarat), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Shambhu Sharan Patel (Bihar) and Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat).

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Nabam Rebia.

Demand for Implementation of M. P. Bezbaruah Committee recommendations to curb racial discrimination against people from North East Region

SHRI NABAM REBIA (Arunachal Pradesh): Thank you, Sir, for allowing me to raise an important issue of the North East Region. The issue is slightly sensitive. In 2014, Nido Tania, a bright student of Delhi University, was beaten to death in Lajpat Nagar. Recently, only last month, one more student, Anjel Chakma, was also killed in Dehradun. In Malaviya Nagar, three of our girls from Arunachal Pradesh, who were

Contents Page

preparing for UPSC service, were racially discriminated. They were accused of working in beauty parlours whereas these students were preparing for the UPSC. Now, Sir, let us assume, if a girl works in a beauty parlour, what is wrong in it? Why should only wrong motives be attributed to it? Why should any cheap motive, wrong motive be attributed to it? There is a need to check all this racial discrimination in the country, to check the elements which disturb the people of the North East. Our looks are slightly different. Our Mongolian look is always confusing the people.

Sir, the M.P. Bezbaruah Report has been submitted to the Ministry after the Nido Tania incident. Has the Ministry acted upon the Report of M.P. Bezbaruah? I urge upon the Government to act upon the Report submitted by the Bezbaruah Committee. On top of that, stringent laws are necessary to curb this. Not only in the North East, but across the entire country, any type of racial discrimination should be dealt with. Therefore, I have to put forward certain suggestions to the Government. One thing, in the C.B.S.E. and N.C.E.R.T. books, there should be some lesson about the North East Region. There are eight North Eastern States today. Today, our hon. M.P. from Sikkim initiated the Zero Hour discussion. Apart from Sikkim, we have seven more States in the North East. Why do people of the other parts of the country still not know about the North East? A class two student of the North East, particularly from my State, Arunachal Pradesh, knows about the country. But why in other parts of the country, Arunachal is still not known?

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI NABAM REBIA: I have been a student of Delhi University.

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, the entire House is sharing your concern with a lot of sympathy and concern. Please conclude.

SHRI NABAM REBIA: I am concluding, Sir. Number one, in the N.C.E.R.T. books, there should be a mention about the North East. Special recruitment of the North East youth should be done in Police. Senior officers should be posted all over the country. Racial discrimination cases should be tried on a time-bound basis. Massive awareness about the North East Region should be made. And amendment of...

MR. CHAIRMAN: Time is over. The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Nabam Rebia:

Contents Page

Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Manan Kumar Mishra (Bihar), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Chunnilal Garasiya (Rajasthan), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), Shri Ghanshyam Tiwari (Rajasthan), Dr. K. Laxman (Uttar Pradesh), Shri Surendra Singh Nagar (Uttar Pradesh), Shri Neeraj Shekhar (Uttar Pradesh), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shrimati Rekha Sharma (Haryana), Shrimati Jaya Amitabh Bachchan (Uttar Pradesh), Shri Baburao Golla (Andhra Pradesh), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Ratanjit Pratap Narayan Singh (Uttar Pradesh), Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland), Shrimati Sudha Murty (Nominated), Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Dr. Bhim Singh (Bihar), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Kesridevsinh Jhala (Gujarat), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Shri Sanjay Yadav (Bihar) and Shri Devendra Pratap Singh (Chhattisgarh).

Now, Shriman Akhilesh Prasad Singh.

Demand for setting up industrial townships in Bihar under Amritsar-Delhi-Kolkata Industrial Corridor

श्री अखिलेश प्रसाद सिंह (बिहार): चेयरमैन सर, मैं सदन का ध्यान बिहार की तात्कालिक और लंबे समय से लंबित विकास आवश्यकताओं की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, विशेषकर औद्योगीकरण के क्षेत्र में, जो राज्य के विकास की सबसे कमजोर कड़ी बना हुआ है। बिहार का औद्योगीकरण राष्ट्रीय औसत से काफी पीछे है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था में गहरा असंतुलन दिखाई देता है। बिहार में मैन्युफैक्चरिंग का हिस्सा राष्ट्रीय औसत का आधा से भी कम है, जो कमजोर औद्योगिक आधार को दर्शाता है। लगभग नौ प्रतिशत आबादी होने के बावजूद, बिहार देश की जीडीपी में केवल तीन परसेंट योगदान देता है और उसका कुल औद्योगिक निवेश का एक परसेंट से भी कम हिस्सा है। बिहार में देश की कुल फैक्ट्रियों का केवल लगभग 1.3 परसेंट हिस्सा है और औद्योगिक रोजगार भी बहुत कम है, जबकि तमिलनाडु और गुजरात जैसे राज्यों में इससे 10 गुना अधिक फैक्ट्रियाँ हैं। इसका असर लोगों की आय और रोजगार पर दिखता है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय लगभग 66,000 रुपए है, जबकि राष्ट्रीय औसत दो लाख रुपए से अधिक है। रोजगार के अवसर कम होने के कारण हर साल 20 लाख से अधिक लोग काम की तलाश में राज्य से बाहर जाते हैं। कुल मिलाकर, बिहार की अर्थव्यवस्था सेवा क्षेत्र पर ज्यादा निर्भर है, जबकि मजबूत उद्योगों की कमी है, इसलिए वहां विशेष औद्योगिक नीतियों और निवेश की जरूरत है। ऐसे में अमृतसर-दिल्ली-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (ADKIC) बिहार के लिए एक बड़ा अवसर दिखता है। इसके तहत, बिहार में 5 से 6 एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप (IMCs) बनाने की तत्काल जरूरत है, जिससे राज्य में उद्योग बढ़ेंगे और पूर्वी भारत का संतुलित विकास होगा। बिहार इस कॉरिडोर के पूर्वी हिस्से में महत्वपूर्ण स्थान पर है और वह पूर्वी व उत्तर-

Contents Page

पूर्वी भारत के लिए एक प्रवेश द्वार की तरह काम कर सकता है। इन औद्योगिक टाउनशिप्स से बेहतर सड़क, रेल, बिजली और बाजार की सुविधा मिलेगी, जिससे उद्योग लगाना आसान होगा।

बिहार में इन टाउनशिप्स को अलग-अलग जिलों में विकसित किया जाना चाहिए। जैसे, गया एयर कनेक्टिविटी और टूरिज्म के कारण एक उचित जगह है, साथ ही वह मैन्युफैक्चरिंग और फूड प्रोसेसिंग के लिए भी उपयुक्त जगह है। उसी तरह से, जमुई में खनिज संसाधनों की उपलब्धता है, इसलिए मिनरल आधारित उद्योग और MSMEs के लिए वह एक अच्छा क्षेत्र है। भागलपुर सिल्क (रेशम) के लिए प्रसिद्ध है, इसलिए उसे टेक्सटाइल हब के रूप में विकसित किया जा सकता है। मुंगेर औद्योगिक परंपरा और गंगा जलमार्ग के पास होने के कारण इंजीनियरिंग और फूड प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त जगह है। लखीसराय तथा अन्य दूसरे जिलों में भी हम लोग इसको सेटअप कर सकते हैं। इन जिलों में उद्योग लगाने से पूरे राज्य में संतुलित विकास होगा और विकास केवल कुछ क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं रहेगा। हर एक औद्योगिक टाउनशिप से लगभग एक से डेढ़ लाख रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। ऐसे में, यदि केंद्र सरकार बिहार में 5-6 एकीकृत मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (IMCs) के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करती है, तो यह विशेष श्रेणी राज्य की मांग से जुड़ी जनता की अपेक्षाओं को काफी हद तक पूरा कर सकती है, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shri Akhilesh Prasad Singh:

Shri Pramod Tiwari (Rajasthan), Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Dr. John Brittas (Kerala), Dr. Sasmit Patra (Odisha) and Shri Niranjan Bishi (Odisha).

Now, Shrimati Jaya Amitabh Bachchan.

Concern over the growing menace of VIP culture and inconvenience to the public in the country

SHRIMATI JAYA AMITABH BACHCHAN (Uttar Pradesh): Sir, I am very glad that today you have given protection to Lepcha *ji*. We are hoping the same for the rest of us, especially the other smaller parties. I will include this attitude to my subject of 'VIP culture' that is very prevalent today.

Sir, VIP culture has become a malaise in the society, especially in the national capital. We have witnessed a growing phenomenon where movement of VIPs, be it politicians or high-ranking officials or dignitaries, leads to severe inconvenience for

Contents Page

the common tax-paying people. The roadblocks and traffic diversions, ostensibly for the safety and convenience of these VIPs, have become a major source of disruption for daily lives of countless citizens. This disruptive and often detrimental VIP culture prevails, especially in the national capital. One has travelled all over the world but has never faced this. One has seen many VIPs and cavalcades going, but they never stop people on the street. The other day, the MPs of this House who leave from Shardul Gate were stopped. The main door was locked because there was a VIP movement. I have never faced such humiliation in the last 22 years of mine in this Parliament. We are not a threat to any of the VIPs, especially, the political lot. There are some roads where political bigwigs are living and they are blocked. It is impossible for us to come to Parliament. We have to wait for half an hour. We have to time our departure from the House to attend Parliament on time. So many times I have been delayed because of this. Sir, on the farewell party, it took me one hour to reach there! One hour because there was a VIP movement! Every citizen was angry. I am telling you, Sir, if this is not corrected, there will be road rage. It is so difficult when I am stuck in traffic. Ambulances are being stopped. ...*(time-bell)*... Sir, you are in a very generous mood today.

MR. CHAIRMAN: You have to conclude, Madam.

SHRIMATI JAYA AMITABH BACHCHAN: We need your protection. We are Members of this House of Parliament and cannot be humiliated the way we were the other day. Sir, please speak to the Government — you are the Vice-President of this country — that this culture has to stop in order to give dignity to the taxpayers of this country who have brought us into this House today. Thank you very much.

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shrimati Jaya Amitabh Bachchan:

Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Dr. John Brittas (Kerala), Shri Pramod Tiwari (Rajasthan), Prof. Manoj Kumar Jha (Bihar), Shri Rajeev Shukla (Chhattisgarh), Shri Narain Dass Gupta (National Capital Territory of Delhi), Prof. Ram Gopal Yadav (Uttar Pradesh), Shri Javed Ali Khan (Uttar Pradesh), Shri Ajit Kumar Bhuyan (Assam), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh) and Shri Sanjay Yadav (Bihar).

Shrimati Rajani Ashokrao Patil.

Contents Page

Concern over exorbitant school fees imposing financial burden on common families

SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL (Maharashtra): Hon. Chairman, Sir, I rise today to raise a matter of urgent public importance -- the uncontrolled and ever-increasing fee structure in private schools across our country, which is putting unbearable pressure on lakhs of middle-class and lower-middle-class families.

Sir, education is not a luxury; it is a fundamental right. Yet, today, for many parents, educating their children in so-called 'good schools' has become a financial burden, bordering on distress. Every year, we witness arbitrary fee hikes by private schools, often without any transparency or justification. Along with tuition fees, parents are compelled to pay various additional charges such as 'development fees', 'activity charges', 'smart class fees', and are even forced to purchase books and uniforms from selected vendors at inflated prices.

Sir, this reflects the growing commercialization of education, which goes against the very spirit of our Constitution. I would like to remind this august House that under the visionary leadership of UPA Government, the landmark Right to Education Act, 2009, was enacted. It ensured that 25 per cent of seats in private schools are reserved for children from Economically Weaker Sections, providing them free and compulsory education. This was a historic step towards inclusive and equitable education. However, today, we are witnessing a situation where, on the one hand, that spirit of inclusivity is weakening and, on the other hand, the remaining 75 per cent of parents are being subjected to unchecked financial burden. Sir, while some States have enacted fee regulation laws, their implementation remains weak and inconsistent. There is an urgent need for a strong, transparent and uniform regulatory mechanism to monitor and control school fees across the country.

MR. CHAIRMAN: Digvijaya Singhji, please pay your attention to the Member's submission.

SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL: Sir, I urge the Government to ensure strict regulation of fee hikes; mandate full transparency in school finances; curb hidden and compulsory charges; protect the rights and interests of parents and students. If we fail to act now, quality education will become the privilege of a few rather than the right of every child. Education must empower; it should not impoverish families. Thank you.

Contents Page

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Shrimati Rajani Ashokrao Patil:

Shri Imran Pratapgarhi (Maharashtra), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. John Brittas (Kerala), Shri Ajit Kumar Bhuyan (Assam), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri Sanjay Yadav (Bihar), Shrimati Jaya Amitabh Bachchan (Uttar Pradesh), Shri Subhasish Khuntia (Odisha), Shri Anil Kumar Yadav Mandadi (Telangana), Shri Neeraj Dangi (Rajasthan), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shri P. Wilson (Tamil Nadu),Shrimati Mahua Maji (Jharkhand) and Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra).

Now, Shriman Brij Lal.

Demand for issuance of Scheduled Caste certificates to Hindu Julaha/Koli community in Meerut and Saharanpur divisions of Western Uttar Pradesh

श्री बृज लाल (उत्तर प्रदेश): सभापति महोदय, मैं आपके समक्ष एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूँ, जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मंडल और मेरठ मंडल से संबंधित है। मैं सुधा मूर्ती जी का बहुत-बहुत आभारी हूँ कि इन्होंने भगवान बुद्ध की अस्थियों के बारे में बात उठाई है। मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूँ कि मेरा घर सिद्धार्थ नगर में है, जो वहां से मात्र पाँच किलोमीटर की दूरी पर है। कोरी-कोली का जो इतिहास है, वह सीधे बौद्ध काल से जुड़ा हुआ है। महोदय, नेपाल से एक नदी निकलती है, जिसका नाम रोहिणी नदी है। रोहिणी नदी के पूरब की ओर दो साम्राज्य थे - कोलीय वंश और मल्ल वंश, तथा पश्चिम की ओर शाक्य वंश था, जिसमें भगवान गौतम बुद्ध का जन्म हुआ।

महोदय, कोलीय वंश का मुख्य कार्य कपड़ा बुनना था और गौतम बुद्ध के नाना महाराज अंजन स्वयं कोलीय वंशी थे। गौतम बुद्ध की माता महामाया जी और उनकी पत्नी यशोधरा भी कोलीय वंशी थीं, जिन्हें आज कोरी और कोली कहा जाता है। क्योंकि वे कोलीय वंशी थे, इसलिए पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में कपड़ा बुनने का कार्य प्रचलित रहा, लेकिन औरंगजेब के कार्यकाल में यह कहा गया कि यदि कपड़े का काम करना है, तो इस्लाम स्वीकार करना होगा। जिन लोगों ने इस्लाम स्वीकार किया, वे जुलाहा कहलाए, जो आज अंसारी कहलाते हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसी कोरी समाज के लोग अपने को हिंदू जुलाहा कोरी लिखते हैं।

महोदय, 24 जुलाई, 1977 के पहले तक पूरे प्रदेश में कोरी समाज अनूसूचित जाति में आता था, लेकिन आगरा मंडल, मेरठ मंडल, रुहेलखंड मंडल में इनको ओबीसी माना जाता था। 24 जुलाई,1977 को भारत सरकार ने निर्णय लिया और पूरे प्रदेश में कोरी समाज, कोलीय समाज को कहा गया कि ये अनुसूचित जाति के हैं, लेकिन एक सरकार आई, जो अपने को दलितों का मसीहा कहती है, उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विशेषकर सहारनपुर और मेरठ मंडल में जो

Contents Page

कोरी समाज के हिंदू जुलाहा कोरी लिखते थे, उनको अनुसूचित जाति का सर्टिफिकेट देना बंद कर दिया, जिसकी वजह से आज कोरी समाज के पास न अपना कपड़े का पेशा रहा और जो उन्होंने बौद्ध काल से पहले खेती की थी, न ही वह रही। मैं गौरवान्वित था कि मैं भी कोली समाज का हूं, कोलीय वंशी हूं।

महोदय, आज मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरठ और सहारनपुर मंडल के जो हिंदू जुलाहा कोरी हैं, जो अनुसूचित जाति के सर्टिफिकेट से वंचित हैं, उनको अनुसूचित जाति का सर्टिफिकेट मिलना चाहिए। यह बड़ा महत्वपूर्ण मामला है। औरंगजेब के समय से इनको वंचित किया गया, तो आज स्वतंत्र भारत में उनको इससे वंचित नहीं होना चाहिए। आपके माध्यम से मेरी मांग है कि इनको अनुसूचित जाति का सर्टिफिकेट मिलना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the issue raised by the hon. Member, Shri Brij Lal:

Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shri Govindbhai Laljibhai Dholakia (Gujarat), Shrimati Ramilaben Becharbhai Bara (Gujarat), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Surendra Singh Nagar (Uttar Pradesh), Dr. Laxmikant Bajpayee (Uttar Pradesh), Shrimati Sudha Murty (Nominated), Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh), Shri Sanjay Seth (Uttar Pradesh), Dr. Sikander Kumar (Himachal Pradesh), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Shambhu Sharan Patel (Bihar) and Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat).

Now, Shri Raghav Chadha.

Concern over non-availability of data rollover and poor data connectivity by telecom operators

श्री राघव चड्ढा (पंजाब): सभापति महोदय, भारत के भोले-भाले मोबाइल फोन यूजर्स पर कैसे रोज अन्याय किया जा रहा है, उसको एक्सपोज़ करने के लिए आज मैं सदन में खड़ा हुआ हूं। सर, जब एक यूज़र अपना मोबाइल फोन रिचार्ज कराता है, तो उसे अपने रिचार्ज प्लान के हिसाब से डेली की डेटा लिमिट प्रतिदिन डेढ़ जीबी, दो जीबी या तीन जीबी मिलती है, लेकिन यह लिमिट रात बारह बजे समाप्त हो जाती है। जैसे ही दिन खत्म होता है, अनयूज़्ड डेटा फोरफीट हो जाता है। अगले दिन रोल ओवर या नेक्स्ट डे कैरी फॉर्वर्ड नहीं होता है। कंज्यूमर से पैसा तो पूरे डेटा का लिया जाता है, लेकिन जो बचा हुआ डेटा होता है, वह एक्सपायर हो जाता है, जैसे दिन समाप्त होता है। आप फर्ज कीजिए कि शुरुआत में आपने अपनी गाड़ी में बीस लीटर पेट्रोल भरवाया। महीने के अंत तक पंद्रह लीटर पेट्रोल कंज्यूम हो गया, पांच लीटर बच गया, तो क्या महीने के अंत पर पेट्रोल पंप वाला आपको कहता है कि पांच लीटर पेट्रोल वापस कर दो, क्योंकि वैलिडिटी समाप्त हो गई? नहीं, क्योंकि आपने पैसा पूरे बीस लीटर का दिया। ठीक इसी तरह जितने डेटा

Contents Page

का पैसा हमसे लिया जाता है, उतना डेटा हमें यूज़ करने दिया जाए, वह एक्सपायर न हो। यह हमारी मेहनत के पैसे से खरीदा गया डेटा है और चालाकी देखिए कि आज कल के रिचार्ज प्लान्स में डेली की डेटा लिमिट होती है, मंथली की डेटा लिमिट नहीं होती, क्योंकि मंथली की डेटा लिमिट के अंदर मैक्सिमम डेटा की खपत का कंज्यूम करने की प्रॉबेबिलिटी, यानी कि संभावना ज्यादा होती है। एक महीने के भीतर मान लीजिए चार-सात दिन कोई व्यक्ति व्यस्त है या बीमार है, लेकिन बचे हुए दिन में या जब उसकी छुट्टी होती है, वह ज्यादा डेटा कंज्यूम कर सकता है, इसीलिए मैक्सिमम डेटा मंथली प्लान में कंज्यूम होता है, इसके चलते आज टेलीकॉम ऑपरेटर डेली की डेटा लिमिट वाला प्लान पुश करते हैं।

आज इंटरनेट सिर्फ एक एंटरटेनमेंट या मनोरंजन का सोर्स नहीं है। यह एक प्रकार से हमारे जीवन के लिए एसेंशियल बनता जा रहा है। It is like digital oxygen. हर चीज के लिए इंटरनेट चाहिए और इसीलिए आज करोड़ों भारतीयों का जब लाखों जीबी बचा हुआ डेटा रोज़ एक्सपायर हो जाता है,, क्योंकि उसकी वैलिडिटी समाप्त हो गई, तो यह सवाल अब सिर्फ डेटा का नहीं है, यह कंज्यूमर राइट्स का सवाल बन चुका है। इसीलिए मेरी सदन में तीन स्पष्ट मांगें हैं। पहली, यह नियम बने कि data carry forward, यानी कि डेटा रोल ओवर की सुविधा हर यूजर को दी जाए। यानी दिन के अंत पर आपका जितना जीबी डेटा बच गया, वह अगले दिन के आपके डेली के डेटा पैक में जोड़ा जाए। वैलिडिटी के साथ समाप्त न हो। दूसरा, अगर महीने के अंत में काफी बड़ी मात्रा में आपका data accumulate हो जाता है, बच जाता है, तो यूज़र को ऑप्शन दिया जाए कि इस डेटा की वैल्यू का एडजस्टमेंट वह अपने रिचार्ज प्लान के अगेंस्ट कर सके, यानी कि अगले महीने वैल्यू की रिचार्ज कराता है, तो अनयूज़्ड डेटा की मार्किट वैल्यू के अनुसार उसमें से छूट मिले, डिस्काउंट मिले। जैसे कि आप जितनी यूनिट बिजली की खपत करते हैं, उतना ही पैसा भरते हैं। ठीक उसी तरह जितने जीबी डेटा कंज्यूम करें, उतना ही पैसा वसूला जाए, उससे ज्यादा न वसूला जाए और थर्ड नियम, जो बनना चाहिए, वह यह है कि अन्यूज़ डेटा को आपका digital asset माना जाए और जिस प्रकार से हम पैसा ट्रांसफर कर सकते हैं, डेटा ट्रांसफर अलाउड होना चाहिए। यदि आपके पास कुछ बचा हुआ डेटा है, तो मैं अपना एक-डेढ़ जीबी बचा हुआ डेटा अपने परिवार वालों को ट्रांसफर कर सकूं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the issue raised by the hon. Member, Shri Raghav Chadha:

Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shrimati Priyanka Chaturvedi (Maharashtra), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shrimati Sulata Deo (Odisha), Shri Ajit Kumar Bhuyan (Assam), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Mahua Maji (Jharkhand) and Prof. Ram Gopal Yadav (Uttar Pradesh).

Now, Dr. Sikander Kumar.

Contents Page

Need for construction of double-lane bridge over Beas river between Basantipatta and Kheri connecting Kangra and Hamirpur districts

डा. सिकंदर कुमार (हिमाचल प्रदेश): सभापति महोदय, आपने मुझे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा और हमीरपुर जिलों को जोड़ने के लिए बसंतीपट्टन और खेरी के बीच ब्यास नदी पर दोहरे लेन के पुल के निर्माण की आवश्यकता पर बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपके प्रति बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं सदन के माध्यम से भारत सरकार और विशेष रूप से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का ध्यान हिमाचल प्रदेश की एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। जिला कांगड़ा और हमीरपुर की सीमाओं को जोड़ने के लिए ब्यास नदी पर बसंतीपट्टन और खेरी के बीच एक 'डबल-लेन' पुल का निर्माण समय की मांग है। वर्तमान में, कांगड़ा और हमीरपुर जिलों के बीच सीधा संपर्क न होने के कारण यात्रियों को लंबा और कठिन रास्ता तय करना पड़ता है। बसंतीपट्टन और खेरी के बीच का यह क्षेत्र भौगोलिक रूप से एक-दूसरे के करीब होते हुए भी ब्यास नदी के कारण बंटा हुआ है। एक आधुनिक पुल के अभाव में स्थानीय जनता, छात्रों, मरीजों और व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी भूगोल में सड़कों और पुलों का जाल न केवल परिवहन का माध्यम है, बल्कि यह आर्थिक विकास और आपातकालीन कनेक्टिविटी की जीवन रेखा भी है। वर्तमान में, कांगड़ा और हमीरपुर जिलों के बीच सीधा और सुगम संपर्क सीमित है। इसी को ध्यान में रखते हुए, ब्यास नदी पर बसंतीपट्टन और खेरी के बीच एक नए दोहरे लेन वाले पुल बनाने की आवश्यकता है। यह पुल कांगड़ा और हमीरपुर जिलों को आपस में सीधे जोड़ेगा, जिससे दोनों क्षेत्रों के बीच यात्रा का समय काफी कम हो जाएगा। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन या अन्य अवरोधों की स्थिति में यह वैकल्पिक मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, कृषि उत्पादों के परिवहन और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बसंतीपट्टन और खेरी के बीच ब्यास नदी पर प्रस्तावित दोहरे लेन का पुल केवल एक ढांचागत परियोजना नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के समावेशी विकास का द्वार है। महोदय, मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से विनम्र निवेदन है कि जनहित और क्षेत्रीय विकास को सर्वोपरि रखते हुए बसंतीपट्टन-खेरी पुल के निर्माण हेतु जल्द से जल्द तकनीकी स्वीकृति और बजट आवंटित किया जाए, ताकि कांगड़ा और हमीरपुर के निवासियों को एक सुरक्षित, आधुनिक और निर्बाध परिवहन व्यवस्था मिल सके।

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Dr. Sikander Kumar:

Ms. Indu Bala Goswami (Himachal Pradesh), Shrimati Geeta alias Chandraprabha (Uttar Pradesh), Shri Ram Chander Jangra (Haryana), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Chunnilal Garasiya (Rajasthan), Dr. Anil Sukhdeorao Bonde (Maharashtra), Shri S. Selvaganabathy (Puducherry), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. Laxmikant Bajpayee

Contents Page

(Uttar Pradesh), Shri Sanjay Seth (Uttar Pradesh), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh), and Shrimati Sumitra Balmik (Madhya Pradesh).

Next, Ms. Swati Maliwal.

Need for strengthening Women Commissions across the country

सुश्री स्वाति मालिवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली): सभापति महोदय, मुझे सदन में अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। हमारे देश में हर पंद्रह मिनट में एक महिला के साथ रेप होता है। देश में महिला आयोग 1992 में बना, लेकिन आज तक न तो इसके पास पावर्स हैं, न रिसोर्सेस और न ही ऑटोनॉमी। पार्लियामेंट्री कमिटीज सालों से इन इश्यूज़ की तरफ प्वाइंट कर रही हैं, लेकिन रिपोर्ट्स धूल खा रही हैं और महिलाएं न्याय का इंतजार कर रही हैं।

सर, जून 2020 से झारखंड वूमेन कमीशन बंद बड़ा है। आज दिल्ली महिला आयोग का भी यही हाल है। पिछले दो सालों से वहाँ पर भी ताला लगा हूआ है। जब न्याय की संस्था ही बंद जो जाएगी, तो महिलाएं कहाँ जाएंगी? 2015 से 2024 के बीच, दिल्ली महिला आयोग ने 1 लाख, 74 हजार केसेज़ की सुनवाई की, हेल्पलाइन में 40 लाख कॉल्स अटेंड कीं, रेप सर्वाइवर्स को 2 लाख कोर्ट हियरिंग्स में असिस्ट किया और हजारों लड़कियों को विक्टिम कम्पेंसेशन दिलाया। रात के दो बजे भी अगर किसी महिला या बच्ची की कॉल आती थी, तो हमारी टीम वहाँ पहुँचती थी। हमने एक चौदह साल की बच्ची को दिल्ली की एक बड़ी कोठी से बाहर निकाला। उससे दिनभर काम कराया जाता था, सिर्फ एक बार खाना दिया जाता था और बेरहमी से मारा जाता था। उसके हाथ पर गर्म इस्त्री से जलाने के निशान थे, मुँह को कैंची के काटा हुआ था। सर, आज भी ऐसी कितनी ही लड़कियाँ बंद कमरों के पीछे छिपी हुई हैं। हमने एक ऑपरेशन में, आधी रात को पहाड़गंज के एक होटल से 39 नेपाली लड़कियों को भी रेस्क्यू किया था। उनके पासपोर्ट छीन लिए गए थे, बेरहमी से मारा जा रहा था और गल्फ देश भेजने की तैयारी चल रही थी। ऐसे ऑपरेशन्स कागज से नहीं, बल्कि मजबूत संस्थाओं से संपन्न होते हैं। हमने दिन-रात मेहनत करके दिल्ली महिला आयोग को एक सशक्त बॉडी बनाया, पर तब की दिल्ली सरकार ने सिर्फ मुझसे पैदा हुए पोलिटकल वेंडेटा के चलते उस व्यवस्था को तोड़ने में केवल कुछ महीने लगाए। उनके फंड्स रोक दिए गए, स्टाफ हटा दिया गया। आज दिल्ली महिला आयोग में न तो चेयरपर्सन है और न ही सदस्य।

सर, मध्य प्रदेश की एक बेटी थी, जिसके ससुराल वालों ने उसे तेजाब पिला दिया था। उसका शरीर पूरी तरह से झुलस चुका था। Her intestines were coming out. मरते समय उसने मेरी तरफ देखा था और मुझसे कहा था, "दीदी, मुझे न्याय जरूर दिलवाना।" आज वह केस भी दिल्ली महिला आयोग की हजारों फाइलों की तरह धूल में दब गया है। केंद्र और राज्य सरकारों को महिला आयोगों के सभी खाली पदों को तुरंत भरना चाहिए। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि दिल्ली महिला आयोग को उसी शक्ति और संकल्प के साथ फिर से खड़ा किया जाए।

Contents Page

MR. CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by the hon. Member, Ms. Swati Maliwal:

Shrimati Sudha Murty (Nominated), Shri Ajit Kumar Bhuyan (Assam), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu), Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Dr. Sasmit Patra (Odisha), and Dr. Fauzia Khan (Maharashtra).

Now, Question Hour.

12.00 **Noon**

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

Electric buses to strengthen urban public transport in major cities of Bihar

#*316. DR. BHIM SINGH: Will the Minister of Housing and Urban Affairs be pleased to state:

(a) whether any plan has been approved or proposed for operating electric buses (EV buses) to strengthen urban public transport in major cities of the State of Bihar on the lines of Delhi, if so, the details thereof; and

(b) the citiesin Biharthat havebeen includedor areproposed tobe included under the said plan along with the details of number of EV buses, financial support and the expected time lines thereof?

THE MINISTER OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS (SHRI MANOHAR LAL): (a) to (b) A Statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) and (b) Urban Transport is a part of Urban planning which is a State subject. Therefore, respective State Governments are responsible for planning, implementation and management of urban transport system including strengthening of urban public transport in their respective cities.

Original notice of the question was received in Hindi.

Contents Page

However, under PM-eBus Sewa scheme, 10,000 air-conditioned e-buses have been sanctioned for 116 cities across 26 States/UTs on Public Private Partnership model, subject to participation in PM-eBus Sewa Payment Security Mechanism (PSM) Scheme. In addition, Central Financial Assistance is also provided for creation of Civil Depot and Behind-the-Meter (BTM) Power Infrastructure for buses covered under the Scheme. This Scheme also envisages to develop a Central Intelligent Transit Management System (ITMS) platform to help cities in monitoring daily operation of the buses deployed under the Scheme.

Under this scheme, a total of 400 e-buses has been sanctioned for 6 cities of Bihar namely Bhagalpur, Darbhanga, Gaya, Muzaffarpur, Patna, Purnea and, so far, a total of ₹ 112.46 Cr has been sanctioned for development of Associated Infrastructure i.e. Behind-the-Meter (BTM) Power infrastructure and Civil Depot Infrastructure. The city-wise details of buses sanctioned, amount sanctioned and released are provided in **Annexure**. Delivery and operation of e-Buses are dependent on completion of civil depot and BTM Power infrastructure which is the responsibility of the concerned State Government.

Apart from above, under a sub-scheme head namely "Transport Planning and Capacity Building in Urban Transport for metro and non-metro projects", 100% Central Financial Assistance (CFA) for undertaking the activities relating to preparation of Comprehensive Mobility Plan (CMP)/Detailed Project Report (DPR)/Research studies etc. is provided to the cities for strengthening their public transport system.

Ministry of Heavy Industries have informed that under the Faster Adoption and Manufacturing of Hybrid and Electric Vehicles Scheme Phase-II (FAME-II), Bihar State Road Transport Corporation (BSRTC) has been provided ₹12.25 crore for 25 e-buses in Patna City. All these 25 e-buses have been deployed.

Contents Page

Annexure

Details of buses sanctioned and fund sanctioned and released in Bihar under PM-eBus Sewa Scheme as 16.03.2026

(Amount in ₹Cr.)

Sl. No.	State	Participating City	No. of Buses Sanctioned	Associated Infrastructure (Behind-the-Meter and Civil Depot)		
				No of Depots sanctioned	Amount Sanctioned	Amount Released
1	Bihar	Bhagalpur	50	1	12.58	8.23
2		Darbhanga	50	1	12.39	7.89
3		Gaya	50	1	10.96	6.87
4		Muzaffarpur	50	1	20.07	15.57
5		Patna	150	2	34.90	31.93
6		Purnea	50	1	21.56	17.06
Total			400	7	112.46	87.55

MR. CHAIRMAN: First supplementary, Dr. Bhim Singh. Please be specific about your question.

डा. भीम सिंहः महोदय, सरकार ने जो उत्तर दिया है, उस उत्तर में जानकारी मिलती है कि पीएम ई-बस सेवा के तहत देश के 116 शहरों में 10,000 बसें वितरित की जा रही हैं। जब हम इसका वितरण देखते हैं, तो इसमें काफी असंतुलन दिखता है। उत्तर प्रदेश में 1,450 बसें, महाराष्ट्र में 1,350 बसें, आंध्र प्रदेश में 650 बसें, कर्नाटक में 750 बसें, गुजरात में 750 बसें, मध्य प्रदेश में 550 बसें, राजस्थान में 500 बसें वितरित की गई हैं, परंतु बिहार, जो कि बड़ा राज्य है और जहाँ देश की नौ प्रतिशत आबादी वास करती है -- बस में तो जनता चलती है, तो आबादी का भी खास ख्याल रखना चाहिए था, लेकिन बिहार में केवल 400 बसें ही दी गई हैं। हम सरकार से जानना चाहते हैं कि यह जो असंतुलन है, उसका क्या कारण है और क्या इसके निराकरण के लिए कोई इंतजाम किया जा रहा है?

श्री सभापतिः माननीय मंत्री महोदय।

Contents Page

श्री मनोहर लालः सभापति महोदय, प्रधान मंत्री जी ने 16 अगस्त, 2023 को इस पीएम ई-बस सेवा योजना का प्रारम्भ किया था, घोषणा की थी। अर्बनाइज़ेशन बहुत बढ़ रहा है। शहरों की जो पहले ट्रांसपोर्ट प्रणाली थी, उससे वातावरण में प्रदूषण भी बहुत होता रहा है और बसों का लेवल भी ऐसा है कि सवारियों को सुविधा भी बहुत कम मिलती रही है। स्टेट्स को अपनी ओर से इसके अंतर्गत पर्याप्त मात्रा में जो सुविधा देनी चाहिए थी, वे उतनी सुविधा दे नहीं सकते थे, इसलिए इस पीएम ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत तीन लाख से ऊपर की आबादी और 40 लाख तक की आबादी के शहरों को जोड़ा गया। इसमें कुल 10,000 बसों का टारगेट रखा गया है। अलग-अलग हिसाब से कहीं 50 बसें दी गई हैं, कहीं 100 बसें दी गई हैं, तो कहीं 100 से ऊपर बसें दी गई हैं। स्टेट्स को कहा गया था कि वे अपनी जरूरत के हिसाब से डिमांड भेजें। इसके सेलेक्शन के लिए एक क्राइटेरिया बनाया गया है। उस क्राइटेरिया के अनुसार कमिटियाँ बनाई गईं और उन कमिटियों के माध्यम से उसके एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया के अंतर्गत, जो enability है, उसके हिसाब से बसों का सैंक्शन और मॉनिटरिंग किया गया। उस मॉनिटरिंग सैंक्शन में कुल मिलाकर 178 शहर एलिजिबल थे, 116 शहरों ने पार्टिसिपेट किया था, जिन्हें इन 10,000 बसों की अलॉटमेंट हुई है।

जहाँ तक बिहार का विषय है, जैसा कि हमारे सांसद महोदय ने बताया, विशेष रूप से बिहार में 400 बसों की अलॉटमेंट हुई है, जिनमें पटना में 75 बसें, दरभंगा में 25, भागलपुर में 25, गया में 25, मुजफ्फरपुर में 25 और पूर्णिया में 25 बसें अलॉट हुई हैं। चूँकि इन छः शहरों ने ही उसमें क्वालीफाई किया था, तो क्वालीफाई करने के बाद उन शहरों की आबादी के हिसाब से इसमें अलॉटमेंट हुई है। मैंने जिन 200 बसों के बारे में बताया है, ये 12 मीटर की बड़ी बसें हैं। इन्हीं शहरों में 200 बसें नौ मीटर की भी हैं, तो इस हिसाब से वहाँ पर कुल 400 बसें सैंक्शन की गई हैं। अब इन 400 बसों का जो आगामी कार्यक्रम है, उसके अंतर्गत स्टेट लेवल कमिटी को टेंडर आमंत्रित करना है और उसके पश्चात कम्पनियों के साथ एक एग्रीमेंट करना है। इस एग्रीमेंट के होने के बाद, हम केंद्र से जो सहायता देते हैं, वह निश्चित रूप से दी जाएगी, लेकिन बिहार में इसमें बहुत डिले हो रहा है। पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत प्रति किलोमीटर के आधार पर जो टेंडर आता है, उसकी कीमत के हिसाब से स्टेट कमेटी निर्णय लेती है। वहाँ पर 9 मीटर बस और 12 मीटर की बसों के लिए जो टेंडर आया, उसके संबंध में कहा गया कि इसके हाई रेट्स हैं, इसलिए उस टेंडर को ही कैंसिल कर दिया गया। इस प्रकार, कॉम्पिटिशन में जो टेंडर आएंगे, उनमें स्टेट अपने एस्टीमेट तो बना सकता है, लेकिन अंततः उन्हें टेंडरिंग तो कम्पनियों के साथ ही पूरी करनी होगी। जो कम्पनी बस चलाएगी, उसकी वायबिलिटी किस प्रकार की है, उसकी कीमत कितनी होगी, उसका पर किलोमीटर कितना आएगा, यह सब स्टेट की कमेटी को ही अप्रूव करना है।

महोदय, बसें खरीदी जाएंगी और इसके बाद उसमें हमारी budget-funding में प्रति किलोमीटर के हिसाब से उनको पैसे दिए जाते हैं। 24 रुपये प्रति किलोमीटर स्टैंडर्ड बस, जो 12 मीटर की है, उसके लिए है। ऐसे ही 9 मीटर की बस, यानी मिडी बसेज़ के लिए 22 रुपये प्रति किलोमीटर दिया जाएगा। 7 मीटर लंबी जो बस है, उसके लिए 20 रुपया प्रति किलोमीटर दिया जाएगा। केंद्र की ओर से सहायता तय है, लेकिन बाद में इसमें निर्णय प्रदेश को करना होता है। प्रदेश के लोग जब निर्णय में ढिलाई बरतते हैं, तो चीज़ें डिले होती हैं। ऐसा ही बिहार के अंदर हो रहा है। अगर बिहार सरकार अपनी कमेटी बनाकर इसको आगे बढ़ाएगी, तो निश्चित रूप से हम

Contents Page

इन बसों को समय पर दे पाएंगे। आगे की आवश्यकता के लिए भी नई योजना, जिसकी प्रधान मंत्री जी ने घोषणा कर दी है, उसमें और नई बसें भी दी जा सकेंगी।

MR. CHAIRMAN: Second Supplementary; Dr. Bhim Singh.

डा. भीम सिंहः बसों का जो वितरण किया गया है, उसके लिए शहरों के चयन के संबंध में हम देखते हैं कि उत्तर प्रदेश के 19 शहर, महाराष्ट्र के 22 शहर, आंध्र प्रदेश के 11 शहर, कर्णाटक के 10 शहर, गुजरात के 8 शहर, मध्य प्रदेश के 8 शहर, राजस्थान के 9 शहर, तमिलनाडु के 7 शहर हैं। बिहार में केवल 6 शहर ही चयनित किए गए हैं। अब बिहार अच्छा कर रहा है। ये जो योजना देते हैं, उसमें Behind-the-Meter और civil construction, इसके लिए उन्होंने बिहार के लिए जो राशि दी है, उसमें 112 करोड़ रुपये में से 87 रुपये बिहार ने खर्च किए हैं, यानी उसकी एफिशिएंसी काफी अच्छी है। बिहार की आबादी को देखते हुए, उसकी आवश्यकता को देखते हुए, ये जो 6 शहर हैं, ये शहर प्रमंडलीय मुख्यालय हैं और बचे हुए 3 छपरा, मुंगेर, सहरसा प्रमंडलीय मुख्यालय और एक नालन्दा, बिहार शरीफ, जिससे राजगीर जुड़ा हुआ है, वह अंतरराष्ट्रीय शहर है, तो माननीय मंत्री जी कृपापूर्वक बताने का कष्ट करेंगे कि क्या वे इन चार शहरों को भी उदारतापूर्वक इस योजना में शामिल करने का कष्ट करेंगे?

श्री सभापतिः ऑनरेबल मिनिस्टर।

श्री मनोहर लालः सभापति महोदय, जो पहली योजना 10 हज़ार बसों की थी, उसमें चूंकि 116 शहरों को अंतिम रूप दिया जा चुका है, इसके बाद 35 हज़ार बसों की एक और योजना आएगी, उसमें इन सब शहरों को अप्लाई करना होगा। उसमें आबादी के हिसाब से अथवा अन्य चीज़ों के हिसाब से यदि ये 4 शहर क्वालिफाई करते हैं - क्योंकि प्रदेशों को अपने-अपने हिस्से का पैसा देना पड़ता है, उसमें प्रदेश जितना आगे बढ़ेंगे उसमें हमें कठिनाई नहीं है, हम ज्यादा से ज्यादा शहरों में यह सुविधा देना चाहते हैं। सभी शहरों में एक प्रकार से एन्वायर्नमेंट की दृष्टि से भी हमारा ई-बसेज़ का ज्यादा से ज्यादा प्रचलन हो, वह कार्य हम निश्चित रूप से करेंगे।

MR. CHAIRMAN: Third Supplementary; Shriman Ratanjit Pratap Narain Singh.

श्री रतनजीत प्रताप नारायन सिंहः सभापति महोदय, माननीय मंत्री जी ने बिहार के बारे में लिखित उत्तर दिया है। मैं मंत्री जी से अर्बन मोबिलिटी के बारे में जानना चाहता हूं, क्योंकि एक बहुत बड़ी चिंता इस देश की अर्बन मोबिलिटी और पब्लिक ट्रांसपोर्ट की है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जो प्रधानमंत्री ई-बस सेवा है, उसके अंतर्गत टेक्नोलॉजी और जो हमारी इलेक्ट्रिक बसेज़ है, उनसे हमारी अर्बन मोबिलिटी में किस तरह से, कितनी जल्दी सुधार होगा और इसके क्या लक्ष्य हैं?

श्री सभापतिः ऑनरेबल मिनिस्टर।

श्री मनोहर लालः सभापति महोदय, सांसद महोदय ने एक बहुत ही अच्छी चिंता व्यक्त की है कि इसका इम्पैक्ट क्या होगा और कब तक होगा। यह कार्यक्रम शुरू हो गया है। इसकी 225 बसों की

Contents Page

पहली खेप पिछले महीने ही डिलीवर कर दी गई है और बहुत जल्दी आने वाले महीनों में काफी टेंडर हो चुके हैं और वे सेलेक्ट भी हो चुके हैं। 6,500 बसों के एग्रीमेंट भी स्टेट्स ने कर लिए हैं, तो जैसे-जैसे एग्रीमेंट्स होते जाएंगे, कम्पनीज़ डिलीवर करती जाएंगी। 10 हज़ार बसों की जो पहली खेप है, यह 2027 के अंत तक कम्प्लीट होगी। उसके बाद अगली योजना शुरू होगी। इसका इम्पैक्ट होगा। इसमें निश्चित रूप से एक समयबद्ध तरीके से देखा जाएगा कि इससे कैसे लोगों का समय बचे, कैसे पर्यावरण मजबूत हो और कैसे लोगों का पैसा बचे? इसमें मॉनिटरिंग भी बहुत अच्छी प्रकार से की जा रही है। इसमें सहज टिकट सिस्टम का भी अनुभव है। इसमें एक नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड बनाया गया है, जो कि उन बसों में भी चलेगा। इसके अलावा और इस प्रकार के अन्य नेशनल लेवल पर जो वाहन हैं, वह उन सबके अंदर काम आएगा। इसके संबंध में देश भर के लिए एक इंफ्रास्ट्रक्चर बना दिया गया है। इसमें टीयर टू और टीयर थ्री के शहरों को सबसे ज्यादा लाभ होने वाला है।

MR. CHAIRMAN: Fourth supplementary, Shriman Sanjay Yadav.

SHRI SANJAY YADAV: Sir, Bihar is one of the least urban States in the country. हाल के अनुमानों के अनुसार बिहार की लगभग 11 फीसदी से लेकर 15-16 फीसदी तक ही शहरी आबादी है, जो कि राष्ट्रीय औसत से अत्यधिक कम है। जैसा कि माननीय मंत्री जी जानते हैं, बिहार में 261 अर्बन लोकल बॉडीज़ (यूएलबीज़) हैं। उसमें यथार्थ यह है कि बिहार की उन 261 अर्बन लोकल बॉडीज़ में से भी जो उनका 50 परसेंट क्षेत्र है, एरिया है, वह अभी भी रूरल है। यानी बिहार की 261 अर्बन लोकल बॉडीज़ में से 50 परसेंट एरिया ऐसा है, जहां लोग खेती करते हैं। वे ऑन पेपर्स तो यूएलबीज़ बन गए हैं - ग्राम पंचायत से नगर पंचायत, नगर पंचायत से नगर परिषद और कुछ नगर निगम भी। मेरा आपसे संक्षेप में यही प्रश्न है।

MR. CHAIRMAN: Sanjay Yadav*ji*, please be specific about your question.

श्री संजय यादवः महोदय, मैं उसी पर आ रहा हूं। बिहार के अधिकांश शहरों में जल जमाव और जल निकासी एक अत्यधिक गंभीर समस्या है। आपने जिन 6 शहरों के नाम लिए हैं, जहां आपने ई-बसेज़ भी चलाई हैं, वहां जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या है। इसके अलावा, वहां ट्रैफिक मैनेजमेंट, वेस्ट मैनेजमेंट और स्वच्छ पेय जल आपूर्ति की भी समस्या है। जब हम शहरीकरण की हम बात करते हैं, तो जो झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोग हैं, उनके पुनर्वास की भी एक समस्या है। संक्षेप में मेरा प्रश्न यह है कि क्या भारत सरकार और आपका शहरी विकास मंत्रालय भविष्य की जनसंख्या की आवश्यकता और आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए बिहार में कोई सैटेलाइट अथवा ग्रीनफील्ड टाउनशिप विकसित करने का इरादा रखता है?

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

श्री मनोहर लालः सभापति महोदय, संबंधित प्रश्न के साथ तो इनके प्रश्न का बहुत थोड़ा सा विषय जुड़ा हुआ है, बाकी तो इन्होंने बिहार का अपना एक पूरा लंबा-चौड़ा विषय रखा है। यह ठीक है कि सारे विषयों में अर्बन लोकल बॉडीज़ और हमारी मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन

Contents Page

अफेयर्स का बहुत बड़ा भाग आता है, लेकिन यह आज के प्रश्न के साथ जुड़ा हुआ नहीं है। आज के इस प्रश्न के साथ तो इतना ही विषय है कि बहुत सी नई नगरपालिकाएं, जिनमें ग्रामीण क्षेत्र आ गया और वे नई बनाई गई हैं, यह उनके ऊपर है। लेकिन इस स्कीम की कंडीशन है कि यह 3 लाख की आबादी से ऊपर ही लागू होती है, क्योंकि अगर बसों की इस प्रकार की बड़ी रचना छोटे शहरों में दी जाएगी, तो वह अनवायबल होगी। उस अनवायबिलिटी के कारण हमको मालूम है कि पहले भी कैपेक्स का पैसा लगा कर जेएनएनयूआरएम नामक एक स्कीम बनाई गई थी। उस स्कीम का एक बहुत बड़ा फ्लॉ यही था कि बसों का जो पूरा यूज़ है, वह हुआ नहीं और वे बसें आखिर घाटे का सौदा होकर बंद पड़ी हैं और बहुत मामले में वह फेल्योर हुआ। यह फेल्योर न हो, इसलिए कम से कम 3 तीन लाख की आबादी जरूर होनी चाहिए। अगर 3 लाख की आबादी के ऊपर का शहर होगा, फिर विधिवत उनको ऑफर जाएगी, तब उसमें वे अप्लाई करेंगे। अप्लाई करने के बाद स्टेट की ओर से जो विषय आएगा, कोऑर्डिनेशन कमिटी उसको क्लियर करेगी। फिर, जो एलिजिबल शहर होंगे, अभी की वर्तमान योजना के बाद जो नई योजना आएगी, उसमें उनको निश्चित रूप से कंसीडर किया जाएगा, यह मैं पहले भी बता चुका हूं।

MR. CHAIRMAN: Fifth supplementary, Shriman Ashokrao Shankarrao Chavan.

श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण: सभापति जी, मैं मंत्री जी का आभारी हूं कि उन्होंने आज यहां पर सदन में 35 हज़ार बसेज़ के सेकेंड फेज़ की अनाउंसमेंट की। सभापति जी, किसी भी सिटी की जो लाइफलाइन है, वह उस शहर का पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट जितना इफेक्टिव होगा, लोगों के लिए उतनी सुविधा होगी। इससे पहले कई शहरों में हमारी जो बस सेवाएं हैं, वहां पेट्रोल और डीजल की कीमतों की वजह से वे वायबल नहीं होती थीं, दिक्कत होती थी और हमारी जो अर्बन लोकल बॉडी है, वह उसका खर्चा उठा नहीं पाती थी, इसलिए सिस्टम नहीं बन पाता था। मैं प्रधान मंत्री जी का आभारी हूं कि उन्होंने देश में पहले 10 हजार बसों का प्रावधान किया और अभी आपने 35 हजार बसेज़ के सेकंड फेज़ को अनाउंस किया है। माननीय मंत्री जी से मेरी यही विनती रहेगी कि सेकंड फेज़ में आप जो 35 हजार बसें देने वाले हैं, उसमें आप महाराष्ट्र की टू टीयर और थ्री टीयर सिटीज़ के बारे में अलग से विचार करें। बड़े शहरों में कॉरपोरेशंस के पास काफी पैसा होता है, वे अफोर्ड कर सकते हैं। इन बसेज़ का फायदा इतना है कि इनमें पॉल्यूशन नहीं है, सस्ते दामों में यह काम हो जाता है और वायबल भी हो जाता है। जो छोटे कॉरपोरेशंस हैं, उनके लिए अलग से मदद करने की जरूरत है। जब आप इसको तय करेंगे, तब क्या आप महाराष्ट्र की जो टू टीयर और थ्री टीयर सिटीज़ हैं, उनके बारे में अलग से विचार करेंगे? आपसे मेरा यह सवाल है।

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

श्री मनोहर लाल: सभापति महोदय, वैसे तो जो दूसरी स्कीम है, अभी उसकी मॉडलिटीज़ बननी हैं। वे सब जानकारियां दी जाएंगी। यह ठीक है कि पहली स्कीम में जो भी रिफॉर्म्स किए जाएंगे, नई गाइडलाइंस बनाई जाएंगी, वे सारे देश के लिए एक जैसी होंगी। यह प्रांत के अनुसार बनाना संभव नहीं होता, इसलिए इन सारे कामों को करते हुए हमें जो सुझाव आते हैं, उनके हिसाब से

Contents Page

हम रिफॉर्म करते हैं। पहले वाली स्कीम में भी हमने कुछ रिफॉर्म्स किए हैं। उस रिफॉर्म के हिसाब से, जैसे उसके अंदर कुछ नए शहर, जो उसकी आबादी के हिसाब से पहली बार रह गए थे, जिन्होंने बाद में उसको represent किया, उसके हिसाब से आठ नए शहर बाद में जोड़े गए थे, जिनमें गांधीधाम, नवसारी, देवास, सतना, संबलपुर, एसएएस नगर, सीकर और अयोध्या हैं। इसके अंदर हम cluster of cities का कंसेप्ट भी लेकर आए थे कि यदि दो या दो से अधिक शहर एक साथ हैं, adjoining हैं और अगर उनकी आबादी combine होकर इस लिमिट पर आ जाती हैं, तो उनको भी बसें दी जा सकती हैं। जैसे हमने एसएएस नगर के अंदर मोहाली, पंचकूला, चंडीगढ़, जिरकपुर को क्लस्टर बना करके, उसका अध्ययन करके इसमें sanction किया है। ऐसे ही कुछ capital-equivalent cities हैं, जैसे शिमला हिमाचल प्रदेश की राजधानी है, वहाँ पर दूसरी राजधानी धर्मशाला बनी, तो उन्होंने उसके लिए भी माँग की, तो हमने उसको भी कैपिटल के बराबर मान करके उसमें उसको भी sanction किया। ऐसे जो नए सुझाव आते हैं, तो हम समय-समय पर रिफॉर्म करते हैं। नई स्कीम के गाइडलाइन्स यह होंगी कि अगर उसमें फिर भी कोई शहर नहीं आते होंगे, तो सुझाव लेकर उसके ऊपर विचार किया जाएगा।

MR. CHAIRMAN: Now, Q. No.317.

Urban flooding and water conservation strategies

*317. SHRI UJJWAL DEORAO NIKAM: Will the Minister of HOUSING AND URBAN AFFAIRS be pleased to state:

(a) the specific steps taken by Government to reduce or prevent the recurring issues ofurban flooding and water logging in major cities;

(b) the manner in which Government plans to conserve and augment groundwaterresources through its existing urban development schemes;

(c) whether Government has formulated a long-term plan to address the discharge of untreated sewage into water bodies;

(d) if so, the details thereof; and

(e) the manner in which water quality assessment is being conducted under the AMRUT mission across various States, the details thereof?

THE MINISTER OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS (SHRI MANOHAR LAL): (a) to (e) A Statement is laid in the Table of the House.

Contents Page

Statement

(a) Water and Sanitation is State subject and Management of urban flooding falls under the purview of the State Governments and the Urban Local Bodies (ULBs)/Urban Development Authorities, who are responsible for maintaining the drainage and sewerage system. Government of India supplements the efforts of the States through schematic interventions/ advisories. It provides financial and technical support to the States to strengthen Urban Planning ecosystem.

Usually, increased incidence of high intensity rainfall in short duration is mainly responsible for urban floods, which is further compounded by unplanned growth, encroachment of natural water bodies, inadequate sewer systems, inadequate rainwater drainage systems, encroachments, etc.

Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation (AMRUT) launched in the year 2015, inter alia, has a component on storm water drainage, which involved construction and improvement of drains/ storm water drains in order to reduce and eliminate flooding and creating green spaces and parks. Under AMRUT, 838 Storm Water Drainage projects worth ₹3017.13 crore have been taken up and 3,798 water logging points have been eliminated so far.

Further, 2,522 green spaces and park projects worth ₹1,604.13 crore have been taken up by the States/UTs under AMRUT and 5,286 acres of permeable green space area have been developed so far through these projects.

Under AMRUT 2.0, projects for green spaces and parks and rejuvenation of water bodies are taken up by the States. Under AMRUT 2.0, proposals of the States/ UTs for 2,991 water body rejuvenation projects worth ₹6,083.32 crorecovering around 1,21,800 acres of area and 1,665 green spaces and park projects worth ₹1,103.71 crore covering 13,893.82 acre, have been approved.

Besides, under AMRUT and AMRUT 2.0 sewerage and septage management projects have been undertaken, which inter alia help in evacuation of storm water. Under AMRUT, as updated by State/UTs on AMRUT portal, 889 sewerage/septage management projects have been grounded, which has led to creation of 22,477 km length of sewer network. Under AMRUT 2.0, the State/UTs have taken up 584 Sewerage and Septage Management projects covering 34,559 KM of sewer network.

Contents Page

The Ministry of Housing and Urban Affairs (MoHUA) has published the following documents/advisory guidelines for improving urban drainage and flood management:

i. Urban and Regional Development Plans Formulation and Implementation (URDPFI) Guidelines, 2014 (https://mohua.gov.in/upload/uploadfiles/files/URDPFI%20Guidelines%20Vol%20I(2).pdf)
ii. Standard Operating Procedure (SOP) for Urban Flooding (https://mohua.gov.in/upload/uploadfiles/files/SOP%20Urban%20flooding_5%20May%202017.pdf)
iii. River Centric Urban Planning Guidelines in 2021 to enable cities in the development of conjunctive water management approaches including nature-based solution (https://mohua.gov.in/upload/uploadfiles/files/RCUP%20Guidelines.pdf)
iv. Guidance Document on Creation of Rain Water Harvesting Parks(https://mohua.gov.in/pdf/6566e1048ab41guidance-document-on-rainwater-harvesting-parks-final.pdf)
v. Manual on Storm Water Drainage System (https://mohua.gov.in/publication/manual-on-storm-water-drainage-systems--2019.php)

श्री अरुण सिंह: सभापति जी, माननीय मंत्री जी ने बताया कि जब यूपीए की सरकार थी, तो पर्ची के माध्यम से कोयले का आवंटन हुआ। जब पर्ची के माध्यम से कोल का आवंटन हुआ, तो उसमें बहुत बड़ा घोटाला हुआ और वे कोल माइन्स बंद भी हो गईं। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जो ...(**व्यवधान**)... कोलगेट घोटाला, 1,86,000 करोड़ का। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जब इतने बड़े पैमाने पर कोल माइन्स बंद हो गईं, तो उस क्षेत्र में रहने वाले जो युवक हैं, उनके लिए रोजगार के लिए आपने क्या व्यवस्था की है? इसके साथ-साथ, उस क्षेत्र का संपूर्ण विकास हो, उस विकास के लिए आपने कोई काम किया हो, तो उसके बारे में हमें बताएं। इसके अतिरिक्त, पर्यावरण की दृष्टि से मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से विस्तृत जानकारी चाहूंगा कि रोजगार हो, उस क्षेत्र का विकास हो या पर्यटन का क्षेत्र हो, इनमें सरकार ने क्या काम किया है, माननीय मंत्री जी विस्तार से बताएंगे, तो अच्छा रहेगा।

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

श्री जी. किशन रेड्डी: सभापति महोदय, यह एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। कोल एक्टिविटी ब्रिटिश जमाने से शुरू हुई, अभी नहीं। मगर कोल निकालने के बाद जो डी-कोल्ड माइन्स होती हैं, अभी तक उनको ऐसे ही छोड़ दिया जाता था। अभी लगभग 143 कोल माइन्स से कोल निकालने के बाद उनको छोड़ दिया गया है। इससे गांव के लोगों को तकलीफ होती थी, वहां एक्सिडेंट्स होते थे और कोई एन्वायरनमेंट का बैलेंस नहीं होता था जितनी भी डी-कोल्ड माइन्स हैं, उन सभी माइन्स के लिए साइंटिफिक मेथड से माइन्स क्लोज़र एक्टिविटी को डेवलप करने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने स्पष्ट आदेश दिया है। हम इसमें काम को बहुत आगे बढ़ा रहे हैं। हम लगभग 143 coal mines में भारत सरकार के द्वारा पैसे खर्च करके scientific method से mine closing activity कर रहे हैं। इसके लिए हमारी Coal Ministry के द्वारा, Coal India के द्वारा 143 nodal officers नियुक्त किये गये हैं। वे लोग उनका पूरा DPR बना रहे हैं, कुछ के बनाए भी हैं और कुछ जगहों पर mine closure activity speedy गति से आगे बढ़ रही है। इसमें वे सारे nodal officers तो हैं ही, उसके बाद एक-एक mine के ऊपर जिला कलेक्टर के नेतृत्व में भी एक कमिटी गठित की गई है। उन लोगों की हेल्प लेकर भी इसमें जो community की involvement कर रहे हैं, जैसा आदरणीय सांसद जी ने पूछा है, इसमें greenery develop करना, fisheries activity develop करना, tourism develop करना, nearby villages को पीने के पानी की व्यवस्था देना, इन सारी closed mines में fruits develop करना, Self-Help Groups को रोजगार देना, आसपास के युवाओं की involvement करना, tourism activity develop करना है। 2028 में इन सारे 143 coal mines के अंदर, ब्रिटिश जमाने से लेकर आज तक की जितनी coal mines हैं, उन सभी को नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम mine closure के द्वारा scientific method से close करने वाले हैं।

Contents Page

सभापति जी, उसके साथ-साथ ये जितनी भी माइंस हैं – मैं Minister हूं, हमारे Coal Secretary हैं और जितने भी 143 सीनियर ऑफिसर्स हैं, उन सबको एक-एक माइन देने के अलावा, एक nodal officer रहेगा, एक जिला कलेक्टर रहेगा, उसके भी ऊपर मेरे डिपार्टमेंट द्वारा मुझे भी एक mine दी गयी है। मैंने भी चंद्रपुर के पास Western coal fields में एक mine ली है। मैं भी वहां जाकर इस mine की closure activity की पूरी monitoring कर रहा हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी की स्पष्ट नीति के आधार पर, उनके आदेश पर, यह mine closure activity कर रहे हैं। उसके द्वारा लोगों को रोजगार मिलेगा, उनका रोजगार भी बढ़ेगा और environment भी बढ़ेगा।

MR. CHAIRMAN: Third supplementary, Shri Digvijaya Singh.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, the coal bed methane technology is a critical proactive technology used to manage and control underground mine fire hazards by extracting methane gas from coal seams before or during mining activities. My question to hon. Minister is this. Has this been tried in Jharia master plan or in any other coal fields, particularly, South-Eastern coal fields which cover Madhya Pradesh's Shahdol, Umaria and Anuppur?

MR. CHAIRMAN: Hon. Minister.

श्री जी. किशन रेड्डी: आदरणीय सभापति जी, सीनियर सदस्य दिग्विजय सिंह जी ने अच्छा प्रश्न पूछा है। दो तरह का gasification होता है, एक surface gasification होता है और दूसरा, जैसा माननीय सांसद जी ने पूछा है, underground gasification होता है। हम surface gasification में पूरा आगे बढ़े हैं। उसमें कोई प्रॉब्लम नहीं है। उसमें environmental दृष्टिकोण से हमें जो पूरे initiatives लेने चाहिए, वे initiatives लेते हुए, हम इस activity को आगे ले जा रहे हैं। इसका प्रोडक्शन 2028-29 में शुरू होने वाला है। जो underground gasification है, इसमें दुनिया भर में बहुत सारी studies हो रही हैं। हमने भी इसकी study की है, भारत सरकार के द्वारा भी study की गई है। हमारी teams द्वारा अलग-अलग देशों में जाकर, वहां का जो underground gasification है, उसकी स्टडी की जा रही है। इसमें methanol के द्वारा pollution नहीं हो ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, it is already taking place in Shahdol, the coal bed methane technology.

श्री जी. किशन रेड्डी: अभी तक underground technology से काम शुरू नहीं हुआ है।

श्री दिग्विजय सिंह: सर, हुआ है। यह शहडोल में हुआ है। ...(**व्यवधान**)... Reliance has got it. They are doing it.

Contents Page

श्री जी. किशन रेड्डी: मैं मंत्री हूं, आप नहीं हैं। ...(**व्यवधान**)... आप मेरी बात सुनिए। इसमें अभी तक ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह: सर, ...(**व्यवधान**)...

श्री जी. किशन रेड्डी: आप मेरी बात सुनिए। ...(**व्यवधान**)... आप मेरी बात सुनिए। सभापति जी, मुझे आपका संरक्षण चाहिए। ...(**व्यवधान**)... ये बहुत senior सदस्य हैं, जबकि मैं junior हूं। ...(**व्यवधान**)... आप मेरी बात सुनिए। आप थोड़ा मेरी बात सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, he is so unaware. ...(*Interruptions*)... It is in Madhya Pradesh.

श्री जी. किशन रेड्डी: सभापति जी, अभी तक अलग-अलग देशों में जाकर, अलग-अलग देशों, जैसे जर्मनी, चाइना से टेक्नोलॉजी लाकर कुछ कंपनीज़ काम कर रही हैं। इन्होंने जैसा अभी एक कंपनी का नाम लिया है, वह domestic technology के द्वारा काम करना चाहती है। वह काम अभी process में है और उसमें अभी तक कोई allotment नहीं हुआ है। ...(**व्यवधान**)... किसी भी कंपनी को underground gasification के लिए coal block का allotment नहीं हुआ है।...(**व्यवधान**)... अभी उसका प्रोसेस चल रहा है। जैसे ही होगा, मैं स्वयं आपको इसके बारे में पूरा डिटेल दूँगा कि किस-किस कंपनी को क्या-क्या करना है।

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part – I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link https://rajyasabha.nic.in/Debates/OfficialDebatesDateWise *]*

1.00 **P.M.**

ANNOUNCEMENT BY THE CHAIR

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, notices from few hon. Members, opposing the introduction of the Central Armed Police Forces (General Administration) Bill, 2026, will be considered as and when the motion for introduction of the Bill will be moved by the hon. Minister. The House will first take up the Appropriation (No. 2) Bill, 2026, for consideration and return after Lunch Hour.

Hon. Members, the Business Advisory Committee, at its meeting held on the 11th of March 2026, had allocated seven hours for the combined discussion on the

Contents Page

Appropriation (No. 2) Bill, 2026, and the Finance Bill, 2026, both as passed by Lok Sabha.

The Appropriation (No. 2) Bill, 2026, as passed by the Lok Sabha, has been listed today for consideration and return. The Finance Bill, 2026, has not yet been transmitted to this House.

In view of this, if the House agrees, we may allocate three hours for the discussion on the Appropriation (No. 2) Bill, 2026, and the remaining four hours for the Finance Bill, 2026, as and when it is taken up in the Council.

Do I have the sense of the House?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, we allocated seven hours for both the Bills. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Yes.

SHRI JAIRAM RAMESH: Okay! Sir, my request to you is, parties will have some time allocated based on 7 hours. The total should not exceed that time. So, you leave it to the parties to decide how much time they will take on each Bill. You leave it to the party, but we will respect your overall ceiling. That is all.

MR. CHAIRMAN: That is agreed.

DR. JOHN BRITTAS: Sir, that is correct. Suppose somebody wants to take the full time on a particular one...

MR. CHAIRMAN: I think, the House agrees to it. ...*(Interruptions)*... The House has agreed to the revised allocation of time.

Now, the House stands adjourned to meet at 2.00 pm.

The House then adjourned for lunch at two minutes past one of the clock.

Contents Page

The House reassembled after lunch at two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

THE APPROPRIATION (NO.2) BILL, 2026

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Pankaj Chaudhary to move a motion for consideration of the Appropriation (No.2) Bill, 2026.

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:

"कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने के लिए विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

The question was proposed.

श्री उपसभापति: माननीय पंकज जी, क्या आप कुछ बोलना चाहेंगे?

श्री पंकज चौधरी: सर, मैं लास्ट में बोलूँगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Motion moved. I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion.

SHRI DEREK O' BRIEN (West Begnal): Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Under which rule?

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, it is under Rule 29(2). In the List of Business for this morning, the Home Ministry was piloting a Bill. I am just... *(Interruptions)*...

श्री उपसभापति: आपने इसको सुबह डिस्कस कर लिया था; hon. Chairman was here.

SHRI DEREK O' BRIEN: I want to bring this to your notice, Sir...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please!

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, one minute. Let me make a point. I have only said, "Point of order". Yes; I raised this in the morning. My question to the Government, through you, Sir, is this. This Bill is listed in today's Business. I said what I had to say about the Home Ministry. I am not leaving from here for the discussion; I am here. My

Contents Page

question is: What happened between 11.00 a.m. and 2.00 p.m. that the Home Ministry now does not want to even discuss this, because now the Appropriation Bill has come.* Sir, what is going on? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. You have made your point. ...*(Interruptions)*... Now, Shri Neeraj Dangi.

श्री नीरज डांगी (राजस्थान): आदरणीय उपसभापति महोदय, आपने मुझे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत इस विनियोग विधेयक पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। महोदय, यह विधेयक केवल संस्थाओं और प्रावधानों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक दिशा, प्राथमिकताओं और आम नागरिक के जीवन-स्तर को प्रभावित करने वाला एक महत्वपूर्ण साधन है। माननीय महोदय, इस विनियोग विधेयक के माध्यम से सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के लिए व्यय का प्रावधान किया है। यह आवश्यक है कि हम सुनिश्चित करें कि इन निधियों का उपयोग पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता के साथ हो। आज देश जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, जैसे रोजगार का सृजन, महंगाई पर नियंत्रण, कृषि क्षेत्र की मजबूती और बुनियादी ढांचे का विकास, उनके समाधान में यह विधेयक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि ग्रामीण विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में आवंटित राशि का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। यदि इन क्षेत्रों में निवेश सही दिशा में होता है, तो यह समावेशी विकास को गति देगा और समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएगा।

मैं कहना चाहूंगा कि इसमें जो मुख्य प्रावधान हैं, उसमें जब हम राजकोषीय प्राधिकार की बात करते हैं, तो उसमें देश के लिए कुल व्यय का अनुमान 53.47 लाख करोड़ रुपये का लगाया गया है। इसमें देखना यह कि 148 करोड़ की जनसंख्या वाले इस देश के लिए इस बजट को सही रूप में खर्च किया जाएगा, जनता पर खर्च किया जाएगा अथवा कुछ विशेष लोगों के लिए या चुनिंदा लोगों के ऊपर इसका व्यय किया जाएगा। हम देखते हैं कि कोविड के समय में भी पीएम केयर फंड बना, लेकिन उसकी कोई scrutiny नहीं हुई, उसका कोई ऑडिट नहीं हुआ। उसमें MPLADS का भी लगभग 8,000 करोड़ रुपया ले लिया गया था। वह किस पर खर्च हुआ, उसका किसी तरह का कोई आंकड़ा सामने नहीं है और न उसके तथ्य सामने हैं।

श्री उपसभापति: आप बिल पर बोलें।

श्री नीरज डांगी: सरकार इस पर जवाब कब देगी, यह सरकार से पूछने की जरूरत है, क्योंकि जनता यह जानना चाहती है। हम घाटे की बात करें, तो राजकोषीय घाटा 16.96 लाख करोड़ रुपये है, जो जीडीपी का लगभग 4.3 प्रतिशत है। यह सरकार के कुल खर्च और कुल प्राप्तियों के बीच का अंतर है, जो उनकी उधार लेने की जरूरत को दर्शाता है। राजस्व घाटा 5.92 लाख

* Not recorded.

Contents Page

करोड़ रुपये है, जो जीडीपी का 1.5 प्रतिशत है। यह राजस्व खर्च और राजस्व प्राप्तियों के बीच की कमी को दर्शाता है। ये तमाम राजकीय घाटे चालू वर्ष की उधार आवश्यकताओं को दर्शाते हैं।

मैं उन तमाम मुद्दों की बात भी करूंगा, जो इस विधेयक से प्रभावित होंगे। हम वित्तीय स्थिति की बात करें, जो बजट में निर्धारित राशि और लगातार कम राशि आवंटित करने से जुड़ी है। सदन द्वारा जो पहले मंजूर की गई पूरक मांगों में 2.81 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च की मांग की गई थी, जिसमें से 2.01 लाख करोड़ रुपये भारत की संचित निधि से होने वाला नया नकद खर्च है। अतिरिक्त खर्च की इतनी बड़ी राशि पेश की गई है, जबकि अगले वित्त वर्ष के लिए जो केंद्रीय बजट है, उस पर चर्चा चल रही थी और ऐसे में मूल बजट अनुमानों की पर्याप्तता पर यह सवालिया निशान खड़ा होता है।

सरकार का कहना है कि बदलते वैश्विक हालात के जवाब में वित्तीय लचीलापन बनाए रखने के लिए यह कदम आवश्यक है, लेकिन अतिरिक्त खर्च का एक बड़ा हिस्सा उन मदों से जुड़ा है, जिनका पहले से अनुमान लगाया जा सकता है, जैसे भोजन और उर्वरक पर सब्सिडी तथा राज्यों को दिया जाने वाला पैसा। ऐसे में अनुपूरक मांगों में ऐसे मदों का बार-बार आना सरकार की उन लगातार कोशिशों के अनुरूप है, जिसके तहत वह खर्च की मुख्य मदों के लिए बजट में कम रकम रखती है और बजट पेश करते समय कसी हुई वित्तीय स्थिति दिखाने की कोशिश करती है।

इसमें जो रुपये का मूल्यह्रास है, इस पर भी मैं चर्चा करना चाहूंगा, क्योंकि आरबीआई के हस्तक्षेप से करदाताओं को जो नुकसान हो रहा है, वह चिंता का विषय है। रुपये का लगातार गिरना — रुपये की डॉलर से तुलना करें, तो 94 रुपये प्रति डॉलर से भी अधिक गिर चुका है। ऐसी स्थिति में यह बाजार की सामान्य अस्थिरता की बजाय व्यापक आर्थिक प्रबंधन में गहरी कमजोरियों को दर्शाता है।

कमजोर मुद्रा ने कच्चे तेल, खाने के तेल, उर्वरक, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिकित्सा सामग्री जैसे जरूरी आयात की लागत को भी बढ़ा दिया है, जिससे महंगाई और बढ़ गई है। अगर हम अनुमान लगाते हैं, तो 1 प्रतिशत का depreciation भी महंगाई को 0.2 से 0.3 प्रतिशत अंकों तक बढ़ा देता है, जिससे परिवारों की खरीदने की क्षमता कम हो जाती है, कई बार लगभग समाप्त भी हो जाती है। ऐसे में छोटे व्यवसायों और निर्माताओं की इनपुट कॉस्ट बढ़ जाती है।

अगर हम 2014 से 2026 तक डॉलर की तुलना करें, तो उस वक्त डॉलर लगभग 60 रुपये के आसपास था और आज 94 रुपये के पार है। स्थिति भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मंत्रियों की पहुंच से बाहर चली गई है। स्थिति इनके कंट्रोल में नहीं है।

अगर हम गोल्ड और सिल्वर की बात करें, तो गोल्ड और सिल्वर की जो दरें और मूल्य हैं, वह इतना ज्यादा बढ़ चुके हैं कि वह भी नियंत्रण के बाहर हो गए हैं। सरकार उन्हें नियंत्रित नहीं कर पा रही है। इस मामले को मैंने पहले भी शून्यकाल में उठाया था और ताज्जुब की बात है कि

Contents Page

भारतीय जनता पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा था कि यह तो ग्लोबली गवर्न होता है और राज्यसभा के अंदर इस तरह से ज्ञान देने की बात की जा रही है।

मैं कहना चाहूंगा कि सरकार इस तरह से हाथ झटकने का काम नहीं कर सकती। अगर सरकार अपने कंट्रोल में नहीं ले सकती है, तो सरकार को सत्ता में रहने का अधिकार ही नहीं है।

आज देश का एक आम नागरिक भी समस्या से जूझ रहा है, जहां सोने-चांदी की कीमतें इतनी बढ़ गई हैं — जो हमारी परंपराओं और जरूरतों का एक हिस्सा हैं — वह आम जनता की खरीद से बाहर जा चुकी हैं। ऐसे में लगातार रुपये का गिरना और सरकार तथा आरबीआई का किसी तरह का कोई हस्तक्षेप न करना भी सरकार की जवाबदेही पर एक प्रश्नचिन्ह लगाता है।

मैं इस मामले में कहना चाहूंगा कि सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। इसमें आयात शुल्क घटाना चाहिए और जीएसटी की दरों को कम करना चाहिए, ताकि किसी हद तक जनता को राहत प्रदान की जा सके।

हम अगर इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की बात करें, तो आईएमएफ के 2025 के अनुच्छेद 4 परामर्श (Article IV Consultation) में भारत के राष्ट्रीय खातों को C ग्रेड दिया गया है। इसके जो four-step assessment system है, जो चार स्तरीय मूल्यांकन प्रणाली है, उस प्रणाली का यह सबसे निचला दूसरा ग्रिड है और यह इस बात को दर्शाता है कि डेटा नियमित रूप से समय पर संकलित किए जाते रहे हों, फिर भी कुछ हद तक कार्य प्रणाली संबंधी कमियां निश्चित रूप से आर्थिक निगरानी और विभिन्न देशों के बीच तुलना में बाधा डालती हैं। ऐसे में कुल मिलाकर रुपए का लगातार गिरना, घटते भंडार और डेटा की गुणवत्ता को लेकर चिंता - ये सभी आपस में जुड़ी हुई व्यापक आर्थिक चुनौतियां हैं, जो जीवनयापन की लागत को बढ़ा देती हैं, कर चुकाने के बोझ को बढ़ाती हैं और विदेशों में शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं की लागत में वृद्धि करती हैं। इसका सबसे अधिक और असामान्य प्रभाव मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों के ऊपर देखने को मिलता है। अगर हम लोग उर्वरकों की बात करें, तो भारत की जो आयात संवेदनशीलता है, उसको किस प्रकार से दर्शाया गया है? उर्वरक सब्सिडी के लिए किए गए भारी-भरकम पूरक प्रावधान भारत के उर्वरक क्षेत्र में मौजूद ढांचागत कमजोरियों को बेनकाब करते हैं। पिछले साल मॉनसून के अपेक्षाकृत अनुकूल रहने के बावजूद भी भारत के कई में हिस्सों में किसानों ने उर्वरक की कमी की शिकायत की थी, इससे बुआई का चक्र बाधित हुआ और खेती के महत्वपूर्ण चरण के दौरान खेती की जो लागत है, वह किसानों के लिए बढ़ गई। किसान उस लागत को पूरे तरीके से लगाने में सक्षम नहीं हो पाए। अब सरकार को पूरक मांगों के माध्यम से अतिरिक्त सब्सिडी सहायता प्रदान करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह इस बात को रेखांकित करता है कि भारत किस हद तक आयातित उर्वरकों, विशेष रूप से phosphatic और potassic input पर निर्भर है। West Asia की बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता भारत के उर्वरक और कृषि आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए चिंताएं पैदा करती है। भारत उर्वरक उत्पादन के लिए पश्चिमी एशियाई देशों से आयातित LNG-Liquefied Natural Gas पर निर्भर है और एलएनजी की किसी भी कमी का घरेलू उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। West Asia में हम Strait of Hormuz की बात करें, जो critical

Contents Page

maritime chokepoint है, जहां से तेल सऊदी अरब, ईरान, यूएई, कुवैत और इराक से हॉर्मुज के माध्यम से एशिया की तरफ आता है। हॉर्मुज के समुद्री मार्ग से देश में लगभग 60 प्रतिशत कच्चा तेल और 50 प्रतिशत गैस आती है। इससे तमाम आयात बाधित हो रहा है। जहां ईरान को हम अपना मित्र मानते हैं, वहीं इसकी बिल्कुल परवाह ही नहीं की गई है। सरकार ने एलपीजी मामले में देश को संकट में डालने का काम किया है। हम 5 Trillion economy की बात करते हैं और बात करते हैं कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कतार में है, लेकिन तीसरी अर्थव्यवस्था की कतार में है या नहीं है, लेकिन एलपीजी के लिए देश को जरूर कतार में खड़ा करने का काम कर दिया है। जैसाकि नोटबंदी के वक्त भी देश को कतारों में खड़ा करने का काम किया गया था और नोटबंदी में हुआ क्या, वह आज तक देश को पता ही नहीं चला कि उसे किस प्रकार से उन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति सरकार नहीं कर पा रही है। एलपीजी की किल्लत से आर्थिक और राजनीतिक असंतोष बढ़ रहा है। एलपीजी की वजह से व्यवसायों में संकट उत्पन्न हो रहा है। होटल और रेस्टोरेंट्स बंद हो रहे हैं। घरेलू बजट भी गड़बड़ा रहा है, कालाबाजारी भी बढ़ रही है। मार्किट में ढाई हज़ार रुपए तक गैस सिलेंडर बिक रहा है। स्टूडेंट्स, जो PG, Hostel में रह रहे हैं, उन पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। लोग लकड़ी के प्रयोग की तरफ वापस जा रहे हैं। वे लकड़ी के प्रयोग को करने के लिए मजबूर हैं। कहां तो हम देश को आगे बढ़ाने की बात करते हैं, डिजिटल इंडिया की बात करते हैं और कहां हम फिर से लकड़ी और पाषाण युग के अंदर देश को ले जाने की कार्रवाई करने की बात कर रहे हैं। मैं एक बात कहना चाहूंगा कि औद्योगिक इकाइयों पर एलपीजी का बहुत प्रभाव पड़ रहा है, जिसकी वजह से लेबर क्लास के पास पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उससे औद्योगिक इकाइयों को भी बहुत नुकसान हो रहा है। *

श्री उपसभापतिः आप ऐसे नहीं बोलिए। You cannot comment. आप नियम जानते हैं, आप नियम के तहत ही बोल सकते हैं। प्रधानमंत्री के बारे में बोलने से पहले आपको substantiate करना होगा। यह रिकॉर्ड पर नही जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगीः एलपीजी की सुचारू व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं और आप गैस टेक्नोलॉजी दे रहे हैं! आप देश को किस प्रकार की परिस्थितियों में डालने की कोशिश कर रहे हैं? * यह नहीं चलेगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप अपने विषय पर बोलें। आप विषय पर जो कुछ बोलेंगे, वही रिकॉर्ड पर जाएगा। आप नियम के विषय में जानते हैं, आप अपने विषय पर बोलिए।

श्री नीरज डांगीः एक तरफ वह वक्त था, जब प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थीं। उन्होंने अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव आने नहीं दिया। उस समय, जब वे प्रधान मंत्री थीं, तो अपने निर्णय खुद लिया करती थीं, लेकिन आज हम दबाव में अपने निर्णय ले रहे हैं और देश में इस तरह की परिस्थितियां बन गई हैं। आज हम ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं, हम उस अर्थव्यवस्था की बात करते हैं कि विश्व की तीसरी इकोनॉमी बनेंगे। अमेरिका और चाइना उस स्थिति में नहीं हैं,

* Not recorded.

Contents Page

लेकिन हमारा देश आज भी गरीबी के उस स्तर पर है, जहाँ हमें एलपीजी की कतारों में खड़े होने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार को यह जानने की आवश्यकता है और इसका एक फुल-प्रूफ समाधान करने की भी आवश्यकता है।

महोदय, एलपीजी सिलेंडर्स को लेकर जो परेशानियाँ राजस्थान में आई हैं, मैं उस पर भी कुछ प्रकाश डालना चाहूँगा। डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड, यानी ओटीपी का सिस्टम बना दिया गया है, उसको हंड्रेड परसेंट लागू करने की बात कही गई है। जिन लोगों के पास, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के पास, जहाँ मोबाइल फोन्स ही नहीं है, उनके पास कैसे ओटीपी पहुंचेगा और वे कैसे एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करेंगे – यह सोचने वाली बात है। वहाँ मोबाइल अपडेट ही नहीं है।

महोदय, ऐसा भी ज्ञात हुआ है जो 14.2 के.जी. का सिलेंडर है, बहुत जल्द उसमें भी दिक्कत होगी। जिस तरह से एलपीजी की किल्लत चल रही है, उस हिसाब से उस 14.2 के.जी. सिलेंडर में सिर्फ 10 के.जी. गैस ही दी जाएगी। उसका कितना भुगतान होगा? जो 942 रुपये का सिलेंडर है – उस पर कितना भुगतान होगा – यह बात अभी क्लियर नहीं है। हो सकता है कि जो 10 के.जी. का सिलेंडर है, उसका भुगतान 942 रुपये के हिसाब से करना पड़े। महोदय, देश को इस पर सतर्क होना पड़ेगा। इसी प्रकार से जिन लोगों के मोबाइल नंबर चेंज हो गए हैं और वे online updation चाहते हैं, उनके online updation नहीं होने की वजह से, वे रिफिल नहीं करवा पा रहे हैं। इसी तरह से शहरी क्षेत्रों के अंदर जो पिछली बुकिंग है, उसके 25 दिन के बाद ही उन्हें नई डिलिवरी प्राप्त होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अवधि 45 दिन की है। 45 दिन से पहले उन्हें नई डिलीवरी नहीं मिल पाएगी। नए कनेक्शन पर और डीबीसी पर भी पूरे तरीके से रोक लगा दी गई है। इसी तरह से गैर-घरेलू सिलेंडर की बिक्री पर भी रोक लगा दी गई है। इस वजह से होटल उद्योग बंद होने की कगार पर पहुँच रहा है। उनकी परिस्थितियाँ बहुत गंभीर हैं। जिन लोगों ने e-KYC नहीं किया है, उनके लिए भी सिलेंडर्स पर रोक लगा दी गई है। सब्सिडी वाले सिलेंडर्स 12 की जगह 9 दिए जाएंगे, 'उज्ज्वला योजना' में भी आठवें और नवें रिफिल से पहले, अगर e-KYC नहीं है, तो आठवें और नौवें सिलेंडर पर किसी भी प्रकार की सब्सिडी प्रदान नहीं की जाएगी। एलपीजी को लेकर राजस्थान और देश में इस प्रकार की तमाम परिस्थितियाँ, दिक्कतें और तकलीफें देखने को मिल रही हैं। अगर हम 2014 और 2026 की तुलना करते हैं, तो पेट्रोल, जो पहले 70 रुपये प्रति लीटर था, वह आज लगभग 95 से 105 रुपये प्रति लीटर के आसपास है, जो कि 35 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि है। इसी प्रकार से डीजल, जो कि 54 से 57 रुपये प्रति लीटर था, वह अब लगभग 87 से 95 रुपये प्रति लीटर है। इसमें भी 60-70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एलपीजी, जो पहले 414 से 450 रुपये प्रति सिलेंडर हुआ करता था, वह आज 910 से 942 रुपये के बीच है। इसमें 100 प्रतिशत से भी ज्यादा वृद्धि की गई है। ऐसे में मैं इस विधेयक के प्रभाव के बारे में बताना चाहूँगा। आधिकारिक रूप से जो ग्रामीण आधारित योजनाएं हैं, उनमें रोजगार प्रधान से पूँजी प्रधान योजनाओं की ओर जो बदलाव आ रहा है, उसके बारे में मैं बताना चाहूँगा। जहाँ तक मनरेगा की बात है, तो मनरेगा में ग्रामीण परिवारों के लिए माँग आधारित रोजगार की गारंटी का प्रावधान था। इसमें 30 हजार करोड़ का आवंटन मिलता था, वहीं वीबी – जी राम जी योजना में 95 हजार करोड़ आवंटित किए गए हैं। हालांकि, यह राशि भी 125 दिनों के काम करने के लिए पूर्ण

Contents Page

नहीं है। जब यह कार्य पूरा होगा, तो इसमें जो अनुमानित राशि है, उसमें लगभग 2.3 लाख करोड़ की जरूरत होगी। ऐसे में क्या राज्य अपनी भूमिका को पूर्ण तरीके से निभा पाएंगे? यह जान पाना भी मुश्किल है। इस पर भी प्रश्नचिह्न है। कई राज्य चाहते ही नहीं हैं कि वे अपनी भागीदारी इस योजना में निभाएं। इस योजना को एक सोचे-समझे तरीके से खत्म करने की कोशिश है।

महोदय, हम अनुसूचित जाति-जनजाति की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियों के बारे में बात करते हैं। इस पर भी लगातार कम खर्च हो रहा है। सामाजिक न्याय को प्राथमिकता देने के बार-बार किए गए दावों के बावजूद, केंद्र सरकार अनुसूचित जातियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्तियों पर लगातार कम खर्च कर रही है और यहाँ तक कि आवंटित फंड का भी पूरी तरीके से उपयोग करने में असफल रही है। मैं बताना चाहूँगा कि 2023-24 में जो वास्तविक खर्च 6,359 करोड़ था, वही घटकर 5,476 करोड़ रुपये हो गया और यह पैटर्न उससे पहले के सालों में और भी कम था। ऐसे में सरकार किस प्रकार छात्रवृत्तियों पर कम खर्च कर रही है, यह इस बात को दर्शाता है।*...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः नीरज डांगी जी, प्लीज़ आप बिल पर बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप बिल पर बोलिए, वही रिकॉर्ड पर जाएगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगीः सर, मैं बिल्कुल बिल पर ही बोल रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)... जो इस प्रकार से बात करते हैं, वे सरकारें अनुसूचित जाति और जनजाति के बजट के प्रति, उनके प्रावधानों के प्रति और उनके संरक्षण के प्रति कितनी संवेदनशील हो सकती हैं, यह इस बात को दर्शाता है।

सर, मैं प्री-मैट्रिक छात्रवृत्तियों के उपयोग को लेकर लगातार आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा करना चाहूँगा। एससी और अन्य वंचित छात्रों के लिए बनाई गई प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप में भी कम इस्तेमाल का पैटर्न मिलता है। 2023-24 में 500 करोड़ के बजट अनुमान के मुकाबले 446 करोड़ खर्च हुआ। 2022-23 में यह अंतर और ज्यादा स्पष्ट हो गया, जहाँ 500 करोड़ के संशोधित अनुमान के बावजूद, असल में जो खर्च हुआ, वह महज 208.62 करोड़ रह गया और 2021-22 में 725 करोड़ की जगह 570 करोड़ का ही इस्तेमाल हो पाया। इसी प्रकार, एससी-एसटी कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर भी सरकार से अपर्याप्त सहायता प्राप्त हो रही है। नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 और एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के पालन के लिए तंत्र को मजबूत करने हेतु दी जाने वाली केंद्रीय सहायता कई वर्षों से लगातार स्थिर बनी हुई है। यह स्थिति एससी–एसटी समुदायों के खिलाफ होने वाले अपराधों से निपटने में गम्भीरता की कमी को दर्शाती है। यह बड़ा ही गम्भीर और चिंता का विषय है। *...(**व्यवधान**)...

श्री मदन राठौड़ (राजस्थान)**:** सर, ये असत्य बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... बेबुनियाद बात कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभपातिः आप विषय पर बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आपस में बात न करें। ...(**व्यवधान**)...

* Not recorded.

Contents Page

श्री नीरज डांगी: अगर मैं आधार दूँगा, तो आप जवाब नहीं दे पाएंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभपाति : आप राज्य के बजाय बिल पर बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगी: जिस प्रकार की परिस्थितियाँ बनी हुई हैं, ऐसे में एट्रोसिटीज़ पर अंकुश लगाने का काम सरकार कर ही नहीं पा रही है। * ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: नहीं, नहीं। ...(**व्यवधान**)... आप नियम जानते हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज डांगी: *

श्री उपसभापति: नीरज डांगी जी, आप जो ऐसी बातें बोलेंगे, वे रिकॉर्ड पर नहीं जाएंगी। आप विषय पर बोलिए।

श्री नीरज डांगी: अगर हम जमीनी स्तर पर बात करें, तो खाली पदों की रिकॉर्ड ऊँची संख्या होने के बावजूद भी आईसीडीएस की फंडिंग सिर्फ प्रक्रियात्मक बनी हुई है, उसमें भी फंडिंग की कमी सामने है। ऐसी परिस्थितियों में सरकारों को चाहिए कि इन फंड्स को बढ़ाया जाए और इन खाली पदों को जल्द से जल्द भरने का कार्य किया जाए। राज्यों को दरकिनार करने और संघवाद को कमजोर करने के लिए भी सेस और सरचार्ज का जो अत्यधिक उपयोग है, वह भी गलत है। उसमें इस प्रकार के प्रावधान किए गए हैं कि केंद्र सरकार ने राज्यों को पूरे तरीके से अपनी ग्रिप के अंदर ले रखा है। राज्यों को अपना वह शेयर नहीं मिल पा रहा है, जिसके वे सही मायने में हकदार हैं। कई महत्वपूर्ण बातें सामने हैं, लेकिन मैं इस मौके पर यही कहना चाहूंगा कि इस विधेयक के अंतर्गत स्वीकृत सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा की जाए, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक रुपये का सही उपयोग जनहित में हो रहा है या नहीं। सरकार बार-बार विकास का नारा देती है। मैं पूछना चाहता हूं कि विकास कहां है? वह युवा, जो डिग्री लेकर सड़कों पर नौकरी ढूंढ रहा है या आईआईएम और आईआईटी के जो डिग्रीधारक हैं, उनको भी नौकरियां नहीं मिल पा रही हैं, तो किस प्रकार के रोजगार का सृजन सरकार कर रही है, यह सामने है। इस विधेयक में इस प्रकार की कोई उम्मीद दिखाई नहीं देती है। किसान, जो कर्ज में डूबा हुआ है, क्या उसे यह बजट राहत दे रहा है? इसका भी जवाब है - नहीं। बड़े-बड़े आंकड़े जरूर पेश किए जाते हैं, लेकिन जमीन पर हकीकत कुछ और है। जमीनी हकीकत को छुपाने का काम किया जाता है। मैंने पूर्व में भी कहा था कि महंगाई पर नियंत्रण नहीं है। सरकार रोजगार पर स्पष्ट रोड मैप नहीं बना पाई है। इस बजट में गरीबों के लिए सिर्फ खोखले वादे हैं। इस विधेयक में पारदर्शिता की भारी कमी है। ...(**समय की घंटी**)... पैसा कहां जा रहा है? सर, मैं हाफ मिनट में कंक्लूड कर रहा हूं। पैसा कैसे खर्च हो रहा है? इसका कोई स्पष्ट जवाब सरकार के पास नहीं है। सरकार अपनी जवाबदेही से बचने का कार्य कर रही है। यह विधेयक देश के करोड़ों लोगों की उम्मीदों पर पानी फेरने का काम कर रहा है और यह आम आदमी की जेब पर बोझ डालता है। कुछ चुनिंदा लोगों को जरूर फायदा पहुंचाने का काम किया जाता है। तमाम विपक्षी दलों ने केंद्रीय बजट 2026-27 और इसके बाद के विनियोग विधेयक को वास्तविकता से परे, जन विरोधी और संघ विरोधी करार

* Not recorded.

Contents Page

दिया है। ...(**समय की घंटी**)... यह तर्क देते हुए कि बेरोजगारी, ग्रामीण संकट और उच्च मुद्रास्फीति की समस्याओं का समाधान करने में यह विफल रहा है। केंद्रीय बजट गैर-भाजपा राज्यों के साथ कथित सौतेले व्यवहार, उच्च ऋण चुकौती और सामाजिक व्यय में कटौती पर केंद्रित है। ...(**समय की घंटी**)... सरकार को इस पर प्रमुखता से ध्यान देने की आवश्यकता है। बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद!

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri H.D. Devegowda.

SHRI H. D. DEVEGOWDA (Karnataka): Mr. Deputy Chairman, Sir, thank you very much for permitting me to speak on the Appropriation (No.2) Bill, 2026. I know the scope of discussion. As an opposition leader, former Minister, former Chief Minister and former Prime Minister, I know the scope of discussion. I do not want to criticise anybody. Today, the hon. Prime Minister has taken the decision and given a message from the Government: Growth leads consumption. Under what circumstance the hon. Prime Minister has given this message to the nation! We know the Gulf War is going on. I can speak volumes. In 1973, late Madam Gandhi in Nagpur made a speech and said 'curb consumption'. Under what circumstance, did she say that? It was in the backdrop of 1971 Bangladesh war. As a consequence of that, what had happened to the Indian economy? The price of one litre of *Mitti ka tel* (kerosene) was Rs.12. Today, our friend has spoken on the present circumstances. Our Minister is sitting here. He is struggling. At Mangalore Harbour, one ship has come. In Karnataka black market -- I do not want to blame the Government -- what kind of things are going on? I am not going to speak much on Karnataka. The price of one kilogram of sugar was Rs.18 at that time. I was the Leader of the Opposition. I spoke on the floor of the House in Karnataka Legislative Assembly. And, now, our same friends are talking about today's situation about the non-availability of gas, fuel and black market! Today morning, I was attending the Committee on Agriculture. I wrote a letter to the hon. Chairman to clarify what has happened. After the photo session, I was forced to go to Bengaluru because Ugadi festival in south India is a very important festival. I went there. On that day, I was fortunate to sit by the side of Madam Gandhi. She is the senior-most leader in the Congress. I know she has got sufficient maturity. I had written a letter on how the Parliament is functioning. I am glad, she gave a very valuable reply and she congratulated me for the Ugadi festival. That is the maturity. Khargeji is a good friend of mine. I entered the Legislature in 1962 as a non-Congress candidate. I was expelled from the Congress. Sanjiva Reddyji was the President, and Pandit Jawaharlal Nehru was the Prime Minister. I am sitting here in the last phase of my life as a Member of the Rajya Sabha, and my term is going to expire in about one month. I am not bothered.

Contents Page

Sir, in 2014, hon. Prime Minister, Narendra Modi ji, led an election campaign in Karnataka. In Chikkaballapura, he made an attack on me and my party. I responded to that and said, "Modi *sahab*, if your party gets 280 seats on your own and you form the Government, then, even after winning the election, I will resign." Sir, in 2014 elections, he won 286 seats. Even after winning 286 seats, rather than forming the Government by himself, he took all the NDA partners along and formed the Government. That shows the maturity of the Prime Minister.

Sir, he invited me to the oath-taking ceremony. I responded to that and came here to attend that ceremony. After the ceremony, he asked me to meet him at 7, RCR after three days. I met him. I was a bitter critic of Modi sahab on Godhra issue. See the maturity of the Prime Minister. When I went to 7, RCR, he came and put his hands on my shoulders and took me inside. He said, Mr. Gowda, you are the senior-most leader. Why have you taken it seriously? In election campaign, parties clash with each other. Even with the Congress, same thing happened. Why have you taken it seriously? You should not resign. You are the senior-most leader; you must stay with me.

Sir, when I was not in the House, my dear friend, Mr. Kharge made a comment that I was in love with Congress, but married Modi ji and BJP. Sir, my love and affection is being talked about. My affection with Modi sahab happened after 2014 when I went to meet him at 7, RCR after Prime Minister's oath-taking ceremony where other SAARC leaders were also present. I was also one of the invitees to that ceremony. Sir, he is a great man, a matured leader. He hugged me and when we went inside the 7, RCR, he said, "Why do you take it seriously? You must remain with me." And, Sir, from 2014, till today, I am with him; not for any personal benefit.

In 2018, my son, Kumaraswamy became the Chief Minister. I did not want to become Chief Minister with the support of Congress because I suffered very badly on previous occasions. I do not want to tell the names of Congress leaders who were sent by Madam Gandhi to make my son Chief Minister. I didn't agree, Sir. Let the country know it. Today, I want to make it clear to all sections of the people in this House and in the other House that I am not a power-hungry politician. When my Government was removed, Vajpayee ji tried his best. Several leaders persuaded me. But, no, Sir, I am not a political politician. Kharge ji is a senior political leader. I have great affection for him. When I was defeated, he was also defeated, I think, in 80s or 90s. He contested for Rajya Sabha. And he sent words to my secretary that

Contents Page

Devegowda must contest. BJP was not prepared to support any of the *...(Interruptions)...*

श्री रामजी लाल सुमन (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः रामजी लाल सुमन जी, कृपया आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)... बहुत senior politician बोल रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... सुमन जी, कृपया आप बैठें। ...(**व्यवधान**)... Nothing will go on record.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: In fact, I contested with the support of ...(Interruptions)... Please! As a Rajya Sabha candidate

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Ramji Lal Suman ji, don't disobey. I will take your name. Please take your seat.

SHRI H.D. DEVEGOWDA: On one side, I got surplus votes from Modi *saheb* and surplus votes from Congress on the other side. I don't tell untruths in my life. Please remember my colleagues from any part of this House, I don't want to hurt the feelings of any party who was responsible to remove my Government. No, I am not bothered. I never spoke a word against anybody. I was with Modi *saheb* in 2014 without any iota of hindrance. I was with him. In 2018, I advised my son not to go there, but they persuaded him, they took him. What happened? In 14 months, he lost. Then I advised him to go with the Bharatiya Janata Party, with the NDA, go with Modi *saheb*. ...(*Time-bell rings.*)... Sir, please. I am not going to misuse the time of this House. The country must know this. Nitish Kumar wants my party to merge. Let me be very honest. I told him, I will not come. There is no question about it. I was with the NDA. There was no question of merger. Today, I am happy. My son might have lost as a Chief Minister. He is in Modi *saheb's* Cabinet. The Leader of the House is sitting here. The Parliamentary Affairs Minister has come. I am happy. But I conclude. I am not going to hurt our Leader of the Opposition, Kharge *saheb*. He is a good friend of mine. We worked together. I entered Legislature in 1962. He came in 1972. After the split, he worked as a Minister in Delhi, in Congress. With Dr. Manmohan Singh, he worked as a Minister. He has done a lot of work. ...(Interruptions)... I am not going to say anything which hurts his feelings.

Sir, I will now say my last words here. I request the friends that they should not try to attack the Government because of gas. The hon. Prime Minister has advised on all these issues, on all essential commodities, how the States should behave, how the Government of India, the Cabinet, should behave. He has conducted a meeting. He

Contents Page

addressed these issues. He is a very mature leader, Sir. Sir, today, in the country, there is only one man who can tell the nation, who can tell the world how situation could be brought under control in the Gulf region. There is only one man, only one leader in this country who can advise even those leaders who are responsible for the war in the Gulf whether it is Trump or 'x' or 'y' or 'z', I am not going to take the name.

Lastly, do something for the country. Don't worry about this Karnataka Government. There are two things. My son was the Chief Minister. There are industrial clusters in seven districts for which he has taken decision. HMT land is lying vacant. Do something there. We have Visvesvaraya Iron and Steel Plant in Bhadravati. He was given Bharat Ratna Award. As Prime Minister, I gave Rs. 650 crore for the survival of Visvesvaraya Iron and Steel Plant and attached it with SAIL. After demitting the office, I see there is now only one small unit. My appeal to the Leader of the House, our Parliamentary Affairs Minister and the Prime Minister is: Do something for Karnataka. Don't bother about the way in which things are going on in Karnataka. I don't want to mention how things are so bad there. I don't want to mention how things are going on in Karnataka. God only will save Karnataka and the country through the leadership of our great leader - Narendra Modi *saheb*.

Sir, with these words, I would like to conclude. ...*(Time-bell rings.)*... Sir, I thank you for having given me this opportunity to speak. I would like to conclude by saying that I am grateful to all the sections of the House, including the TMC leader. I have got the highest regard for the Trinamool Congress Leader. She came when Kumaraswamy took oath. She was one tall leader. And Shrimati Sonia Gandhi. They were all present. That Government was gone within 14 months. Who was responsible? Ask Shri Jairam Ramesh. Thank you very much, Sir. I am grateful to you, Sir. I am grateful to all of you. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Madan Rathore.

श्री मदन राठौड़ (राजस्थान): उपसभापति महोदय, मैं इस महत्वपूर्ण विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2026 पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। उपसभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपसे यह निवेदन करना चाहूंगा कि अभी माननीय सदस्य, नीरज डांगी जी जो यह बोल रहे थे कि राजस्थान में गैस की किल्लत है, तो यह बिल्कुल असत्य बात है। यह ऐसी अफरातफरी पैदा करना चाहते हैं कि यदि कहीं पर यह कह दिया जाए कि यह वस्तु कम है, तो यह एक मानव स्वभाव होता है कि जिसके पास दो सिलेंडर्स हैं, वह एक सिलेंडर और ले लेना चाहता है। ये ऐसी अफरातफरी पैदा करवाना चाहते हैं और इसी कारण से इनको नकार दिया गया।

श्री उपसभापति: आप बिल पर बोलिए।

Contents Page

श्री मदन राठौड़: उपसभापति महोदय, मैं विधेयक पर ही बात करना चाहूँगा।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल)** *पीठासीन हुईं*]

देखिए, आज ये जिस जीडीपी की बात कर रहे थे ...(**व्यवधान**)... नीरज जी, मैं आपकी बात का भी जवाब दूंगा। ये जिस इलाके से लगातार चुनाव हारते रहे, ये दो से अधिक चुनाव हार चुके हैं और चुनाव हारने के बाद इन्होंने सबसे पहले इस प्रकार का मुकदमा दर्ज कराया, जिसकी जांच हुई और वह असत्य साबित हुआ। इस प्रकार की बात इन्होंने सदन में कह दी। मैं सोचता हूँ कि आपको सदन का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए था, क्योंकि आपको पता है कि हम और आप एक ही जिले के निवासी हैं। आप भी उसी जिले में निवास करते हैं और मैं भी उसी जिले में निवास करता हूँ। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष महोदया, हमारे देश के प्रधान मंत्री, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने सभी प्रकार की व्यवस्थाएं कर रखी हैं। इस देश में किसी भी प्रकार की एसेंशियल कमोडिटी में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी, इसकी समुचित व्यवस्था उन्होंने की है। यही नहीं, देश की जीडीपी कितनी बढ़ी है, यह इन लोगों को पता क्यों नहीं है, ये देखते क्यों नहीं हैं? 2014 में वह 106.57 लाख करोड़ थी और अभी वह 331.3 है। आपका ध्यान कहाँ है? आप क्यों नहीं देखते हैं? वर्ष 2014 में कुल निर्यात 468 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो अभी बढ़कर 825 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। आप इस बात को कहाँ भूल रहे हैं?

यही नहीं, सेवाओं में निर्यात 158 बिलियन अमेरिकी डॉलर उस समय था, जो अभी 387 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। वर्ष 2014 में दवा निर्यात 15.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो आज 30.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। आपको यह विकास नहीं दिखता है? इलेक्ट्रॉनिक्स और इस सामान के अंदर 6 बिलियन डॉलर उस समय था और आज 39 बिलियन डॉलर हो गया है। आप किस प्रकार से आँख मूंदकर बैठे हैं? इस बात को आपको समझने की जरूरत है। वर्ष 2014 में इंजीनियरिंग का सामान 73 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जो अभी 117 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, यानी कितना गुना बढ़ा है? रैंकिंग की बात करें, तो ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 2014 में 81वें नंबर पर था और आज 39वें नंबर पर आ गया है। कितनी ग्रोथ हुई है, यह आपको समझने की जरूरत है। वर्ल्ड कंपिटिटिवनेस इंडेक्स में पहले 71वें नंबर पर था और आज 40वें नंबर पर है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में पहले 2014 में 142वें नंबर पर था, जो आज 63वें नंबर पर आ गया है। आप यह क्या बात करते हैं? प्रधान मंत्री जनधन योजना में 55.17 करोड़ खाते खोले गए हैं — यह हमने करके दिखाया है।

यही नहीं, आप इस बात को समझिए कि हमारा एक ही लक्ष्य है, एक ही मंजिल है — विकसित भारत। कई वैश्विक संकटों के बावजूद दुनिया के नेता और विशेषज्ञ भारत की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। अगर आप भविष्य का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो भारत के साथ जुड़ना पड़ेगा। यह बात आपको समझने की जरूरत है।

मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहूंगा कि नेक्स्ट जनरेशन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में यूपीआई ने डिजिटल पेमेंट को कहाँ पहुँचा दिया है। भारत दुनिया का सबसे तेज रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स करने वाला देश बन गया है। यही नहीं, पहले तो लोग सोचते थे कि

Contents Page

आर्टिकल 370 हटेगा या नहीं हटेगा, लेकिन हमारे देश के प्रधान मंत्री ने यह करके दिखाया। हमारे गृह मंत्री जी ने यह करके दिखा दिया। हम भी कश्मीर में आंदोलन करने के लिए गए थे। आपको पता है कि जब हम गए थे, तो वहाँ एक गोली चली थी और एक क्रिस्टल मेरे कॉलर में घुस गया था। पीछे से चीरते-चीरते वह क्रिस्टल नीचे तक उतरा। हम सबने खून बहाया है। हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिसके लिए बलिदान दिया था, लेकिन धारा 370 को हटाने की सफलता का श्रेय हमारे प्रधान मंत्री जी और आदरणीय गृह मंत्री जी को जाता है। ...(**व्यवधान**)... आपने मुस्लिम बहनों के साथ क्या किया था? शाहबानो प्रकरण आपको पता होगा। शाहबानो प्रकरण में आपने पीछे हटकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नकार दिया था और उसे वह मानदेय भी नहीं लेने दिया। आप इस स्तर तक जा चुके थे, लेकिन हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने ट्रिपल तलाक खत्म करके मुस्लिम बहनों को भी सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर दिया है। यह कोई कम बात नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप मुस्लिमों के बहुत हितैषी बनते हैं, लेकिन आपने उनके लिए क्या किया? आपने उनके लिए कभी भी कुछ नहीं किया। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं यह बताना चाहूंगा कि बहनों को, हमारी महिलाओं को भी 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम हमारे देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया। ...(**व्यवधान**)... यही नहीं, पहले हमारा वैज्ञानिक बाहर जाकर अपनी प्रतिभा देता था, लेकिन आज हमारा वैज्ञानिक हिंदुस्तान में अपनी प्रतिभा दे रहा है। हमने मून मिशन किया, सेमीकंडक्टर मिशन, क्वांटम मिशन — फ्रंटियर ऑफ टेक्नोलॉजी की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। अभी जो युद्ध चल रहा है, उसमें भी आप फायदा उठाना चाहते हैं, लेकिन आप जितनी भी अव्यवस्था पैदा कर लें, आप कभी सफल नहीं होंगे। पेट्रोलियम कंज्यूम की बात करें, तो पहले रेलवे में कितना पेट्रोलियम जाता था? आपके समय में रेलवे केवल 20 प्रतिशत इलेक्ट्रिफाइड थी। हमने आज broad gauge 100 per cent electrification किया है। यह बात कोई कम बात नहीं है। आप विषय को समझने की कोशिश करें। यही नहीं, हमने 2024-25 में 180 लीटर डीजल बचाया है। वरना पहले डीजल से इंजन चलते थे। हमने मेट्रो का भी नेटवर्क बढ़ाया है। Renewable energy के मामले में भारत सबसे आगे है। यह बात आपको समझने की जरूरत है। अभी हमने 250 Giga Watt का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। 2014 में solar power capacity 2 Giga Watt थी और आज बढ़कर 130 Giga Watt बनी है। यह आपको क्यों दिखाई नहीं देता है, यह मुझे समझ में नहीं आता। आप देखना नहीं चाहते हैं, इसलिए आप इस प्रकार की बात करते हैं। GOBARdhan Scheme में भी compressed biogas बनाने में हमने काम किया है और 100 से अधिक प्लांट हमने यहां चालू कर दिए हैं। आप इस स्थिति को समझें कि कालाबाजारी कौन करता है? कितने लोग पकड़े गए, उसमें भी * जो कालाबाजारी करते पकड़े गए। यह बात हम सब को समझने की जरूरत है और मैं इसके सबूत दे सकता हूं। ...(**व्यवधान**)... हां, मैं सबूत दे सकता हूं कि किस प्रकार से उनके घरों में 35-35 सिलेंडर्स पकड़े गए। आप ऐसी स्थिति कर रहे हो। देश के अंदर माओवादी कितने थे? पहले हमारी पुलिस मार खाकर आती थी, हमारी सेना मार खाकर आती थी, लेकिन माओवादियों को नेस्तनाबूत करने का काम हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने किया। यही नहीं, 2013 में 180 से अधिक जिले माओवादी, आतंकी प्रभावित थे और हमने हमारे

* Not recorded.

Contents Page

समय में उनको भी सबक सिखाने का काम किया और कइयों को तो मार गिराया और कई लाइन पर आ गए। यह आप सबको पता है। मैं एक बात आपसे बताना चाहूंगा कि किसान के लिए किसने क्या किया? हमारे देश के प्रधान मंत्री जी ने मृदा परीक्षण का काम राजस्थान से शुरू किया था। जमीन के नीचे से जांच करके किसान को यह समझाया कि आपको यहां कौन-सी फसल बोनी चाहिए, जिससे आप लाभान्वित हो सकेंगे। एमएसपी बढ़ाने का काम हमारे प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने किया। डबल से ज्यादा MSP (Minimum Support Price) बढ़ाया। खरीद के बारे में आपको पता है कि कितनी खरीद की। किसान सम्मान निधि के बारे में आपको पता है। मेरे ख्याल से वह आपके यहां भी आती होगी। eNAM योजना दी कि किसान की फसल मार्किट में आती है। अपने यहां रजिस्ट्रेशन कराने के बाद में eNAM - National Agriculture Market हिंदुस्तान के किसी भी कोने में जहां भाव अधिक हो, वहां वह बेच सकता है। ...(**समय की घंटी**)... इस प्रकार की व्यवस्था दी। यदि हमारे किसान की फसल एक साथ मार्किट में आती है, भाव घट जाते हैं, तो गोदाम में रखकर बैंक से पैसा लेकर साहूकार का ऋण चुका दे और उसके बाद में जब भाव आए, तब वह मार्किट में बेचे ...(**समय की घंटी**)... ताकि हमारे किसान को लाभ मिल सके।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री मदन राठौड़: यही नहीं सोलर पंप भी दिया। सोलर पंप के माध्यम से किसान समृद्ध हो रहा है। पहले मजदूर कहीं भी नौकरी करता था, तो उसका ईपीएफ खाता खुलता था। जब मजदूर छोड़कर चला जाता था, तो वह पैसा डूब जाता था। हमारे प्रधान मंत्री जी ने यह व्यवस्था की कि एक खाता उसका रहेगा। वह दस जगह छोड़कर भी जाए, तो भी वह खाता उसके वहीं रहेगा और उसका पैसा डूबेगा नहीं। उसको पूरा पैसा मिलेगा। ...(**समय की घंटी**)... मजदूर की भी चिंता की। ...(**व्यवधान**)... उन्होंने मुद्रा योजना की चिंता की। उन्होंने उद्योग की चिंता की। उद्योग के मामले में भी हम आत्मनिर्भर बनने जा रहे हैं। पहले शस्त्र बाहर से खरीदते थे। पहले तो घोटाले ही घोटाले होते थे। 2G spectrum घोटाला, चारा घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, जीप घोटाला और कोयला घोटाला हुआ था। पता नहीं, कितने घोटाले हुए, लेकिन आज एक भी घोटाला सुनने को नहीं मिलता है। ...(**समय की घंटी**)... इसलिए आपके पेट में दर्द हो रहा है। आपके पेट में दर्द इसलिए हो रहा है कि पहले राजीव गांधी जी कहते थे कि मैं एक रुपया भेजता हूं, पंद्रह पैसा पहुंचता है। अब पूरा का पूरा पैसा नागरिक के खाते में जाता है, तो बिचौलियों को कमाने के लिए नहीं मिल रहा है, इसलिए पेट में दर्द हो रहा है। इसलिए आप इस प्रकार का हंगामा करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): आपका समय पूरा हो गया है।

श्री मदन राठौड़: क्या आपको पता है कि हमारे यहां अब इस प्रकार के शस्त्र भी बनने लगे हैं? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): मदन राठौड़ जी, आपका समय खत्म हो गया है। श्री साकेत गोखले ।

Contents Page

श्री मदन राठौड़ : शस्त्र के मामले में भी हम आत्मनिर्भर बनने लगे हैं। ब्रह्मोस जैसे शस्त्र हिंदुस्तान ने बनाए। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जाएगी, आपका समय समाप्त हो गया है। श्री साकेत गोखले, आप अपना भाषण आरंभ कीजिए।

SHRI SAKET GOKHALE (West Bengal): Madam, my time may be paused. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल): आपका समय समाप्त हो गया है। श्री साकेत गोखले, आप अपना भाषण आरंभ कीजिए।

3.00 P.M.

चाहता, लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहूँगा कि किसी मद के लिए धन का आवंटन ही पर्याप्त नहीं है। यह भी देखना चाहिए कि जिस मकसद के लिए, जिस काम के लिए हमने धन का आवंटन किया है, उसका सही उपयोग हो रहा है या नहीं। मैं आपके मार्फत बहुत विनम्रता के साथ यह निवेदन करना चाहूँगा कि बहुत दिनों से यह देखने में आया है कि धन का आवंटन तो भिन्न-भिन्न मदों के लिए हो जाता है, लेकिन सरकारें उस धन को खर्च ही नहीं कर पाती हैं।

मैडम, हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। सकल घरेलू उत्पाद का ढाई प्रतिशत हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च होना चाहिए, लेकिन सिर्फ 1.9 प्रतिशत खर्च हो रहा है। मैडम, आज क्या स्थिति है? हम कुछ भी कहें, लेकिन हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। जो हिंदुस्तान का गरीब आदमी है, उससे तो स्वास्थ्य सेवाएं कोसों दूर हैं। आज गरीब आदमी की इतनी क्षमता नहीं है कि वह अपना इलाज करा सके। इसका परिणाम यह होता है कि जब सरकारी हॉस्पिटल्स में, या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सुविधाएं नहीं होतीं, तब निजी चिकित्सकों के पास जाना, प्राइवेट हॉस्पिटल्स में जाना उसकी मजबूरी होती है। प्राइवेट हॉस्पिटल की स्थिति यह है कि सरकार का उन पर कोई नियंत्रण नहीं है। बीमार व्यक्ति का दम निकल जाता है, फिर भी उसे वेंटिलेटर पर रखा हुआ है और हास्पिटल का मालिक डॉक्टर यह कहता है कि अभी साँसें चल रही हैं! मैं आपके मार्फत निवेदन करना चाहूँगा कि आज स्थिति यह है कि परिवार के लोगों को लाशें भी नसीब नहीं हो पातीं। मैं कहना चाहूंगा कि ये जो निजी अस्पताल हैं, ये गरीबों की लाशों के सौदागर हैं, ये इसके अलावा और कुछ नहीं हैं। सरकार ने कभी इन पर नियंत्रण नहीं किया। सरकार इनको बहुत रियायती शर्तों पर अनुमति देती है। ये सरकार की दृष्टि से बिल्कुल निरंकुश हो गए हैं। मैडम, आज हिंदुस्तान के गरीब आदमी की स्थिति बहुत ही दयनीय है और वह हमारे देश में बहुत बेबस और लाचार है। मैंने पहले आपसे निवेदन किया और मैं आपके मार्फत एक और निवेदन और करना चाहूंगा कि हमारे देश में बजट का आवंटन ही काफी नहीं है। इसके संबंध में मैं उदाहरण के तौर पर दो-तीन बातें आपके मार्फत कहना चाहूंगा। ...(**समय की घंटी**)... मैडम, मैं एक मिनट का समय और लूंगा। पिछले साल दिल्ली सरकार का 43 फीसदी बजट खर्च ही नहीं हुआ। 2025-26 का उत्तर प्रदेश सरकार का जो स्वास्थ्य बजट था, उसमें 56 फीसदी पैसा खर्च ही नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश की सरकार ने आपातकालीन स्वास्थ्य के लिए 155 करोड़ के बजट का प्रावधान किया था। उसमें से एक नया पैसा खर्च नहीं हुआ। मैं आपके मार्फत यही निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार पैसा तो भेज देती है और हम यह जानते हैं कि भारत सरकार जो नीति बनाती है, राज्य सरकारें उसको क्रियान्वित करती है, लेकिन पैसे का सही इस्तेमाल नहीं होता है। ये विश्व गुरु बनने की बात करते हैं। आम आदमी की इनको कोई चिंता नहीं है और मैं बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहूंगा कि ये विश्व गुरु तो अब बन नहीं पाएंगे, ...(**समय की घंटी**)... बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRPERSON (SHRIMATI RAJANI ASHOKRAO PATIL): Shri Harsh Vardhan Shringla. Shringla *ji*, you have ten minutes.

श्री हर्ष वर्धन श्रृंगला (नामनिर्देशित): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, आज सेकंड एप्रोप्रिएशन बिल के विषय पर बोलने की अनुमति देने के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। आपको याद

Contents Page

होगा कि मैं फर्स्ट एप्रोप्रिएशन बिल पर भी बोला था। उस समय मुझे 10 मिनट का टाइम दिया गया था, पर 6 मिनट में मुझे रोक दिया गया, क्योंकि शायद समय की कमी थी। मेरे कुछ महत्वपूर्ण बिंदु उस समय के भी हैं, जो मैं आज कहना चाहूंगा।

मैडम, मैं भारत की अर्थव्यवस्था, macroeconomic management के लिए माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतरमण जी को बधाई देना चाहता हूं। आज अगर दुनिया का माहौल देखें, तो ज्यादातर देशों में जीडीपी घटती जा रही है। इसका रेट ऑफ ग्रोथ घटता जा रहा है। इनफ्लेशन बढ़ता जा रहा है। ज्यादातर विकासशील देश अपना अंतरराष्ट्रीय कर्जा पूरा नहीं कर पा रहे हैं। इस स्थिति में भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया में बहुत ही सकारात्मक रूप में देखा जाता है। अगर हमारी अर्थव्यवस्था को देखें, तो 2025-26 के लिए हमारी इकोनॉमी वर्ल्ड की फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी थी, जिसमें हमने 7.6 परसेंट ग्रोथ रेट प्राप्त किया था। उसके अलावा इस साल हमारा इनफ्लेशन रेट 2.5 प्रतिशत से कम रहा है, जो कि हमारे देश में और दुनिया में one of the lowest rates of inflation माना जाता है। हमारी फॉरेन एक्सचेंज स्थिति और आज की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखें, तो यह बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमारी फॉरेन एक्सचेंज स्थिति आज 725 बिलियन डॉलर है, जिससे हम 11 महीने से ज्यादा इम्पोर्ट कर सकते हैं। अगर आप अगर दुनिया में देखें, तो ज्यादातर देशों का 2 या 3 महीनों के लिए ही इम्पोर्ट्स का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व्स हैं। ये बड़ी अच्छी स्थिति है और अगर आप आज की स्थिति देखें, the situation that we see with regard to the West Asian conflict, I think it is important to assess the preparations that we have made for this emerging situation, not only in the short term, but also over a period of time in the last few years. And I want to just go over that very briefly.

The first, of course, is in terms of measures that we have taken in the immediate Budget. Now in the Appropriation Bill, we have made provision for what is called the Economic Stabilisation Fund. This is one of the strongest features in this package. This is an instrument of sovereign foresight. The proposed Economic Stabilization Fund with a total outlay target of one lakh crore rupees is a major policy innovation in this year's supplementary demands.

4.00 P.M.

[THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA) *in the Chair.*]

Its purpose is not abstract. It creates fiscal headroom for the Government to intervene when external shocks begin to transmit directly into the domestic economy through fuel, fertilizer, freight and other input costs.

Sir, given the conflict in the West Asian region, through which roughly 20 per cent of global oil supply moves, any sustained disruption obviously has a direct

Contents Page

implication on us. India cannot remove itself or remove that risk from the world. But, what we can do is to prepare for its consequences. The Economic Stabilization Fund allows the Government to cushion the effect of sudden price spikes without resorting to emergency borrowing that would breach Fiscal Deficit targets, allows the Government to protect households and farmers, and maintain certain stability in our economy. But, look at the progress we have made over the years. There was a comment made by fellow parliamentarian, Dr. John Brittas, that India's reliance on fossil fuels is increasing. Let me tell you about the measures we are taking to increase our production of non-fossil fuels, a move towards green and clean energy. In 2021, Prime Minister Modi was in Glasgow for the Climate Change Summit when he pledged what is called '*Panchamrita*' and one of the important points of that '*Panchamrita*' was that by the year 2030, India's total installed electric capacity would be more than 50 per cent from renewable energy and green energy. And I am happy to say that four years before that target, we have already surpassed 51.5 per cent of our installed electric capacity through green energy today. So, renewable energy is meeting a major part of our installed electric capacity today. He also made the pledge that we will produce 500 GW of renewable energy by the year 2030. Today, we already have 265 GW of renewable energy. We are producing renewable energy at the rate of 50 GW a year and we are well on our way to surpass our target of 500 GW of renewable energy by the year 2030.

Sir, today, India is the third largest producer of solar energy in the world; we are the fourth largest producer of wind energy in the world. We have a very enviable record there. Not only that, we have recently introduced the SHANTI Bill, on which I had also spoken, in which we were able to open up that sector to both private domestic investments and foreign investments, with a goal of raising our production of clean nuclear energy to 100 GW by 2047. So, we are moving towards a cleaner and greener energy mix. Keep in mind that India is the initiator of major international level efforts to make the planet greener. The International Solar Alliance is India's initiative. The Coalition for Disaster Resilient Infrastructure is India's initiative. The Global Biofuels Alliance, which was initiated during our G20 Presidency in November, 2023, was also a major factor in contributing to our ethanol mix. In our petrol, today, we have 20 per cent ethanol mix, which is very, very useful in reducing our dependency on imported fossil fuels.

Sir, now, if we look at this particular Appropriation Bill before us, we have many measures today that are designed to mitigate the impact of what is happening in West Asia by moving, as I said, towards a more modernized and a greener system

Contents Page

of energy. For transportation, an allocation of Rs.4,99,000 crore is made for creating a world class infrastructure and seamless connectivity, fully modernized high speed rail; there is Agriculture and Farmer Support of Rs. 2,32,000 crore; there is Atmnirbhar Defence of Rs. 2,19,000 crore; and, as I said, for Renewable Energy, there is an amount of Rs. 44,000 crore, in addition to nurturing Amrit PD which is Human Capital and Public Health.

Vice-Chairman, Sir, I wanted to also mention, अभी हाल ही में जब प्रधान मंत्री जी 14 मार्च को पश्चिमी बंगाल के दौरे पर थे, तो उस अवसर पर उन्होंने कई infrastructure-related projects का उद्घाटन किया, जिनका टोटल अमाउंट 18,760 करोड़ रुपए है। उनमें से बहुत सारे port modernization, highway modernization, rail modernization के projects हैं, जिनसे पश्चिमी बंगाल के लोगों को फायदा मिल सकता है। अफसोस की बात यह है कि बंगाल में जो भी विकास हुआ है, वह केंद्रीय सरकार की तरफ से हुआ है। राज्य सरकार की तरफ से बहुत कम initiatives हैं, जिनसे बंगाल के लोगों को फायदा मिला है। इस कारण से बंगाल most industrialized State से आज least industrialized State हो रहा है। पहले जो देश भर से लोग रोजगार के लिए बंगाल में आते थे, आज बंगाल के लोग रोजगार के लिए बाहर जाते हैं।

महोदय, मैं इसके कुछ उदाहरण देना चाहता हूं। जो प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना है, इसमें एक-एक परिवार को अपने घर में renewable energy के लिए solar energy plant लगाने पर 75-80 हजार रुपये मिल सकते हैं। मेरे खुद के घर में, जो मैंने हाल में ही सिलिगुड़ी में बनाया है, इसमें मैंने हमारे 'ग्रीन भारत' का दृष्टिकोण देखते हुए, सोलर एनर्जी का प्रबंध किया है। उसके लिए मैं जब राज्य सरकार के पास, शासन के पास गया और कहा कि आप मुझे अपना पीएम सूर्य घर योजना का फायदा दीजिए, तो उन्होंने कहा कि बंगाल के लोगों को इस योजना का कोई फायदा नहीं मिल सकता है। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं आपसे यह पूछना चाहता हूं कि मेरे देश में, मेरे सरकार की योजना में मुझे रोकने का आपको क्या हक है? हमारे अपने देश में, हमारे जो अभियान हैं, उसमें आप देखिए कि जो आयुष्मान भारत योजना है, उसके अंतर्गत बंगाल के लोगों के लिए, बंगाल की जनता के लिए 760 करोड़ रुपये का एलोकेशन है, लेकिन उसका एक पैसा भी utilize नहीं हुआ, क्योंकि बंगाल की सरकार ने इस योजना को स्वीकार ही नहीं किया है। तो हमारे गरीब लोगों की क्या हालत होगी, ...(**समय की घंटी**)... जो स्वास्थ्य के लिए कुछ फैसिलिटीज़ मांगना चाहते हैं। हमारे दार्जिलिंग और उत्तर बंगाल के श्रमिक, जो चाय के श्रमिक हैं, बंगाल में उनका जो daily wage रखा गया, वह बंगाल की सरकार ने 250 रुपए रखा। अगर आप साउथ में जाएं, तो तमिलनाडु में यह 450 रुपए है, आसाम में देखें, तो 350 रुपए हैं, तो हमारे लोगों का 250 रुपए से क्या गुजारा हो सकता है, आप यह बताइए? आज बंगाल की यह हालत है। Sir, I will just conclude by saying that this Appropriation Budget is a very important part of the Government's effort to insulate us from today's situation, to modernize our infrastructure and economy, to protect our defense and security forces, and to strengthen our health and other infrastructure. Thank you very much, Sir, for giving me the opportunity.

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Dr. Fauzia Khan.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, a large portion of the amount that has been appropriated must necessarily be used to combat the energy crisis that stares us in the face today. हमारी diplomatic शक्ति से और हमारे budgetary allocation से आज हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि एक भी भारतीय को एक सेकंड के लिए भी energy, financial या physical, किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। यह हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही, केवल यह जुमला न सुनना पड़े कि 'सब चंगा सी'। Recently, I happened to come across a little piece, a humorous little piece, which I would like to relate here. The golden sparrow said to the venomous snake: "Let us play mother and father." The snake replied: "That is excellent but the name of our offspring shall be death and only death." And so the dance of deaths began. All the sparrow could do was watch helplessly and flutter for its survival.

Sir, geopolitics has rapidly changed in the last four weeks and is changing more speedily than imagination can keep pace. Hence, we must start thinking in radical terms now. In the background of the ongoing war, in America, the Congress has proposed an additional budget of 200 billion dollars. The war that has been called nothing but an excursion, the war that has been called a mere excursion, is costing 200 billion dollars. That is what a war costs. सर, जंग तो खुद ही एक मसला है। जंग क्या मसलों का हल देगी? This is the time for us to review our expenditure on Defence. How indigenous is our war equipments? How powerful is our Defence RandD? How prepared are we to face the suppression of unjust global suppression policies? Where the President of an independent nation is just kidnapped like that; and where nations can be attacked at will and fancy of the others, our Budgets must start speaking aloud. Our planning must be matching the pace of change. We must cleanse our system of the growing menace, the growing cancer of corruption and a national mission to eradicate the growing hatred in the nation. We need separate Budget heads for mission corruption eradication, and mission hatred eradication. ...*(Time-bell rings.)*...

'सात संदूक़ों में भर कर दफ़्न कर दो नफ़रतें,
आज इंसाँ को मोहब्बत की ज़रूरत है बहुत।'

धन्यवाद, सर।

نفــرتیں کردو دفن کر بھر میں صندوقوں‌سات[†]
بہت۔ یضرورت کی محبت کو انســاں آج
سر۔ ،دھنیــواد

[†] Transliteration in Urdu script.

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shriman Maharaja Sanajaoba Leishemba.

SHRI MAHARAJA SANAJAOBA LEISHEMBA (Manipur): Thank you Sir, for giving me this opportunity to participate in the discussion on the Appropriation (No. 2) Bill, 2026. As I belong to North-East region of India, I would like to express my sincere thanks and gratitude to hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi*ji,* and hon. Finance Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman*ji,* for their great concerns and visions for the development of North-East region towards a *Viksit* North-East and *Viksit Bharat* by 2047.

So today, I will emphasize my speech over the entire North-East region. The Union Budget 2026-2027 has allocated significant funds for the development of North-Eastern States. Here are some key allocations. Number one is the Ministry of Development of North-Eastern Region (DoNER). One of the headline figures for North-Eastern region in this Budget is the enhanced allocation for the Ministry of DoNER. For 2026-2027, DoNER has been entrusted with Rs. 6,812.30 crore--up from Rs 5,915 crore in the previous year, reflecting a year-on-year growth that signals continued federal priority. Number two is North-East Special Infrastructure Development Scheme (NESIDS)-Rs. 2,500 crores dedicated to water supply, electrification, urban upgradation, logistics nodes and large-mile connectivity across the region. Number three is North-East Council's Programmes-Rs. 825 crores, which empower decentralized planning and execution of development priorities at the State and local levels. These funds will be leveraged to reduce isolation, strengthen roads and rail federal links and integrate economic hubs with national markets. Number four is Prime Minister's Development Initiative for the North-East (PM-DevINE)--Rs. 2,300 crores, a flexible financial window supporting region-specific projects, especially in transport, community infrastructure and local livelihood empowerment. Number five, ULFA Rehabilitation Package--Rs. 500 crores for rehabilitation of former ULFA cadres and their families in Assam. Number six is Urban Development. Urban Development has emerged as a priority area in this Budget. A dedicated allocation of Rs 5,000 crores has been earmarked for the development of Tier-II and Tier-III cities, including Guwahati, Dibrugarh, Silchar, Imphal and Agartala. This funding will be utilized for public transport systems, waste management and sanitation, digital governance platform, affordable housing and small infrastructure. Number seven is Capital Investment Support. Under the Special Assistance to States for Capital Investment, Assam will benefit from the Centre's expanded envelope of approximately Rs. 2 lakh crores, enabling acceleration of major infrastructure projects, urban renewal and logistic development. Number eight is increase in tax

Contents Page

devolution. Another most consequential measure for the North-East in the Budget is increase in tax devolution from 3.128 per cent to 3.258 per cent. This enhanced share strengthens the financial autonomy of North-Eastern States, enabling them to undertake development projects tailored to local needs. Number nine is Tourism and the Cultural Economy. One of the most transformative provisions of this Budget for the North-East is the focus on tourism as an engine of inclusive development. The Budget outlines a dedicated framework to develop Buddhist circuits across Arunachal Pradesh, Assam, Manipur, Mizoram, Sikkim and Tripura. These corridors, grounded in both historical significance and cultural heritage, will receive infrastructure support for pilgrims and meditation centres, accessible visitor services, digital and interpretive cultural trails, linkages with international tourism and tourism markets. By expanding tourism infrastructure, the North-East is positioned to attract visitors from South Asia, South-East Asia and East Asia, helping local economies reap the benefits of cross-border mobility, hospitality services and artisanal enterprises. Tourism growth, in-turn, catalyzes jobs in hotels, travel services, transportation, local craft markets and environmental conservation, especially, in remote areas where alternative employment opportunities are limited. Number ten is human capital, skill and education. Budget 2026-2027 underscored the role of human capital in driving sustained development. For the North-East, this translates into investment in skilling and vocational training. These programs aim to increase employability in service sectors, improve digital literacy, support specialized training for tourism, healthcare and creative industries.

Now I come to education and institutional support. The Budget includes expanded access to quality education, digital learning platforms and institution building, especially, in remote and tribal communities. Next is healthcare access and special services. A major healthcare milestone is the upgradation of the National Mental Health Institution at Tezpur into a regional apex institute. This will enhance specialized mental healthcare services, training and research for the entire North-East. Next is MSMEs, entrepreneurship and job landscape. MSMEs remain central to job creation in the North-East and form the backbone of the North-East's economic activity. This Budget strengthened these sectors by advocating credit access expansion, technology adoption support, market linkage programmes and start-up facilitation. Number eleven is infrastructure and connectivity. The Government has approved a special 34-kilometre stretch of underground railway track in the strategically vital 'Chicken Neck' corridor, strengthening strategic and border connectivity, ensuring uninterrupted rail movement, enhanced national security and safeguard supply lines to the region in times of natural and geo-political challenges.

Contents Page

Number twelve is agriculture, forestry and rural livelihoods. The North-East's growth narrative cannot be separated from its ecological base and this Budget recognizes this through support for environment-aligned agriculture and rural economies. Rural development is further supported through integrated value chain financing and credit linkage for small producers. From strengthened connectivity and ecological agriculture to tourism growth, human capital formation and entrepreneurial empowerment, the North-East stands to benefit from a multi-sectoral push that reflects its potential as a growth engine of India's Eastern frontier. These fiscal foundations laid in this Budget could well redefine the development trajectory of the North-East bridging peripheries to growth and turning geographical challenges into economic opportunities. Sir, with these words, I wholeheartedly support the Bill and conclude my speech. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shri Ramji; not present. Shri Mokariya Rambhai; not present. Dr. Bhim Singh; not present. Shrimati Dharmshila Gupta.

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2026 के समर्थन में इस सदन के समक्ष पूरे आत्मविश्वास, राष्ट्रीय दायित्व और जन विश्वास की भावना के साथ खड़ी हूँ। यह विधेयक केवल व्यय की स्वीकृति भर नहीं है, बल्कि यह भारत की विकास यात्रा को गति देने वाला है, हमारी सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाला है और यह समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने वाला एक व्यापक दृष्टि-पत्र है। मैं अपने विचार प्रस्तुत करने से पहले सर्वप्रथम देश के आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई देना चाहती हूं और अभिनंदन करना चाहती हूं कि भारत में सबसे लंबे समय तक 8,931 दिन उन्होंने देश की सेवा की है — मुख्यमंत्री और प्रधान मंत्री के रूप में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। इसलिए मैं सदन के माध्यम से उनको बधाई देना चाहती हूं, उनका अभिनंदन करना चाहती हूं।

इस विधेयक के माध्यम से वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की संचित निधि से 1628 खरब, 41 अरब, 30 करोड़, 6 लाख रुपये तक की राशि के विनियोग का प्रावधान किया गया है। यह राशि केवल बजटीय औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह उस भरोसे का प्रतीक है कि आज भारत मोदी जी के नेतृत्व में निर्णायक रूप से भविष्य निर्माण के मार्ग पर अग्रसर है। मैं अपनी बात कुछ पंक्तियों से प्रारम्भ करना चाहती हूं— संकल्प जब मजबूत होता है, तो कठिन रास्ता भी आसान होता है। जब नेतृत्व स्पष्ट और नीयत साफ होती है, तो राष्ट्र का हर सपना साकार होता है। आज विश्व अस्थिरताओं के दौर से गुजर रहा है। कहीं युद्ध का खतरा है, तो कहीं आर्थिक मंदी का दबाव है, कहीं ऊर्जा संकट की चुनौती है। ऐसे समय में भारत ने संयम, संतुलन और शक्ति — तीनों का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि आज का युग युद्ध का युग नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि भारत की सुरक्षा क्षमता में कोई कमी नहीं हो। इस दृष्टि से रक्षा सेवाओं के राजस्व व्यय के लिए 37 खरब, 32 अरब, 55 करोड़, 44 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है और रक्षा सेवाओं के पूंजीगत आधुनिकीकरण हेतु 21 खरब,

Contents Page

93 अरब, 6 करोड़, 47 लाख रुपये की व्यवस्था की गई है। यह केवल धनराशि नहीं है, यह हमारे सैनिकों के मनोबल का संबल है। हमारी सीमाओं की सुरक्षा का संकल्प है और यह आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में उठाया गया ठोस कदम है। हमारी भारतीय सेना हमारा गर्व है और हमारा अभिमान है। जब भी देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए ऐसे निर्णय लिए जाते हैं, तब कुछ विपक्षी मित्र सवाल उठाते हैं — कभी प्रक्रिया पर, कभी प्राथमिकता पर, कभी नीयत पर। मैं विनम्रतापूर्वक विपक्ष के आदरणीय सांसदगण से कहना चाहती हूं कि राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय राजनीतिक मंच नहीं होना चाहिए। जो निर्णय सैनिकों के हित में हो, जो देश की सीमाओं को सुरक्षित करें, उन्हें समर्थन मिलना चाहिए, संदेह नहीं मिलना चाहिए।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले एक दशक में भारत ने जो परिवर्तन देखा है, वह सामान्य नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक है। यह परिवर्तन निर्णायक नेतृत्व, स्पष्ट नीति और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है। आज भारत फ्रेजाइल फाइव की श्रेणी से निकलकर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। बैंकिंग प्रणाली सुदृढ़ हुई है। एनपीए में उल्लेखनीय कमी आई है। डिजिटल गवर्नेंस, जीएसटी और डिजिटल भुगतान ने पारदर्शिता को नई ऊंचाइयां दी हैं। यह वही परिवर्तन है जिसमें नीति केवल कागज पर नहीं रहती, बल्कि परिणाम बनकर देश के हर नागरिक तक पहुंचती है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, देश के विकास की चर्चा करते समय हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि हम कहाँ से आए हैं। जब यूपीए की सरकार थी, जब पूर्व की सरकार थी, तो भारत आर्थिक अस्थिरता का प्रतीक बन चुका था। बैंकिंग प्रणाली एनपीए के बोझ से जूझ रही थी, परियोजनाएं वर्षों तक अटकी रहती थीं और निर्णय लेने में अनिश्चितता और देरी आम बातें थीं। महोदय, मैं महिला आरक्षण की बात करती हूं। जब विपक्ष की सरकार थी, तो महिला आरक्षण बिल को सदन में फाड़कर फेंक दिया जाता था, लेकिन आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के तहत महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। यह मोदी की सरकार है। आज हमारी सरकार नीति निर्धारण में स्पष्टता लाई है। सुधारों को गति दी है और नीतिगत लकवे, यानी कि policy paralysis को समाप्त कर निर्णय आधारित शासन स्थापित किया है। यह मोदी की गारंटी है, यह मोदी का नेतृत्व है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। मुझे काफी तकलीफ हो रही है कि जब मैं अपने दाहिनी ओर देखती हूं, तो सारी सीटें खाली हैं और हमारे सारे माननीय सांसद पीठ दिखा कर के बाहर चले गए हैं। कुछ विपक्षी दल तथ्यों के बजाय भ्रम फैलाने में लगे हैं। विकास के मुद्दे पर रचनात्मक सुझाव देने के बजाय निराधार आशंकाएं प्रस्तुत कर रहे हैं। हमारे विपक्षी माननीय सांसद हर सकारात्मक पहल में भी नकारात्मकता को खोजने का प्रयास करते हैं। मैं सदन के माध्यम से कहना चाहती हूं कि देश की जनता अब केवल विरोध के लिए विरोध को स्वीकार नहीं करती। जनता अब परिणाम चाहती है और मोदी सरकार परिणाम दे रही है। आज देश का विकास हो रहा है और भारत 2047 में विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। यदि विपक्ष के पास कोई ठोस सुझाव होता है, हम उसका स्वागत करते हैं, लेकिन केवल राजनीतिक लाभ के लिए देश की प्रगति को प्रश्नों के घेरे में खड़ा करना, यह न तो

Contents Page

लोकतंत्र के हित में है और न ही राष्ट्र हित में है। इस बजट में जो सबसे महत्वपूर्ण बात उभरकर सामने आती है, वह विकास और अनुशासन का संतुलन है। राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.33 प्रतिशत, ऋण से जीडीपी अनुपात 55.6 प्रतिशत, पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ है। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह दर्शाते हैं कि सरकार भविष्य की पीढ़ियों पर बोझ डाले बिना वर्तमान में विकास कर रही है। यह सरकार मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को समझती है, उनके संघर्ष को महसूस करती है और उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बजट में 12 लाख तक की आय पर कर राहत का प्रावधान है। आयकर प्रणाली का सरलीकरण है। डिजिटल प्रक्रियाओं के माध्यम से पारदर्शिता और सुविधा है। यह केवल कर सुधार नहीं, बल्कि यह एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। Tax terrorism से tax trust की ओर... लेकिन आश्चर्य की बात है कि कुछ विपक्षी दल इस ऐतिहासिक राहत को भी कमतर देखने का प्रयास कर रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि क्या मध्यम वर्ग को राहत देना गलत है, क्या कर प्रणाली को सरल बनाना गलत है, क्या पारदर्शिता और विश्वास पर आधारित व्यवस्था गलत है? मैं इसके बारे में पूछना चाहती हूं। वास्तव में समस्या यह नहीं है कि मोदी सरकार क्या कर रही है, बल्कि समस्या यह है कि विपक्ष सकारात्मक राजनीति करने में असमर्थ हो गया है। उनके पास कोई मुद्दा ही नहीं है। एक महिला जनप्रतिनिधि होने के नाते मैं विशेष रूप से यह कहना चाहती हूँ कि आज डिजिटल साक्षरता महिलाओं के जीवन में परिवर्तन का माध्यम बन गई है। ...(समय की घंटी)... जब नारी आगे बढ़ती है, तो समाज की दिशा बदलती है और जब समान अवसर मिलते हैं, तो प्रगति की गति दुगुनी हो जाती है। मैं उच्च शिक्षा के लिए 7 खरब, 84 अरब, 93 करोड़, 54 लाख रूपए का प्रावधान युवाओं के भविष्य में निवेश है। हमारे संजय यादव जी कह रहे थे।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude.

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता: 2014 की बात करते हैं, मैं 2005 से पहले की बात याद कराना चाहती हूं कि जब बिहार में जंगल राज था।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): आप कन्क्लूड करें। तब नौकरी के बदले जमीन युवाओं से ली जाती थी और युवाओं पर अन्याय करने का काम किया गया था। यह था जंगल राज। ...(**व्यवधान**)... यह थी यूपीए की सरकार।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा) : प्लीज कंक्लूड कीजिए।

श्रीमती धर्मशीला गुप्ता: मैं खत्म करती हूं। मैं अंत में इतना ही कहना चाहूंगी कि मैं पूरे विश्वास के साथ कहती हूँ कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक और वैश्विक स्तर पर भी अग्रणी राष्ट्र बनेगा। अतः मैं इस सदन से आग्रह करती हूं कि इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कर देश की विकास यात्रा को और गति प्रदान करें। उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे सदन में अपनी बात रखने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The next speaker is Shri Mokaria Rambhai.

श्री मोकरिया रामभाई (गुजरात): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपको वंदन और प्रणाम। मैं अपना भाषण मेरी मातृभाषा गुजराती में दूंगा। [&] Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to strongly support the consideration of the Appropriation (No. 2) Bill, 2026, which seeks to authorise expenditure from the Consolidated Fund of India for the Financial Year 2026—27. I thank you for giving me this opportunity to participate in this important discussion on the nation's finances.

Sir, this Bill is not merely a constitutional formality; it is a reflection of the Government's vision, priorities, and commitment to the people of India. Every allocation that we approve today represents a step towards building a stronger, more prosperous, and self-reliant nation. It is through this mechanism that governance translates into tangible outcomes for our citizens. At the outset, I would like to commend the dynamic leadership of hon. Narendra Modiji. He has, recently, set a record by leading India for more than 8200 days. I offer my salutations to him. Under his visionary guidance, India has witnessed transformative changes across sectors. From infrastructure expansion to digital governance, from financial inclusion to global diplomacy, the Government has consistently demonstrated clarity of purpose, speed of execution, and commitment to nation-building. The concept of "Viksit Bharat" is no longer just an aspiration—it is steadily becoming a reality. Sir, in this context, the allocations under this Appropriation Bill reflect a Government that is focused on growth with inclusion. The emphasis on capital expenditure, infrastructure development, and welfare schemes shows a balanced approach that seeks to empower both the economy and the common citizen.

I would, particularly, like to highlight the remarkable progress of Gujarat, which stands as a shining example of development-driven governance. Gujarat has long been a growth engine of the Indian economy, and its continued progress is closely aligned with the broader national vision. The State's achievements in industrialisation, port-led development, and ease of doing business are commendable. The development of world-class infrastructure in Gujarat, including industrial corridors and investment regions, has attracted both domestic and global investors. These initiatives are not only boosting the state's economy but are also contributing significantly to India's overall growth. Continued financial support through this Bill will

[&] English translation of the original speech delivered in Gujarati.

Contents Page

further strengthen such initiatives and enhance India's global competitiveness. ...*(Interruptions)*... Sir, I am being disturbed from there.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Member, Hon. Member, he is getting disturbed.

SHRI MOKHARIYA RAMBHAI: [&] Sir, Gujarat's leadership in renewable energy is another area of pride. The state has made significant strides in solar and wind energy, supporting India's commitment to sustainable development. The Government's focus on green energy, backed by adequate allocations, will ensure that India remains on track to achieve its climate goals while creating new employment opportunities. In the agricultural sector too, Gujarat has demonstrated resilience and innovation. Farmers have benefited from improved irrigation facilities, modern techniques, and supportive government policies. I appreciate the Government's continued focus on strengthening agriculture through investments in irrigation, technology, and market linkages.

Sir, the coastal economy of Gujarat offers immense potential. With one of the longest coastlines in the country, the state is well-positioned to benefit from port-led development, fisheries, and maritime trade. The Government's initiatives in this direction deserve appreciation, and further support through this Bill will unlock even greater opportunities. Urban development in Gujarat has also set benchmarks, with cities like Ahmedabad, Rajkot and Surat emerging as models of planned growth. The Government's focus on smart cities, housing, and urban infrastructure is clearly visible, and these efforts are improving the quality of life for citizens. Sir, what is most commendable about this Government is its commitment to inclusive development. While promoting economic growth, it has ensured that the benefits reach the poor, the farmers, the youth, and the women. Schemes for housing, sanitation, healthcare, and financial inclusion have transformed millions of lives across the country. As we pass this Appropriation Bill, we must also acknowledge the importance of transparency and accountability in public expenditure. This Government has taken several steps to ensure that funds are used effectively and reach the intended beneficiaries without leakages.

The previous Congress Governments just focused on filling their pockets, in whatever way they could, instead of working for Development. This caused the nation

[&] English translation of the original speech delivered in Gujarati.

Contents Page

to lag behind. Hon. Modiji came to power in 2014 and all the pending tasks have been completed. Now, we are marching ahead on the Highway of development which is also being recognized at the international level. Before the regime of Modiji, India was considered as the nation of poor, beggers and jugglers. Now, when we travel abroad on an Indian passport, everyone says, 'Modi Modi'. They may not be able to speak anything more but when they say 'Modi Modi', we must understand that they are praising India.

In conclusion, Sir, I wholeheartedly support the Appropriation (No. 2) Bill, 2026. It reflects a Government that is decisive, visionary, and committed to the welfare of the people. Under the able leadership of hon. Narendra Modiji, India is moving confidently towards becoming a global economic powerhouse. But our friends from the Opposition are unable to see this development and their parties are marching towards the path of destruction. I would like to say that kindly join us for the development of our nation. Opposing the hon. Prime Minister of India cannot be personal because he is the hon. Prime Minister of our country. And the Prime Minister of our country has a special position in this country having a population of 142 crores. Let us all together work for developmental policies. The voters of this country know everything. They don't speak anything. But in the coming days, elections will be held in Bengal and Chennai. And when the voters will cast their votes, you will come to know the reality. But it will be too late. Through you Sir, I again request all to not only see but join the campaign of development led by hon. Prime Minister of India, Shri Narendrabhai Modi. This used to be our slogan once upon a time. During our college days. hon. Shri Narharibhai Amin knows it. We used to chant this slogan. "What are you looking at, come join us." I mean to say, this country has witnessed so much of progress. We have reached new heights. We are about to occupy the third position in the global economy. We are having excellent International relations. So, through you, I request my friends from the Congress, whether present or not, whosoever is listening to me, kindly join the path of development of the nation. If you join, then, we also will develop a bonding. Otherwise, things will go on reducing and diminishing. And it may happen that we may not have a strong opposition that is required for a parliamentary democracy. And then, there would be repentence. I thus request the hon. Members of Congress to join Modiji in his developmental agenda.

Sir, let us pass this Bill with a sense of responsibility and pride, and continue working together to realise the dream of a developed and prosperous India. Let us all work together so that we feel that we too have contributed in the development of the nation. Our future generations will also remember us thinking that our elders were the

Contents Page

Members of Parliament, Members of Rajya Sabha during the Modiji's regime, and they worked for the development of the nation. They will hence feel proud. I again request the members of this august house, kindly join the path of development in the Modi era and let us all offer oblations in the auspicious sacrifice of development. Doing so will also cause our welfare and also the development of the Nation. Jai Hind! Bharat Mata ki Jay! Jay Somnath!

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): डा. भीम सिंह।

डा. भीम सिंह (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज 23 मार्च है और कल 22 मार्च था। 22 मार्च को बिहार दिवस है। 22 मार्च को ही बंगाल से काटकर बिहार की स्थापना हुई थी और उसके ठीक एक दिन बाद 23 मार्च को आपने मुझे, एक बिहार के सांसद को बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार प्रकट करता हूं। मैं अपनी पार्टी के प्रति भी आभार प्रकट करता हूं और माननीय लक्ष्मीकान्त बाजपेयी जी के प्रति भी आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने पार्टी की ओर से बोलने वालों की सूची में मेरा नाम रखने का कृपा की है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हम आदरणीय यशस्वी प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को भी हृदय से बधाई देते हैं और उनका आभार प्रकट करते हैं कि उन्होंने भारत में शासन में रहकर सबसे ज्यादा सेवा करने का रिकॉर्ड बनाया है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे जहां भी हों और अगर मेरी बात सुन रहे हों, तो मैं हृदय से उनको बधाई देता हूं और वे इस छोटे से कार्यकर्ता की बधाई स्वीकार करने की कृपा करें। महोदय, यह सदन विनियोग (संख्यांक 2) विधेयक, 2026 पर चर्चा कर रहा है। मैं इसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, एक विनियोग विधेयक पर 17 मार्च को ही सदन चर्चा कर चुका है। इन दोनों में अंतर क्या है? 17 मार्च और आज 23 मार्च, ये दोनों विनियोग विधेयक थे। इनमें अंतर यह है कि जो 17 मार्च को विनियोग विधेयक पेश किया गया था, वह वित्तीय वर्ष 2025-26 के सेकंड सप्लीमेंट्री, द्वितीय अनुपूरक पर विनियोग विधेयक था। आज का जो विनियोग विधेयक है, वह आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए संचित निधि से भारत सरकार को खर्च करने का जो अधिकार दिया जा रहा है, यह उसके लिए है। प्रस्तुत विनियोग विधेयक भारत की संचित निधि से भारत सरकार को पैसे खर्च करने का अधिकार देने वाला है। यह कितना खर्च होगा? इसमें 53,47,315 करोड़ रुपये कन्सोलिडेटेड फंड ऑफ इंडिया से, भारत की संचित निधि से हम यह अधिकार देने जा रहे हैं। यह वही राशि है, जो भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी की कर्मठ सरकार और उसकी सुयोग्य मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी के द्वारा लोक सभा में 1 फरवरी, 2026 को बजट के रूप में प्रस्तुत की गई थी और उस बजट के समर्थन में ही यह अनुपूरक विधेयक है।

महोदय, बजट की चर्चा हो रही है। बजट शब्द की बार-बार यहां पर चर्चा होती है, लेकिन यह अद्भुत संयोग है कि भारत के संविधान में बजट शब्द की कहीं भी चर्चा नहीं हुई है, बजट शब्द का कहीं भी उल्लेख नहीं हुआ है। बजट से क्या तात्पर्य है? हम बजट से जिन प्रावधानों को करते हैं, उन प्रावधानों की चर्चा भारत के संविधान के अनुच्छेद 112 में वार्षिक वित्तीय विवरण, एनुअल

Contents Page

फाइनेंशियल स्टेटमेंट के रूप में की गई है। आखिर यह बजट शब्द आया कहां से? मैं बजट शब्द की उत्पत्ति पर कहना चाहूंगा कि बजट का जो मूल शब्द है, वह फ्रेंच के Bougette शब्द से आया है। Bougette का अर्थ होता है - चमड़े का छोटा थैला, ए स्मॉल लेदर बैग। इसके पीछे एक कहानी है। भारत में अंग्रेजों का शासन रहा, तो हम लोग अंग्रेजी परम्परा का ही अनुकरण अभी तक करते आ रहे हैं। हालांकि प्रधान मंत्री जी गुलामी के हरेक चिन्हों को मिटाने का प्रयास कर रहे हैं और वे यह काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक बजट शब्द उसी परम्परा में चला आ रहा है। इंग्लैंड से इसकी परंपरा शुरू हुई। बात 1733 की है। 1733 में इंग्लैंड का जो हाउस है, उसमें चांसलर ऑफ एक्सचेकर, सर रॉबर्ट वालपोल जब अपना वित्तीय विवरण, अपना लेखा-जोखा रखने आए, तो उन्होंने एक छोटे से थैले से, जो चमड़े का थैला था, उससे अपने कागजात निकाले और उससे उन्होंने अपनी विवरणी पेश की। दूसरे दिन उसकी आलोचना में एक pamphlet निकाला गया, जिसमें कहा गया - 'The Budget opened'. इस तरह से उस 'बजट' शब्द का प्रचलन चला। उन्होंने व्यंग्य में 'The Budget opened' कहा था, लेकिन उसकी परंपरा चल पड़ी और वह बजट कहा जाने लगा।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, बहरहाल, यह जो विनियोग विधेयक है, यह विकास का अभिलेख है। इस अभिलेख से 2047 में विकसित भारत का जो निर्माण होना है, उसका मार्ग प्रशस्त होगा। लिहाजा मैं इसका जोरदार शब्दों में समर्थन करता हूं।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह विनियोग विधेयक सरकार को 'जी राम जी' के लिए भी 95,000 करोड़ रुपए का प्रावधान करने जा रहा है। इस विनियोग विधेयक से पहले 'मनरेगा' कानून के तहत जो योजनाएं बनती थीं, उनके लिए भी 30,000 करोड़ रुपए का उपबंध किया जा रहा है। कांग्रेस के मित्रों ने, खास कर जयराम रमेश जी ने हमारी सरकार की आलोचना की है। आलोचना करते हुए उन्होंने व्यंग्य में कहा, प्रशंसा में नहीं कहा, व्यंग्य में कहा, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का लोहा मानना पड़ेगा कि यह तुकबंदी करने और नारा गढ़ने में माहिर है। यह कांग्रेस वाले कह रहे थे। यह जयराम रमेश जी का कहना है कि मोदी सरकार का लोहा मानना पड़ेगा कि यह तुकबंदी करने और नारा गढ़ने में माहिर है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि कांग्रेस वालों, व्यंग्य में ही सही, तुमने मोदी सरकार का लोहा मान लिया है। आने वाले दिनों में आने वाले हर एक काम का तुमको लोहा मानना पड़ेगा। महोदय, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि नारों का भी अपना विशेष महत्व है। नारे बहुत सुंदर शब्दों में विषय को स्पष्ट करते हैं, नारे लोगों में उत्साह भरते हैं। यह नारों का ही कमाल था, जब गांधी जी ने कहा - 'करो या मरो', जिससे देश आंदोलित हो उठा। यह भी नारा ही था। जब नेताजी ने आह्वान किया, नारा दिया - 'जय हिंद' या 'दिल्ली चलो', तो पूरा देश उमड़ पड़ा और बैंकॉक होते हुए भारत तक उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया। यह भी नारे की ही उपलब्धि थी। महोदय, जब शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया, यह भी एक नारा ही था, जिसने 1965 में जो जंग हुई और 1966 में उस समय जो अकाल पड़ा, तो इसने एक तरफ खेतों में काम करने वाले किसानों में उत्साह पैदा किया, वहीं दूसरी ओर, बॉर्डर पर संघर्ष करने वाले जवानों में उत्साह पैदा किया और हम दोनों मोर्चों पर विजयी हुए। जो भारत अकाल से ग्रस्त रहता था, वह भारत हरित क्रांति के जरिए खाद्यान्न में आत्मनिर्भर हुआ। हमने पाकिस्तान को भी दांतों तले चने चबवा दिए, तो यह नारे की

Contents Page

ही उपलब्धि थी। आगे आइए। हमारे तब के आदरणीय प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने 'जय जवान जय किसान' के बाद 'जय विज्ञान' का नारा दिया। उन्होंने 'जय विज्ञान' जोड़ा और वह 'जय विज्ञान' का ही परिणाम निकला कि हम स्पेस टेक्नोलॉजी में बहुत आगे हुए, हम परमाणु ऊर्जा में आगे हुए, हम आईटी में आगे हुए। सबसे बड़ी बात यह है कि यह उनके नारे का ही कमाल था कि भारत अपना पहला स्वदेशी सुपर कंप्यूटर बनाने में सफल रहा। यह 'जय विज्ञान' का ही कमाल था। अगर मोदी जी कोई नारा देते हैं, अगर कुछ कहते हैं, तो उसका भी एक असर होता है। मोदी जी ने 'जय किसान, जय जवान, जय विज्ञान' में एक और नारा जोड़ा है – 'जय अनुसंधान' और अब हम अनुसंधान की ओर चल पड़े हैं।

महोदय, अब जरा अनुसंधान की चर्चा की जाए, इस पर नजर डाली जाए। 'जय अनुसंधान' बिना रिसर्च के ...(**समय की घंटी**)... सर, थोड़ा सा समय और दीजिए। पाँच मिनट दीजिए।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): कई स्पीकर्स बोलने वाले हैं। आप एक मिनट में कंक्लूड कीजिए, प्लीज़।

डा. भीम सिंह: महोदय, अगर 'जय अनुसंधान' की चर्चा किया जाए, तो हमारे मोदी जी ने केवल नारा ही नहीं दिया, बल्कि जब उन्होंने All-India Science Congress में यह कहा, तो उसके बाद Anusandhan National Research Foundation Act, 2023 में बनाया और उन्होंने NRF के लिए 50 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): अब कंक्लूड करें।

डा. भीम सिंह: महोदय, अब इसमें स्वदेशी research तथा innovation पर जोर दिया जा रहा है। यह इनके नारे की ही उपलब्धि है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमने Cervavac vaccine बना दिया है, हम गर्भाशय कैंसर के उपचार में सफल हो रहे हैं और हम कृषि के क्षेत्र में नैनो यूरिया लाए हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Please conclude now.

डा. भीम सिंह: पहले जो 45 किलो की बोरी में यूरिया होता था, उसको हमने 500 एमएल की बोतल में उपलब्ध करा दिया है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you.

डा. भीम सिंह: अगर रक्षा के क्षेत्र में देखें, तो हमने हवा से हवा में मार करने वाला अस्त्र मिसाइल बना दिया है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. डा. भीम सिंह, अब आप कंक्लूड कीजिए।

डा. भीम सिंह: इस तरह की अनेकों उपलब्धियां हैं।

Contents Page

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): प्लीज़ कंक्लूड कीजिए।

डा. भीम सिंह: मोदी जी की सरकार ने NEP, 2020 में काफी सुधार करने का काम किया है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you.

डा. भीम सिंह: महोदय, नारों का खास महत्व है। इस तरह से नारों के रूप में 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. I will have to move on.

डा. भीम सिंह: इससे हमारा देश आगे विकसित हो रहा है। यह विनियोग विधेयक इन नारों को एक करने वाला है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, Shri Shambhu Sharan Patel.

डा. भीम सिंह: मैं इस विनियोग विधेयक का समर्थन करता हूं, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shri Shambhu Sharan Patel.

श्री शंभू शरण पटेल (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस विधेयक पर बोलने का मौका दिया है। महोदय, आज हम लोगों के लिए बड़ा अच्छा दिन है कि आज बिहार से ही हम तीनों लोगों को लगातार बोलने का अवसर दिया जा रहा है। अभी 'बिहार दिवस' भी चल रहा है, उसके लिए भी मैं इस गरिमामयी सदन से अपने पूरे बिहारवासियों को ढेर सारी बधाइयां और शुभकामनाएं देता हूं।

महोदय, अपने देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी, जिन्होंने प्रधान मंत्री रहते हुए एक रिकॉर्ड बनाया है और बिल्कुल स्वच्छ छवि के साथ 'विकसित भारत' का जो उन्होंने सपना देखा है, उसको साकार करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ लगे हुए हैं। इतने दिनों तक अपने राज्य में और भारत देश पर शासन करने के लिए मैं उनको भी हृदय से बधाई देता हूँ।

महोदय, मैं इस Appropriation (No.2) Bill, 2026 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह विधेयक केवल एक वित्तीय औपचारिकता ही नहीं है, बल्कि अनुच्छेद 266 के तहत हमारी संवैधानिक जवाबदेही भी है। यह सुनिश्चित करता है कि जनता की कमाई का एक-एक रुपया संसद की निगरानी में खर्च हो। यह विधेयक प्रधान मंत्री जी के 'विकसित भारत, 2047' विजन को साकार करने वाला है।

महोदय, जब पिछली सरकार थी, जो कि यूपीए की सरकार थी, तब उसका खर्च कुछ और होता था, दिखाया कुछ और जाता था, कहा कुछ और जाता था और पब्लिक को डेटा कुछ और उपलब्ध कराया जाता था। पिछली यूपीए सरकार में बजट उधारी, जैसे ऑयल, फर्टिलाइजर

Contents Page

बॉन्ड्स के जरिए राजकोषीय घाटे के असली आंकड़ों को देश से छिपाया गया। यदि उन उधारियों को बजट में शामिल किया जाता, तो 2008-09 का जो घाटा 6.1 प्रतिशत दिखाया गया था, वह असल में 7.9 प्रतिशत होता।

महोदय, 2014 में जब हमारी सरकार आई, तो जो भ्रष्टाचार 2014 के पहले की सरकार ने किया था, हर जगह उसमें जो गड्ढे थे, जो छेद थे, हर जगह जो उनकी खामियां थीं, जो हर जगह centralise कर लिया गया था, भ्रष्टाचार को centralise कर लिया गया था, उनको भरने और ठीक करने में हमारी सरकार के पांच साल निकल गए। आज 12 साल के कार्यकाल के पूर्ण होने के बाद भी, पूरे हिंदुस्तान में कोई यह नहीं कह सकता है कि हमारे नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के किसी भी मंत्री ने किसी भी व्यक्ति से एक रुपये की भी रिश्वत मांगी हो। हमारी सरकार पारदर्शिता के साथ और पूरे दृढ़ निश्चय के साथ शासन कर रही है। यही वजह है कि 2014 में जहां भारत की अर्थव्यवस्था, दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था थी, आज वह चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। 2027 आते-आते, वह दिन दूर नहीं, जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

महोदय, आज हम लोग इस सदन में Appropriation Bill पर चर्चा कर रहे हैं। इसमें जो डेटा है, उसके बारे में हम लोग बोलेंगे, आगे भी बताएँगे, लेकिन हमारी जो पूर्ववर्ती सरकार थी, जो यूपीए की सरकार थी, उस समय जो भ्रष्टाचार था, ...(**व्यवधान**)... वे बार-बार कहीं भी हारते हैं या कुछ होता है, तो वे दोषारोपण एनडीए सरकार पर करते हैं कि हम इनकी वजह से हार गए। लेकिन उन्होंने अभी तक यह निकाल कर नहीं देखा कि कांग्रेस हारती क्यों है? मैं अपने पूर्व प्रधान मंत्री जी का नाम नहीं लूँगा। उनके बारे में कहा जाता है कि भारत में 'एम्स' का निर्माण उन्होंने कराया, इसरो उन्होंने बनाया, बहुत सारी चीजों को उन्होंने बनाया, लेकिन जब 1961-62 के दशक में 'एम्स' बना, तो दूसरा 'एम्स' बनने में 50 साल लग गया। वह भी कांग्रेस नहीं बना पाई। इस प्रकार, आपको विरासत तो मिली, लेकिन उस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए आपको जो काम करना था, वह आप कर नहीं पाए। उसको हमारी एनडीए और माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया। वाजपेयी जी ने एक 'एम्स' से बढ़ा कर सात 'एम्स' किया और 2014 से लेकर 2026 तक भारत में अभी 22 'एम्स' हैं। उनमें से 18 'एम्स' कार्यरत हैं और चार 'एम्स' अंडर -कंस्ट्रक्शन हैं।

बिहार एक आकांक्षी राज्य है। हम बिहार वालों के लिए एक समय 'बिहारी' एक गाली शब्द बन गया था और आज मुझे यह बोलने में गर्व महसूस होता है, हम प्राउड फील करते हैं कि दुनिया का सबसे पहला लोकतंत्र जो बिहार था, आज वह 'विकसित भारत' के साथ-साथ 'विकसित बिहार' की ओर भी बढ़ रहा है। महोदय, बिहार में रोड कनेक्टिविटी इतनी अच्छी कर दी गई है कि आप बिहार का कैपिटल टाउन पटना से बिहार के किसी भी जिले में चार से साढ़े चार घंटे में आराम से पहुँच सकते हैं।

महोदय, जहाँ पूरे बिहार में सिर्फ एक हवाई अड्डा - जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा था, वह भी किसी हिल स्टेशन के रेलवे स्टेशन के जैसा लगता था। माननीय प्रधान मंत्री जी का जो

Contents Page

विज़न है, उसके तहत उन्होंने जो फंड दिया, उस फंड से, यानी हजारों करोड़ रुपए की लागत से आज पटना का जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा का सौंदर्यीकरण किया गया है। पहले कभी इसके नाम के साथ इंटरनेशनल लिखाता था, तब मैंने माननीय एविएशन मिनिस्टर साहब से यह माँग भी की थी कि चूँकि जयप्रकाश नारायण हवाई अड्डा के नाम में इंटरनेशनल लगा है और पहले वहाँ से काठमांडू के लिए फ्लाइट चलती थी, उसको इंटरनेशनल के तहत शुरू किया जाए। आज हजारों करोड़ रुपए की लागत से उसका सौंदर्यीकरण किया गया है। उसके साथ-साथ, जो नए एयरपोर्ट्स हैं, चाहे बिहटा हो, चाहे पूर्णिया हो, भागलपुर हो, वे भी अंडर-कंस्ट्रक्शन हैं।

उत्तर बिहार के लोग पहले फ्लाइट पकड़ने के लिए पटना आते थे और पटना आने में उनको पाँच-पाँच, छः-छः घंटे लगते थे, लेकिन आज लोग दरभंगा से डायरेक्ट फ्लाइट पकड़ते हैं और डायरेक्ट दरभंगा लैंड करते हैं और वहाँ से उनको उत्तर बिहार और सीमांचल में जहाँ भी जाना होता है, डेढ़-दो घंटे में वे अपने गंतव्य पर पहुँच जाते हैं।

महोदय, कांग्रेस के जो लोग हैं, वे कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी जीतती है, तो मैं उनको बताना चाहता हूँ कि भारतीय जनता पार्टी संगठन सरकार के साथ-साथ 24 X 7 देश के प्रति, अपने राष्ट्र के प्रति, अपने लोगों के प्रति चिंतन में रहती है, इसलिए जीतती है। आपके पूर्वजों ने जो छोड़ कर गए हैं, आपने सिर्फ उनका नाम लिया। आपने उनके कार्य को आगे नहीं बढ़ाया, इसलिए आज आप विपक्ष के सीट पर बैठे हुए हैं।

महोदय, जो पूर्वोत्तर राज्य है, उसका द्वार बिहार है और पश्चिमी बंगाल उसका इंट्री गेट है। नॉर्थ-ईस्ट का एक स्टेट, नागालैंड है, जहाँ से हमारी बहन, एस. फान्गनॉन कोन्याक हैं, जो अभी यहाँ नहीं हैं, आजादी के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने किसी महिला सांसद को नागालैंड से राज्य सभा में भेजने का कार्य किया है। वहाँ पर 1903 में एक रेलवे स्टेशन, दीमापुर था और दूसरा रेलवे स्टेशन बनने में सौ साल से अधिक का वक्त लग गया। महोदय, दूसरा रेलवे

5.00 P.M.

स्टेशन 26 अगस्त, 2022 को इस एनडीए सरकार में बना। उस स्टेशन का नाम शोखुवि है। नागालैंड में दूसरा रेलवे स्टेशन बनने में 100 साल लग गए। उनके इसी तरह के कई छोड़े हुए काम हैं, जिनको वे नहीं कर पाए, इसीलिए वे आज विपक्ष में हैं और आज हमारी सरकार है। महोदय, आप सोचिए कि एक राज्य में दूसरा स्टेशन बनने में 100 साल से अधिक समय लग गया। जिस नॉर्थ-ईस्ट में लोग जाने से भी डरते थे, जिस नॉर्थ-ईस्ट के रिप्रेजेंटेटिव के रूप में माननीय पूर्व प्रधान मंत्री जी थे और जब वे प्रधान मंत्री थे, तो वे असम को ही रिप्रेजेंट करते थे, फिर भी वहां का जितना विकास माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में हुआ, उतना विकास कांग्रेस नहीं कर पाई, इसलिए आज वह विपक्ष की बेंच पर बैठी हुई है।

महोदय, विपक्ष के हमारे एक सांसद हैं, जो बिहार से ही आते हैं। वे हमारी सरकार की आलोचना कर रहे थे। काश, अगर वे 2005 के पहले का बिहार देखते, तो ऐसी बात नहीं करते, जब हर गली, हर मोहल्ले के बाद एक अलग शासन होता था और जब हर दो किलोमीटर के बाद

Contents Page

सत्ता परिवर्तन हो जाता था। सत्ता परिवर्तन, मतलब गुंडों का शासन। उसी तरह से, अभी आप वैस्ट बंगाल में किसी भी मोहल्ले में चले जाइए, अगर वहां आपको मकान बनाना है, तो उसके लिए आपको सिंडिकेट से ही छड़ लेनी पड़ेगी, सिंडकेट से ही सरिया लेनी पड़ेगी, आपको गिट्टी, बालू, सीमेंट आदि सब सिंडिकेट से ही लेना पड़ेगा। जो बंगाल यह कहता था कि बंगाल आज जो सोचता है, वह देश बाद में सोचता है, उस बंगाल में जो टीएमसी का शासन है, उसने उसको 100 साल पीछे कर दिया है। वे लोग बार-बार यह दोषारोपण करते हैं कि वैस्ट बंगाल के लिए हमारी सरकार ने क्या किया? महोदय, मेरे पास कुछ आंकड़े हैं। ...(**समय की घंटी**)... महोदय, मेरा समय दो-चार मिनट बढ़ा दीजिए, मेरी अगली स्पीच में से वह काट लीजिएगा।

महोदय, रेलवे में जितना विकास माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी के tenure में हुआ है, उतना कार्य आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी नहीं हो पाया था। हमारी सरकार ने जितना कार्य बंगाल के लिए किया है, उसका मैं एक छोटा-सा डेटा आपके सामने इस सदन में रखना उचित समझता हूँ।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): आप जल्दी कन्क्लूड करें।

श्री शंभू शरण पटेल: महोदय, 9 वन्दे भारत ट्रेनें ऑपरेट होती हैं, जिनकी कनेक्टिविटी बिहार, बंगाल और असम से है। मैं उनके बारे में बता रहा हूँ। वे ट्रेनें हैं - भागलपुर- दुमका-हावड़ा वन्दे भारत, गया-हावड़ा वन्दे भारत, राउरकेला-हावड़ा वन्दे भारत, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वन्दे भारत, पटना-हावड़ा वन्दे भारत, रांची-हावड़ा वन्दे भारत, पुरी-हावड़ा वन्दे भारत, गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी वन्दे भारत और हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वन्दे भारत।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): अब आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री शंभू शरण पटेल: यही नहीं, हमारी एनडीए सरकार के कार्यकाल में वैस्ट बंगाल में 30.6.2025 तक लगभग 3,910 किलोमीटर नेशनल हाईवेज़ बने हैं। यही नहीं, 18 जुलाई, 2025 को बांकुरा और पुरुलिया में बीपीसीएल का 1,950 करोड़ रुपये के सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया गया।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): आपके दो मिनट हो चुके हैं।

श्री शंभू शरण पटेल: सर, मेरी अगली स्पीच में से पाँच मिनट काट लीजिएगा।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): ऐसा नहीं हो सकता। हमारे पास यह अथॉरिटी नहीं है। आप 10 सेकंड में कन्क्लूड कीजिए। Not possible. We will go by the time. Thank you.

श्री शंभू शरण पटेल: ठीक है, सर। मैं अब कन्क्लूड करता हूँ। महोदय, हमारे साथी बार-बार रुपये और डॉलर के गिरने की बात कहते हैं।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): अब आप कन्क्लूड कीजिए।

Contents Page

श्री शंभू शरण पटेलः सर, एक मिनट में हो जाएगा। अभी हमारा समय है, सर। जब देश आजाद हुआ, तो रुपये और डॉलर की कीमत इक्वल थी। 1947 में रुपए की भी कीमत एक रुपये थी और डॉलर की कीमत भी एक रुपये थी। 1952 में रुपये की कीमत साढ़े तीन रुपये हो गयी।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I can't continue. I have to go to the next speaker. I am sorry. I can't give you more time.

श्री शंभू शरण पटेलः महोदय, सुनिए। उन्होंने 2014 के पहले रुपये का 65 गुना अवमूल्यन करवाया, यह यूपीए सरकार की अचीवमेंट है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you.

श्री शंभू शरण पटेलः महोदय, हमारी सरकार 2047 तक विकसित भारत के लिए दृढ़संकल्पित है। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Now, Dr. Sarfraz Ahmad; not present. Dr. Parmar Jashvantsinh Salamsinh.

डा. परमार जशवंतसिंह सालमसिंह (गुजरात): उपसभाध्यक्ष महोदय, आज मैं Appropriation (No. 2) Bill, 2026 पर बोलने के लिए और उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। सर, आज बहुत सारी चर्चाएं हुईं — चाहे ग्रामीण विकास हो, युवा हों, महिलाएं हों, गरीब हों, किसान हों, सोना हो या चांदी — सब पर चर्चा हुई, लेकिन हम सब एक बात को भूल गए, एक वर्ग को भूल गए, जिसको हम दरिद्र नारायण, मरीज या पेशेंट कहते हैं। सर, यह जो वर्ग है, उसमें हम सब में से कभी-न-कभी, कोई-न-कोई आया ही होगा और आता रहेगा। इसलिए हमें इस पर भी गंभीरता से चर्चा करनी होगी।

Sir, I rise with a deep sense of privilege as a practising doctor. I speak not merely as a legislator but as someone who has stood at the bedside of patients, seen the suffering of the poor when healthcare was unaffordable and witnessed preventable deaths. In medicine, we say *Primum non nocere,* meaning 'First, do no harm'. In governance too, the first duty of a welfare state is to ensure that its citizens do not suffer for want of basic healthcare. And I am proud to say that under the visionary leadership of our Prime Minister, Shri Narendra Modi, the Ministry has not merely done 'no harm', but it has done extraordinarily good. The transformation of India's healthcare landscape over the last twelve years is one of the most compelling stories of governance reform in independent India's history.

Sir, budgets are a statement of priorities. In the financial year 2014-15, the Health Ministry allocation was approximately Rs. 36,180 crore. Today, in the Union Budget 2026—27, it stands at Rs. 1,06,530 crore. It is a 194 per cent leap. An

Contents Page

additional amount of Rs. 70,000 crore was infused into the sector. This year's allocation alone is nearly ten per cent higher than the Revised Estimates of 2025-26. Two hundred per cent growth in twelve years is not incremental reform. It is a paradigm shift that has moved health from a welfare footnote to a strategic national priority.

Sir, as a doctor, I have always believed that the greatest injustice in healthcare is not the absence of technology but the absence of access. Ayushman Bharat - Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana provides Rs. 5 lakh health cover per family per year to approximately 55 crore beneficiaries. These are 12.37 crore poor families which form the bottom 40 per cent of our population. This year's allocation is Rs. 9,500 crore. What is particularly noteworthy is the bold expansion to cover six crore senior citizens aged 70 and above under the Vaya Vandana Card, irrespective of socio-economic status. Nearly half of the 32,000 empanelled hospitals are private. Public Private Partnership is now a functioning reality.

Prevention is the first line of defence. Under the National Health Mission, 1.81 lakh Ayushman Arogya Mandirs have been established across the country. These are not mere buildings. They deliver comprehensive primary healthcare - reproductive and child health, communicable and non-communicable diseases, rehabilitation and palliative care - right at the doorstep of the last citizen. Over 6.37 crore wellness sessions, including yoga and meditation, have been conducted. Schemes like Pradhan Mantri Bhartiya Janaushadhi Pariyojana and free diagnostics have substantially reduced out-of-pocket expenditure which is the single largest driver of healthcare-induced poverty.That is a vicious cycle. When people thought of AIIMS, they once thought only of Delhi. That era is over. Under Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana, 22 new AIIMS have been approved — 18 are already fully functional. Fifteen of these were approved after 2014; in the last three years alone, they have served over three crore OPD and 15 lakh IPD patients. The PM-ABHIM Mission has seen 67.66 per cent surge in allocation. Crucially, Emergency and Trauma Care Centres will now be established in every district hospital, ensuring 24×7 golden-hour care that will save countless lives.

Mr. Vice-Chairman, Sir, cancer is no longer a disease of the affluent. The Budget expands cancer centres, super-specialty blocks, transplant units and robotic surgery facilities. Most significantly, full exemption of Basic Customs Duty on 17 life-saving cancer drugs will bring targeted therapies and immunotherapy within reach of ordinary families, which was nearly impossible before because all these therapies are

Contents Page

very expensive and are available only at limited centres. That is why, it is a great step towards healthcare services. Seven additional rare diseases have been included for import-duty exemption because rarity must never mean neglect. In vaccination, the inclusion of India's own quadrivalent HPV vaccine in the Universal Immunisation Programme for girls aged between 9-14 years is a landmark in preventive oncology. It will prevent thousands of cervical cancer deaths every year. Nationally, Maternal Mortality Rate has fallen from 254 to 97, Infant Mortality Rate from 58 to 28, and life expectancy has risen to around 70 years. That is a great achievement.

Respected Sir, no healthcare system is better than the quality of its human resources. Medical colleges have increased 111 per cent, to 818; MBBS seats have grown 151 per cent, to over 1.28 lakh; postgraduate seats have risen 172 per cent. New colleges are deliberately being set up in underserved and aspirational districts. Research is equally vital. The allocation to the Department of Health Research is up 24 per cent; ICMR up nearly 27 per cent. The ambitious Rs. 10,000 crore Bio Pharma Shakti initiative over five years will build domestic biologics and biosimilar ecosystem, reduce import dependence and position India as a global biopharma manufacturing hub, including a network of 1,000 accredited clinical trial sites.

Sir, when I look at the journey -- from Rs. 36,000 crore in 2014-15 to over Rs. 1 lakh crore today; 1.81 lakh Ayushman Arogya Mandirs; 22 new AIIMS; 55 crore beneficiaries under PM-JAY; cancer drugs freed from duties; rare-disease patients protected; and, Rs. 10,000 crore biopharma revolution -- I see a Government that has made an irreversible commitment to the health of every Indian. There is still much to do, but the direction is right, the intent is clear and the investment is real. As a doctor who entered politics because policy shapes health outcomes more than individual clinical skill, I can say with conviction that India's health system has turned a corner.

Sir, I began with '*Primum non nocere*'. Let me close with another Latin phrase, that is, '*Salus populi suprema lex esto*' — the health of the people shall be the supreme law. That is the principle that guides this Ministry. That is the principle that must guide this Parliament. Lastly, I support this Appropriation Bill, 2026. Thank you. *Jai Hind*!

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Shri Ashokrao Shankarrao Chavan; not present. Dr. Medha Vishram Kulkarni; not present. Shri Lahar Singh Siroya.

Contents Page

...(*Interruptions*)... Okay1 Dr. Ajeet Madhavrao Gopchade; not present. Then, Dr. Anil Sukhdeorao Bonde.

डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज मैं केंद्रीय बजट, वित्त वर्ष 2026-27 के विनियोग विधेयक (संख्यांक 2) पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इसके लिए समय दिया है। माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का जो लोक सभा में भाषण हुआ है, मैंने उसको बड़े गौर से सुना। क्योंकि आज विश्व जिस स्थिति में है, उसके बारे में हम बोल सकते हैं कि संपूर्ण विश्व एक युद्धमय स्थिति में है और उसके कारण एक तकलीफ से गुज़र रहा है, एक संकट से जा रहा है, इसी के परिणामस्वरूप प्रत्येक देश को कुछ न कुछ, किसी स्वरूप में भुगतना पड़ रहा है। आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश के मुखिया के रूप में समझाते हैं कि भारत में कैसे-कैसे बदलाव हुए हैं और उनकी वजह से विश्व में जो हलचल है, उसके परिणाम भारत में सबसे कम पड़ रहे हैं।

महोदय, पहले रेलवे डीज़ल पर चलती थी, लेकिन 2014 के बाद पूरे रेलवे का विद्युतीकरण किया गया, इसीलिए हमारा डीज़ल का इम्पोर्ट कम हो गया। बायो-इथेनॉल की ब्लेंडिंग पेट्रोल में की गई। मैं इसके लिए प्रधान मंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ और आभार भी व्यक्त करता हूँ कि इथेनॉल की ब्लेंडिंग की गई, इसीलिए 20 परसेंट पेट्रोल, जिसकी खपत भारत में होती है, इम्पोर्ट करना पड़ता है, हमारा वह 20 परसेंट पेट्रोल बच गया। आज हम विद्युत निर्मिति में, अपारंपरिक ऊर्जा में, रिन्यूएबल एनर्जी में 250 Giga Watt तक पहुँच गए हैं। आज 40 लाख घरों में 'सूर्यघर योजना' लागू हो गई है और उसकी वजह से हमारे बिजली के उत्पादन पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

महोदय, मैं इस विनियोजन विधेयक के माध्यम से कहना चाहता हूँ कि जो रिफॉर्म एक्सप्रेस बनी है, उस रिफॉर्म एक्सप्रेस के माध्यम से भारत में पूरा परिवर्तन आ रहा है और हम विकसित भारत 2047 की तरफ बढ़ रहे हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण पहल कौन-सी होगी? इसमें मानवीय संसाधन, यानी ह्यूमन कैपिटल सबसे महत्वपूर्ण है। इस ह्यूमन कैपिटल को यूटिलाइज करना होगा। आज हमारी डेमोग्राफी ऐसी है कि हमारी यंग जनरेशन सबसे बड़ी संख्या में है, जो कि प्रोडक्टिव हो सकती है। लेकिन प्रोडक्टिव बनाने के लिए उनकी तरफ ध्यान देना पड़ेगा और उसके लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी यंग जनरेशन का मोरल भी बढ़ाते हैं, उनमें कौशल विकसित करने की योजना भी बनाते हैं और उनको देश में और देश के बाहर कहाँ-कहाँ रोजगार मिल सकता है, उसकी तरफ भी ध्यान देते हैं। महोदय, ह्यूमन कैपिटल कितनी महत्वपूर्ण है? ह्यूमन कैपिटल, यानी मिट्टी का गोला। यदि कुम्हार ने मिट्टी को अच्छे से आकार दिया, तो वह बर्तन में परिवर्तित हो सकता है; लेकिन अगर आकार नहीं दिया, तो वह डिस्ट्रक्टिव भी हो सकता है। इसी वजह से मोदी जी ने कौशल विकास को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी है। युवाओं का कौशलवर्धन होना चाहिए और विभिन्न क्षेत्रों में जो स्थानीय प्रतिभाएं हैं, उनको विकसित करने के लिए भी विशेष बल दिया गया है। 'वोकल फॉर लोकल' पर कहूं, तो प्रधान मंत्री जी की 'मन की बात' हर एक ने सुनी है। हर 'मन की बात' में, देश के विभिन्न कोनों में जो हैंडिक्राफ्ट्स बनते हैं, जो टॉयज बनते हैं, संसाधनों का जो निर्माण होते हैं – जो मानव द्वारा निर्मित होते हैं, इससे

Contents Page

उनका कौशल बढ़ता है और मार्केटिंग भी होती है - मैं मार्केटिंग पर यह भी बोल सकता हूं कि जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी 'मन की बात' में बोलते हैं, तो उसकी मार्केटिंग अपने आप हो जाती है। वे बार-बार कहते हैं कि अपने देश की जो सबसे अच्छी चीज़ है, उसके बारे में बार-बार बोलिए, वोकल फॉर लोकल हो जाइए। उसी का यह परिणाम है कि महिला बचत गटों, महिलाओं, कारीगरों के हाथों को अच्छी तरह से रोजगार मिल सकता है। महोदय, इस बजट में शिक्षा से रोजगार एवं उद्यमिता पर विशेष ध्यान दिया गया है, क्योंकि शिक्षा का मकसद सिर्फ नौकरी दिलाना नहीं है। मैकाले ने हमें शिक्षा दी थी, क्योंकि उसे अंग्रेज़ सरकार के लिए नौकर तैयार करने थे, उसे क्लर्क बनाने थे, उसे बाबू बनाने थे, अंग्रेज़ों का शासन चलाने के लिए लोग तैयार करने थे। लेकिन, शिक्षा को लेकर आज हमारा उद्देश्य यह है कि उससे रोजगार निर्माण होना चाहिए, उद्यमिता पनपनी चाहिए और उसके लिए स्थायी समिति के गठन का प्रस्ताव इस बजट में रखा गया है। लक्ष्य यह है कि 2047 तक वैश्विक सेवा में हमारी हिस्सेदारी दस प्रतिशत तक पहुंचनी चाहिए। इसकी वजह से उच्च वृद्धि, रोजगार और निर्यात की संभावना जिन-जिन क्षेत्रों में है, उन्हें प्राथमिकता मिल सकती है।

सर, इस बजट में टीयर-2, टीयर-3 के नगरों में आईसीएआई, आईसीएसआई, आईसीएमएआई जैसे व्यावसायिक संस्थानों के द्वारा मॉड्यूलर पाठ्यक्रम तथा व्यावहारिक साधन विकसित करके कॉरपोरेट मित्र निर्माण करने की संभावना है। इस कॉरपोरेट मित्र के माध्यम से मुख्य औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक कॉरिडोर विकसित हो सकते हैं। इस बजट में यही अंतर्भूत किया गया है कि पाँच विश्वविद्यालय नगर समूह राज्य विकसित करेगा और इसके लिए केंद्र सरकार सहायता प्रदान करेगी। इस पाँच विश्वविद्यालय नगर समूह में क्या होगा? इसमें विश्वविद्यालय होगा, अनुसंधान संस्थान होगा, कौशल केंद्र होगा और आवासीय सुविधाएं होंगी। हमारे मित्र भीम सिंह जी ने बोला कि जय अनुसंधान, तो इसमें अनुसंधान संस्थान महत्वपूर्ण है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हेल्थ के क्षेत्र को देखा जाए, तो आज हमारे यहाँ अच्छे नर्सेज़ ट्रेन होते हैं, हमारे यहाँ जेरियाट्रिक केयर करने वाले अच्छे वॉलंटियर्स निर्माण होते हैं। हम आज डेमोग्राफिक पैटर्न देखते हैं, तो जापान, अमेरिका जैसे देशों में वृद्धों की सहायता करने वाले, वृद्धों को हेल्थ की मदद करने वाले लोग निर्माण नहीं होते। इनका निर्माण सहायक स्वास्थ्य पेशेवर, एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल अच्छी तरह से कर सकते हैं। इसमें पाँच वर्षों में एक लाख स्वास्थ्य पेशेवर निर्माण किए जा सकते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अकाउंटिंग बहुत महत्वपूर्ण है और यह लेखाकार निर्माण भी इस बजट के माध्यम से निश्चित ही किया जाता है। महोदय, किसानों के बारे में आज प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने भी बोला कि हम प्राकृतिक खेती की तरफ तो प्रोत्साहन दे ही रहे हैं, लेकिन देश का अनाज भंडारण पूर्ण रहे, इसके लिए यूरिया, डीएपी जैसे उर्वरकों की जरूरत भी रहेगी। खरीफ का सीजन आने वाला है और वैश्विक स्थिति ऐसी है! हमारे यहाँ पर यूरिया का प्रोडक्शन नए उद्योगों द्वारा निश्चित ही किया जा रहा है, लेकिन आज वैश्विक बाजार में यूरिया की कीमत 3,000 रुपये प्रति बोरा है। मैं सभी किसानों की ओर से प्रधान मंत्री जी का इसलिए अभिनंदन कर रहा हूँ कि आज भी वह बोरा किसानों को 265 रुपये में मिलता है, यानी कि भाव बढ़ गए, लेकिन

Contents Page

2014 से यूरिया का भाव नहीं बढ़ा है। किसानों की जेब में से 265 रुपये ही जा रहे हैं, जबकि विश्व में इसका भाव 3,000 रुपये प्रति बोरा है। ऐसा ही डीएपी के संबंध में भी है, यानी कि जिन किसानों को यूरिया और उर्वरक की जरूरत है, वह जरूरत पूरी करने का पूरा जिम्मा माननीय प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है। स्वामीनाथन आयोग ने बोला था कि सिर्फ धान की खेती, गेहूं की खेती से किसान आत्मनिर्भर नहीं हो सकता है, उसकी आमदनी दुगुनी नहीं हो सकती है। इसके लिए हाई वैल्यू क्रॉप्स इम्पॉर्टेंट है और किसान के माध्यम से हाई वैल्यू क्रॉप्स कम से कम 15 प्रतिशत होना चाहिए। जो तटीय किसान हैं, उन किसानों को समृद्ध करने के लिए नारियल, चंदन, कोको, काजू, उत्तर-पूर्व में वृक्ष-आधारित उत्पादन, पर्वतीय क्षेत्रों में बादाम, अखरोट, पाइन नट के लिए सहायता इस वक्त दी जाने वाली है। इस विनियोग विधेयक के माध्यम से नारियल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विशेषतया जिन राज्यों में नारियल के पुराने बाग हैं, उन नारियल के पुराने बागों के स्थान पर नए पौधे लगाकर उत्पादकता बढ़ाई जाएगी। भारतीय काजू और कोको के लिए एक समर्पित उप-कार्यक्रम के द्वारा 2030 तक भारत को आत्मनिर्भरता बनाना और वैश्विक ब्रांडों में अपने भारतीय काजू और कोको का ब्रांड लाने का लक्ष्य भी निश्चित रखा है।

महोदय, हम तिलहन में अभी भी आत्मनिर्भर नहीं है। तिलहन की आत्मनिर्भरता हेतु सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी आदि तिलहन समूह का विकास करने के लिए राज्यों को सहायता प्रदान करने का इसमें संपूर्णतया नियोजन किया गया है। इसमें Agri Stack, यानी किसानों के लिए भी टेक्नोलॉजी की व्यवस्था होनी चाहिए और उनके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भी आनी चाहिए। इसलिए सभी किसानों को Agri Stack portal पर रजिस्टर करना और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा बहुभाषी AI उपकरण को प्रयोग में लाने जैसे कार्य किए जाएंगे। जैसे कोई मराठी में बोलता है, कोई कन्नड़ में बोलता है, कोई तमिल में बोलता है, तो वह अपनी भाषा में प्रश्न पूछेगा और उसका उत्तर भी उसे अपनी ही भाषा में मिलेगा। वह अपनी किसानी करते वक्त उसका अच्छे से इस्तेमाल कर सकता है।

महोदय, मत्स्य ऐसा क्षेत्र है कि एक किसान के पास यदि farm pond भी होगा, तो वह अच्छी तरह से farm pond में 1 लाख रुपये का उत्पादन साल में कर सकता है। 'बासा' नाम की मछली सभी जगह पर उपलब्ध है। महाराष्ट्र का कर्जत एरिया है, वहां पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना में बहुत सारे किसान अपने farm pond में मत्स्य पालन कर रहे हैं। 500 जलाशय तथा जितने भी अमृत सरोवर बने हैं, उनके माध्यम से इसकी श्रृंखला बनाकर मत्स्य उत्पादन अच्छी तरह से बढ़ सकता है। कृषि की आय में 16 परसेंट शेयर पशुधन विकास का हो सकता है और पशुधन विकास में मेंढी पालन, यानी बकरी पालन, वराह पालन, डेयरी आदि आ सकती है। उसके लिए जो प्रोजेक्ट बनाए हैं, स्पेशली जो drought-prone area है, जो farmer suicide prone area है, वहां किसानों की integrated farming, एकात्मक खेती के माध्यम से आय बढ़ाने की कोशिश की जाती है। स्वामीनाथन आयोग ने बोला था कि ग्रीन रिवोल्यूशन में किसान को बार-बार बताया गया कि उत्पादन बढ़ाओ, प्रोडक्टिविटी बढ़ाओ, तो उसने प्रोडक्टिविटी बढ़ाई, लेकिन प्रोडक्टिवविटी बढ़ाने के बाद भी उसकी जेब में ज्यादा पैसे नहीं आए। पहले प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के किसानों के उत्पादन के साथ में उसके उत्पन्न का भी विचार किया, यानी इन्कम का भी विचार किया कि फार्मर की इन्कम जनरेशन बढ़नी चाहिए। इन्कम जनरेशन तभी

Contents Page

बढ़ सकती है, जब उसका उत्पादकता मूल्य कम होगा और उसके उत्पादकता की वैल्यू ज्यादा होगी। उसके लिए हर खरीफ और रबी की फसल से पहले एमएसपी के भाव जाहिर किए जाते हैं। एमएसपी भी ऐसी दी है कि A2+FL, उसका उसका डेढ़ गुना हर साल दिया जाता है। आज चने की एमएसपी के भाव 5,800 रुपये हैं। आज महाराष्ट्र में सभी जगह पर जाएंगे, तो जिसको हम दलहन बोलते हैं, उसमें चने की खरीद, तूर की खरीद आदि अच्छी तरह से हो रही है। इसकी खरीदी मार्किट इंटरवेंशन के कारण भी डाउन नहीं होती है। अगर सरकार इसकी खरीदी बंद कर दे, तो व्यापारी मार्किट की प्राइस डाउन करते हैं। लेकिन सरकार का जो इंटरवेंशन है, चाहे वह नाफेड के माध्यम से हो, चाहे एनसीसीएफ के माध्यम से हो, चने की खरीदी, तुअर की खरीदी, यह अच्छी तरह से हो रही है। ...(**समय की घंटी**)... ये सब चीजें, जो अंतर्भूत की गई हैं, उनकी वजह से किसानों को भी सहायता मिलती है।

सर, मैं एक आखिरी शब्द बोलना चाहता हूं। प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने युवा पीढ़ी का मोरल बढ़ाया और वह हमको टी-ट्वेंटी क्रिकेट में भी दिखता है। टी-ट्वेंटी क्रिकेट में हम तीसरी बार फाइनल जीत कर आ गए। प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी ने सिर्फ क्रिकेट वालों को ही नहीं, बल्कि जो दिव्यांगजन खेलने जाते हैं, उनको भी खुद के घर में खाना खिला कर, उनको लाड़-प्यार देकर उनका मोरल बढ़ाया। इस तरह से नरेन्द्र मोदी जी युवा पीढ़ी का मोरल बढ़ने वाले प्रधान मंत्री हैं और वे ही हमें 2047 तक विकसित भारत की ओर लेकर जाने वाले हैं। इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और अपने शब्दों को विराम देता हूं। जय हिंद! जय भारत!

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you. Hon. Members, further discussion on the Appropriation (No.2) Bill, 2026 will continue tomorrow. We will now proceed to Special Mentions. Now, Dr. K. Laxman.

SPECIAL MENTIONS

Concern over protection and dignity of domestic workers

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): Sir, I draw the attention of Government to the condition of domestic workers -- one of the most vulnerable segments of India's unorganized workforce. Domestic workers perform essential services such as cleaning, cooking, caregiving, and childcare, supporting millions of households and enabling the functioning of urban economies. According to the E-Shram portal, about 2.89 crore belong to the domestic and household workers category. A large proportion of them is women and migrants from economically weaker backgrounds. Despite their important role, most domestic workers continue to work without written contracts, fixed wages, social security coverage or proper grievance redressal mechanisms. The Government has taken important steps to support unorganized workers through initiatives such as the E-Shram portal and the Code on Social

Contents Page

Security, 2020, which aims to extend social security benefits to workers across sectors. However, domestic workers face unique challenges because their work takes place inside private homes, making regulation and protection difficult. Many remain vulnerable to irregular wages, long working hours, and sudden termination.

I, therefore, urge the Government to consider recognizing domestic workers as 'essential service' workers and to strengthen their inclusion in welfare programmes through better registration, access to social security, and effective grievance redressal mechanisms. Such steps will help ensure dignity, security, and fairness for millions of domestic workers as we move toward the vision of Viksit Bharat 2047.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Dr. K. Laxman:

Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh) Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur) and Dr. Bhim Singh (Bihar).

Now, Shri Madan Rathore.

Demand for Uniform Civil Code (UCC) in the Country

श्री मदन राठौड़ (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं देश के एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय, समान नागरिक संहिता (UCC) की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। भारत के संविधान का आर्टिकल 44 सभी नागरिकों को समानता का अधिकार देता है, परंतु विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार जैसे नागरिक मामलों में अलग-अलग समुदायों के लिए अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू होने के कारण कई बार महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल पाता है। एक ही देश में अलग-अलग नागरिक कानूनों का होना न्याय और समानता की भावना के अनुरूप नहीं है। इस दिशा में उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता को लागू कर देश के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह पहल महिलाओं को विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों में समान अधिकार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय की आवश्यकता पर बल दिया है। वर्ष 1985 में मोहम्मद अहमद खान वर्सेज़ शाह बानो बेगम के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, 1995 में Sarla Mudgal vs Union of India में भी न्यायालय ने सरकार से इस दिशा में कदम उठाने का आग्रह किया था। हाल में भी सर्वोच्य न्यायालय ने मुस्लिम महिलाओं के उत्तराधिकार से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि सभी महिलाओं को समान अधिकार सुनिश्चित करने के लिए 'समान नागरिक संहिता' एक प्रभावी उपाय हो सकता है।

Contents Page

अत: मेरा सरकार से आग्रह है कि 'समान नागरिक संहिता' के विषय में आवश्यक विधायी पहल की जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Madan Rathore:

Shri Kesridevsinh Jhala(Gujarat), Shri Chunnilal Garasiya (Rajasthan), Shri Mayankkumar Nayak (Gujarat), Shri Rambhai Mokariya (Gujarat), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Dr. Bhim Singh (Bihar), Shri Naveen Jaini (Uttar Pradesh), Dr. Parmar Jashvantsinh Salamsinh (Gujarat), Shri Paka Venkata Satyanarayana (Andhra Pradesh), and Shri Sat Paul Sharma (Jammu and Kashmir).

Now, Shriman P. Wilson.

Concern over tariff fixed in Kundankulam Nuclear power plant 3 and 4

SHRI P. WILSON (Tamil Nadu): Thank you, Vice-Chairman Sir, for allowing me to raise an important Special Mention. The subject which I am raising is concern over the tariff fixed for Kudankulam Nuclear Power Plant Units 3 and 4. Sir, the indicative tariff of rupees 5.9179 per unit (base), communicated by the Department of Atomic Energy for electricity from Kudankulam Nuclear Power Plant Units 3 and 4—that is, 2000 megawatts—expected to be commissioned during 2026 to 2027, raises serious concern. This marks a sharp increase over the existing tariff range of rupees 3 to rupees 4.10 per unit from Units 1 and 2 and is significantly higher than the prevailing competitive benchmarks, including renewable energy with storage. The Tamil Nadu Power Distribution Corporation Limited has highlighted that such a tariff structure, combined with the must-run nature of nuclear power, would impose a substantial long-term financial burden on Tamil Nadu and other southern States. It has, therefore, sought a comprehensive review, including re-examination of capital cost, financing assumptions, return on equity, depreciation, and the introduction of phased or back-loaded recovery mechanisms. Further, the enactment of the SHANTI Act 2025, enabling private participation in the nuclear sector, raises additional concerns regarding tariff escalation. At present, nuclear tariffs are determined administratively without independent regulatory oversight by bodies such as the Central Electricity Regulatory Commission or State Electricity Regulatory Commissions.

Contents Page

In this context, I urge the Government to immediately review and rationalize the tariff for these units, ensure equitable allocation to the home State, and bring nuclear power pricing under an independent and transparent regulatory framework to safeguard consumer interest.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri P. Wilson:

Shri Niranjan Bishi (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), and Shrimati Rajathi (Tamil Nadu).

Now, Shriman - Shri Ryaga Krishnaiah; not present. Shriman Neeraj Dangi.

Concern over delay in implementation of Delhi Land Pooling Policy and finalization of Master Plan Delhi-2041

SHRI NEERAJ DANGI (Rajasthan): Mr. Vice-Chairman, Sir, I wish to draw the attention of this august House to the prolonged delay in implementing the Delhi Land Pooling Policy (LPP) and finalising the Master Plan for Delhi MPD-2041, both of which are critical to planned urban development in the National Capital. The Land Pooling Policy was first notified in 2013 as a transformative reform intended to enable participatory planned urban expansion through voluntary land pooling by landowners. However, subsequent modifications introduced in 2018, including the reduction of the floor area ratio from 400 to 200 and the mandatory consortium formation requirement, have created practical difficulties for small and individual landowners. As a result, even after more than a decade since the original notification, the policy remains largely unimplemented. This prolonged uncertainty has caused severe hardship to farmers, villagers and middle-class investors who had placed their faith in the promise of affordable housing and planned development. Many landowners invested their life savings through cooperative and welfare societies, expecting that the policy would unlock development opportunities. Instead, their lands remain locked, infrastructure development has stalled and frustation has led to an increase in litigation. The situation has further aggravated by the delay in finalizing the Master Plan, Delhi-2041, which is essential for enabling sector planning and infrastructure roll-out. In the absence of this overarching planning framework, implementation of the Land Pooling Policy has effectively come to a standstill. I, therefore, urge the Government to consider mission-mode implementation of the Land Pooling Policy with a clear and time-bound roadmap, rationalise procedural bottlenecks affecting small landowners,

Contents Page

establish an appropriate institutional mechanism for coordinated execution and expedite the final notification of Master Plan, Delhi-2041, so that planned development, investor's confidence, and the aspirations of lakhs of landowners can be restored. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Neeraj Dangi:

Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Subhasish Khuntia (Odisha), Ms. Swati Maliwal (National Capital Territory of Delhi), Shri Ashok Singh (Madhya Pradesh), Shrimati Phulo Devi Netam (Chhattisgarh), Shri G.C. Chandrashekhar (Karnataka), Shri P. Wilson (Tamil Nadu) and Shrimati Rajathi (Tamil Nadu).

Now, Shriman Sanjay Seth.

Demand for Implementation of a drone-based surveillance system to prevent deaths caused by over-speeding on national highways

SHRI SANJAY SETH (Uttar Pradesh): Sir, I thank you for allowing me to make my Special Mention on demand for implementation of drone-based surveillance system to prevent deaths caused by over-speeding on National Highways. महोदय, सड़क परिवहन मंत्रालय के 2023 के आँकड़ों के अनुसार, देश में 3,28,727 दुर्घटनाएँ और 1,17,682 लोगों की मौत केवल 'ओवर स्पीडिंग' के कारण हुईं। यह स्पष्ट है कि अनियंत्रित गति हमारी सड़कों पर सबसे बड़ा संकट है। सरकार ने 2021 में 'नियम 167A' लागू कर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी अनिवार्य की थी, लेकिन मौजूदा fixed cameras की एक बड़ी कमी है, जिसके कारण वाहन चालक केवल कैमरा लगे स्थानों पर गति धीमी करते हैं और blind spots, यानी जहाँ camera नहीं है, वहाँ आते ही पुनः तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं। इस खामी को दूर करने के लिए 'ड्रोन सर्विलांस' का प्रयोग एक सकारात्मक कदम होगा, क्योंकि कैमरे से लैस ड्रोन लंबी दूरी तक निरंतर निगरानी कर सकते हैं। ड्रोन तकनीक का उपयोग केवल गति नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 'गलत दिशा में ड्राइविंग' और 'लेन अनुशासन' के उल्लंघन को भी पकड़ने में सक्षम है।

अतः मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि देश के high-risk राष्ट्रीय राजमार्गों पर तत्काल प्रभाव से Drone-based Enforcement System का एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाए और ड्रोन द्वारा रिकॉर्ड की गई ड्राइविंग की फुटेज को सीधे वाहन डेटाबेस और ई-चालान सिस्टम से जोड़ा जाए, ताकि उल्लंघनकर्ताओं पर रियल-टाइम कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त 'नियम 167A' का विस्तार करते हुए, उन patches की पहचान की जाए और जहाँ फिक्स्ड कैमरे नहीं हैं, वहाँ ड्रोन तैनात किए जाएँ तथा इस नई तकनीक के लिए राज्य सरकारों

Contents Page

को ड्रोन यूनिट्स की खरीद और संचालन के लिए 'सड़क सुरक्षा कोष' से विशेष आवंटन प्रदान किया जाए। यह कदम भारत की सड़कों को सुरक्षित बनाने में 'मील का पत्थर' साबित होगा।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Sanjay Seth:

Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Dr. Sumer Singh Solanki (Madhya Pradesh), Shri Baburam Nishad (Uttar Pradesh), Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shri Babubhai Jesangbhai Desai (Gujarat), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Shri Niranjan Bishi (Odisha) and Shri Sadanand Mhalu Shet Tanavade (Goa).

Thank you. Now, Dr. Fauzia Khan.

Need for a national legal framework to ensure social security and algorithmic accountability for platform and Gig workers

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I seek to draw attention of the Government to the precarious lives of India's 7.7 million gig and platform workers. This workforce, comprising our delivery riders and cab drivers, is projected to grow to 23.5 million by 2030. They are the visible pillars of our urban economy, yet they remain legally invisible. While the Code on Social Security, 2020, formally recognized these workers, they still lack an enforceable floor of protection. Independent reports indicate that 95 per cent of these workers have no insurance and 90 per cent have zero savings for emergencies. Most distressingly, workers face arbitrary deactivation where their livelihood is terminated overnight by an algorithm without notice or a hearing. While States like Rajasthan and Karnataka have pioneered welfare boards, a National Act is now essential to ensure uniform rights across State boundaries. I request for a solution-oriented approach based on three pillars. There is a need to establish a Welfare Fund, financed by a 2 per cent transaction levy on aggregators to provide accident insurance and maternity benefits; granting workers the right to know, how they are scored and prohibiting ID blocking without human review; and, finally, setting up quasi-judicial authorities to resolve disputes in a time-bound manner. Sir, I urge the Government to implement a comprehensive national framework to protect the rights and livelihoods of gig workforce.

Contents Page

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Dr. Fauzia Khan:

Shri P. Wilson (Tamil Nadu), Shrimati Rajathi (Tamil Nadu) and Shri Niranjan Bishi (Odisha).

Now, Shri Sat Paul Sharma.

Demand for Religious Border Tourism in Jammu and Kashmir

श्री सत पाल शर्मा (जम्मू-कश्मीर): महोदय, मैं आज सरकार का ध्यान एक ऐसे विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जो सांस्कृतिक तथा विकासात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर में धार्मिक सीमा पर्यटन की संभावनाओं की ओर, विशेषकर नियंत्रण रेखा (LOC) के निकटवर्ती क्षेत्रों में तथा उन अवसरों की ओर, जो सांस्कृतिक पुनर्जागरण और सीमा क्षेत्र के समुदायों के सशक्तीकरण के लिए उपलब्ध हैं, की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ।

प्रारम्भ में, मैं सरकार का ध्यान इस ओर ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि जम्मू-कश्मीर प्राचीन मंदिरों, तीर्थ-स्थलों और सदियों पुराने पूजा-केन्द्रों के रूप में अत्यंत समृद्ध तथा सांस्कृतिक विरासत का धनी रहा है। इनमें से अनेक स्थल सीमा और अर्ध सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित हैं। धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने से सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक तथा आजीविका संबंधी अवसर भी उत्पन्न होंगे, जैसे - होम स्टे, मार्गदर्शक सेवाएँ, स्थानीय परिवहन, अतिथि गृह, हस्तशिल्प तथा स्थानीय भोजन से संबंधित गतिविधियाँ। यात्री निवास तथा होम स्टे जैसी पहलों के माध्यम से उन लोगों को स्थिर आय का साधन उपलब्ध कराया जा सकता है, जिनके पास इन दुर्गम क्षेत्रों में आजीविका के विकल्प अत्यंत सीमित होते हैं। इस दिशा में केंद्रित विकास न केवल समावेशी होगा, बल्कि वह सामाजिक उत्थान का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूँ कि वह एक समग्र दृष्टिकोण अपनाए, जिसमें स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए तथा सुरक्षा और सुगमता, दोनों के बीच उपयुक्त संतुलन स्थापित किया जाए, ताकि पवित्र स्थल, सीमावर्ती ग्राम तथा संवेदनशील समुदाय विकास की मुख्य धारा से वंचित न रहें।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Sat Paul Sharma:

Shri Maharaja Sanajaoba Leishemba (Manipur), Shrimati Rekha Sharma (Haryana), Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh), Shri Madan Rathore (Rajasthan), Dr. Parmar Jashvantsinh Salamsinh (Gujarat) and Shri Niranjan Bishi (Odisha).

Contents Page

Shri A. D. Singh, not present. Shri Satnam Singh Sandhu.

Need for a Metro Network in the Chandigarh Tri-City.

श्री सतनाम सिंह संधू (नामनिर्देशित): महोदय, Chandigarh, Mohali और Panchkula को मिलाकर बना यह ट्राई-सिटी उत्तर भारत का तेजी से बढ़ता urban cluster है। इसके साथ Kharar, Zirakpur, Dera Bassi, Lalru, Kurali, Rupnagar, Pinjore, Kalka और Ambala जैसे अहम शहर जुड़े हुए हैं। इन क्षेत्रों की कुल आबादी 40 लाख है। चंडीगढ़ tricity 8.02% CAGR रेट से बढ़ रही है और 2041 तक इसकी आबादी 40 लाख को पार कर जाएगी। ऐसे में यदि एक व्यापक मेट्रो नेटवर्क विकसित किया जाए, तो वह Kharar, Kurali, Rupnagar, Morinda, Zirakpur, Dera Bassi, Pinjore और Kalka जैसे industrial तथा educational hubs को बेहतर connectivity प्रदान करेगा।

वर्ष 2031 तक प्रस्तावित मेट्रो नेटवर्क की daily ridership लगभग 2.5 लाख तक पहुँच सकती है। यदि मेट्रो जैसी आधुनिक व्यवस्था विकसित नहीं की गई, तो ट्राई-सिटी में वाहनों की औसत गति वर्तमान 25-30 किमी/घंटा से घटकर 15 किमी/घंटा से भी कम रह सकती है। प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में देश में Metro Rail Network का unparallel विस्तार हुआ है। 2014 से पहले देश के केवल 5 शहरों में मेट्रो सेवाएँ थीं, जबकि आज यह नेटवर्क 25 से अधिक शहरों तक पहुँच चुका है। इसलिए मेरी मांग है कि Chandigarh Tri-City Region के लिए मेट्रो नेटवर्क के विकास की संभावनाओं पर प्राथमिकता से विचार किया जाए, ताकि यह क्षेत्र sustainable शहरी परिवहन और क्षेत्रीय विकास का आदर्श मॉडल बन सके।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Satnam Singh Sandhu:

Shri Niranjan Bishi (Odisha), Shri Sat Paul Sharma (Jammu and Kashmir) and Shri Subhash Barala (Haryana).

Now, Dr. John Brittas; not present.

The House stands adjourned to meet at 11.00 A.M. on Tuesday, the 24th March, 2026.

The House then adjourned at fifty-one minutes past five of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 24th March, 2026.

Contents Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)